राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ इम्तियाज अली और संजय लीला ...



आचार्य सत्येंद्र दास जी का निधन ... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 13 फरवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 343, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन, 85 साल की उम्र में लखनऊ पीजीआई में ली आखिरी सांस

**अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या में भगवान रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 85 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लखनऊ पीजीआई में बुधवार को आखिरी सांस ली। उन्हें 3 फरवरी को स्ट्रोक के कारण गंभीर हालत में न्यूरोलॉजी वार्ड के एचडीयू में भर्ती कराया



गया था। अस्पताल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी श्री सतेंद्र दास जी ने आज अंतिम सांस ली।

सत्येंद्र दास 34 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे। 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे। तब से लेकर आज तक राम लला की सेवा कर रहे थे। सत्येंद्र दास का जन्म संतकबीरनगर जिले में 20 मई, 1945 में हुआ हुआ था। जो अयोध्या से 98.4 किमी की दूरी पर है। वे बचपन से ही भक्ति भाव में रहते थे। उनके पिता अकसर अयोध्या आया करते थे, वह भी अपने पिता के साथ अयोध्या घूमने आया करते थे। यहां उनके पिता अभिरामदास जी के आश्रम में आते थे। सत्येंद्र दास भी अभिराम जी के आश्रम में आने लगे थे। अभिराम दास वही थे, जिन्होंने राम जन्मभूमि में 22-23 दिसंबर 1949 में गर्भगृह में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और सीता जी मूर्तियों के प्रकट होने का दावा किया था। इन्हीं मूर्तियों के आधार पर आगे की लड़ाई लड़ी गई।

### महाकुंभ भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं को दी गई जलांजलि

**महाकुंभ नगर (आरएनएस)।** जलांजलि और तिलांजलि दी गई। दरअसल, माघ पूर्णिमा के स्नान से पहले भारतवर्षीय धर्म संघ, स्वामी करपात्री फाउंडेशन, वैदिक कायाकल्प संस्थान द्वारा गंगा घाट पर पहुंचकर मंत्रोच्चारण किया गया। इस दौरान उन्होंने मौनी अमावस्या पर भगदड़ के दौरान मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए तिलांजलि दी गई। अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ के महंत गुण प्रकाश चैतन्य ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, देश में अनूठा कार्य आज से नहीं बल्कि अनादिकाल से चला आ रहा है। मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर जो घटना घटित हुई थी, उन दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए आज



तिलांजलि दी गई है। आज के दिन चतुर्दशी और पूर्णिमा का पावन पर्व शुरू हुआ है, इसी वजह से उन दिवंगत आत्माओं को जलांजलि और तिलांजलि दी गई, ताकि मृत आत्माओं को मोक्ष मिल सके। हम यहां आने वाले लोगों से भी अपील करेंगे कि वह भी मृतकों को श्रद्धांजलि दें। मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में भगदड़ की घटना हुई थी। इस घटना में कम से कम 30 श्रद्धालुओं की मौत गई थी और कई लोग घायल भी हुए थे। बता दें कि मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। ज्ञात हो कि महाकुंभ की शुरूआत 13 जनवरी को हुई थी। इसका समापन 26 फरवरी को होगा।

### हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब के 225 कार्टून कन्टेनर सहित जब्त, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जयपुर (आरएनएस)।** अवैध शराब की तस्करी के विरूद्ध उदयपुर जिले की खेरवाड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर एक ट्रक कंटेनर से हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब के 225 कार्टून जब्त किये है। गिरफ्तार अभियुक्त नसरुदीन उर्फ वकील पुत्र हारुन खान निवासी मैंदापुर थाना फिरोजपुर जिला नूह हरियाणा प्लास्टिक के दानों की आड़ में अवैध शराब तस्करी कर अहमदाबाद ले जा रहा था। आरोपी 1200 किलोमीटर की दूरी तय कर लगभग गुजरात बॉर्डर तक पहुंच गया था, लेकिन सजग उदयपुर पुलिस ने धर लिया।


# हरियाणा में बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को ईसी ने किया खारिज,कांग्रेस बोली- सुप्रीम कोर्ट में भी दायर है याचिका

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने हरियाणा में होने वाले निकाय चुनाव को बैलेट पेपर से कराने की कांग्रेस की मांग को खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग के इस निर्णय पर हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक अशोक अरोड़ा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि भले ही चुनाव आयोग ने हमारी मांग को खारिज कर दिया है, लेकिन पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर रखी है। हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने कहा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की गई थी। हमने मांग की थी कि ईवीएम को लेकर देशभर में एक



प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में हारने के बाद कांग्रेस पार्टी के हारे हुए 18 उम्मीदवारों ने जीते हुए प्रत्याशियों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में ईवीएम को लेकर भी एक याचिका दायर की है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट में भी पार्टी की तरफ से एक याचिका दायर है। एक्ट में प्रावधान भी है कि चुनाव आयोग वोटिंग को बैलेट पेपर या ईवीएम से करा सकता है। मगर चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव बैलेट से कराने की हमारी मांग को खारिज कर दिया है।

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज को भाजपा द्वारा कारण बताओ नोटिस भेजे जाने पर अशोक अरोड़ा ने कहा, ये उनका (भाजपा) अंदरूनी मामला है, लेकिन जितना मुझे इस मामले के बारे में पता चला है, मैं इसे अनुशासनहीनता नहीं मानता हूं। उन्होंने (अनिल विज) ने अपनी पार्टी के अध्यक्ष को सिर्फ सलाह दी थी, वो इसके खिलाफ नहीं थे। हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात करके बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग की थी। हालांकि, चुनाव आयोग ने स्पष्ट कहा है कि हरियाणा में निकाय चुनाव ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) से होंगे।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल कैवल्य त्रिविक्रम परनायक से मुलाकात की।

## महाकुंभ मेला: संगम में डुबकी लगाते ही बुजुर्ग के हाथ लगी एक अनोखी चीज, देखने के लिए दूर-दूर से आ रहे श्रद्धालु; बोले- असंभव!

**प्रयागराज (आरएनएस)।** महाकुंभ के जश्न में जुटे श्रद्धालुओं का सैलाब दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। माघ पूर्णिमा के दिन सुबह आठ बजे तक 1.4 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और आने वाले भक्तों का सिलसिला अभी भी जारी है। इसी

> **इस घटना ने प्रयागराज में आने वाले भक्तों में उत्सुकता और चर्चा का माहौल पैदा कर दिया है**

बीच एक ऐसी घटना घटी, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। एक बुजुर्ग का दावा है कि संगम में डुबकी लगाते समय उनके हाथ एक अनोखे कछुए से लगे, जिसकी बॉडी पर पीले रंग में अंग्रेजी के अक्षर–जैसे, ए,बी,सी,डी –लिखे हुए थे। बुजुर्ग ने बताया कि अचानक अपने पैरों के पास हलचल महसूस होने पर उन्होंने पानी में हाथ डाला और उन्हें यह कछुआ मिला। उन्हें यह घटना इतनी अद्भुत लगी कि वे कछुए को अपने




साथ लेकर आए। इस घटना को लेकर कुछ लोग इसे महाकुंभ के दौरान हुई एक चमत्कारी घटना मान रहे हैं, जबकि अन्य इसे अंधविश्वास या धोखाधड़ी का मामला कहकर खारिज कर रहे हैं। कछुए की बॉडी पर लिखे अक्षरों को कुछ लोग प्राकृतिक पैटर्न या आकस्मिक निशान मानते हैं, वहीं कुछ इसे कुदरत के करिश्मे के रूप में देख रहे हैं।

इस घटना ने प्रयागराज में आने वाले भक्तों में उत्सुकता और चर्चा का माहौल पैदा कर दिया है। कछुए को देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आ रहे हैं, जबकि इसकी वास्तविकता को लेकर सवालों का सिलसिला जारी है। आगे क्या खुलासा होता है, यह समय ही बताएगा।

## पेपर लीक पर न्यायिक फटकार: हाईकोर्ट ने उठाए आरपीएससी की कार्यशैली पर सवाल

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में एसआई भर्ती घोटाले को लेकर हाईकोर्ट ने आरपीएससी की निष्क्रियता पर कड़ी नाराजगी जताई। जस्टिस समीर जैन की अध्यक्षता वाली बेंच ने आरपीएससी के कार्यवाहक चेयरमैन कैलाश चंद्र मीणा से सीधे सवाल किया–जब आयोग के दो सदस्यों के नाम सामने आए, तो एफआईआर दर्ज कराने की जिम्मेदारी आपकी नहीं थी?



**आरपीएससी में कुछ भी संभव– हाईकोर्ट**

हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए पूछा, क्या आरपीएससी का कोई धणी-धोरी है? अदालत ने कहा कि आयोग पूरे मामले में साइलेंट मोड में है, जबकि इतनी गंभीर अनियमितताएँ उजागर हो रही हैं।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने कोर्ट को बताया कि पहले आरपीएससी में इस तरह की गड़बड़ियाँ होती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा। इस पर हाईकोर्ट ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा–जो अब हो रहा है, वो 3-4 साल बाद पता चलेगा। ईडी की एंट्री तय, हाईकोर्ट सख्त

याचिकाकर्ता ने प्रवर्तन निदेशालय को पार्टी बनाने के लिए आवेदन दायर किया था। इस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अब इसकी जरूरत नहीं, क्योंकि अदालत पहले ही ईडी को जांच में शामिल करने के आदेश दे चुकी है।

**सदस्यों की नियुक्ति पर भी उठे सवाल**

हाईकोर्ट ने आरपीएससी में सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए और मौखिक टिप्पणी में कहा कि आयोग की कार्यप्रणाली पारदर्शी नहीं दिख रही है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि कोर्ट के इन तीखे सवालों के बाद सरकार और आयोग क्या रुख अपनाते हैं।

## गर्मजोशी से स्वागत



प्रधानमंत्री मोदी का फ्रांस के मार्सिले में भारतीय समुदाय द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## परीक्षा पे चर्चा: दीपिका पादुकोण ने बच्चों से कहा,अपने स्ट्रेस के बारे में माता-पिता और शिक्षकों से करें बात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भाग लिया, जहां वो अपने व्यक्तिगत अनुभवों को छात्रों संग शेयर करती नजर आईं। इसके साथ ही उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षा के दौरान तनाव को कैसे मैनेज करें इस पर भी बात की। चर्चा के दौरान दीपिका ने अपने बचपन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनका खेल और गतिविधियों के प्रति झुकाव था।

उन्होंने कहा, मैं बचपन में बहुत शरारती थी। आज भी मेरे माता-पिता कहते हैं कि आप दीपिका को कभी भी जमीन पर नहीं पाएंगे। मैं हमेशा सोफे, टेबल और कुर्सियों पर कूदती रहती थी। मुझे एक्स्ट्रा-करिकुलर (पाठ्येतर) गतिविधियों में अधिक रुचि थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दीपिका ने परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए धन्यवाद दिया। अभिनेत्री ने छात्रों से तनाव, शिक्षकों और अभिभावकों के दबाव से निपटने के बारे में



बात करने के साथ उन्हें सलाह भी दी, दीपिका ने कहा, उन चीजों पर फोकस करें जिन्हें आप कंट्रोल कर सकते हैं। अपने माता-पिता और शिक्षकों से अपने तनाव के बारे में बात करें, इसके कारण की पहचान करें और इसे किसी ऐसे व्यक्ति को बताएं जिस पर आप भरोसा करते हैं। उन्होंने छात्रों को तनाव से निपटने के प्रभावी तरीकों के रूप में ध्यान और व्यायाम का अभ्यास करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। दीपिका ने इस बात पर जोर दिया कि गलतियां करना सीखने का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने मौज-मस्ती, आराम के साथ प्रकृति और धूप के साथ की भी बात की।एक इंटरैक्टिव सीजन के हिस्से के रूप में उन्होंने एक गतिविधि आयोजित की जिसमें छात्रों ने कागज के टुकड़ों पर अपनी ताकत लिखी और उन्हें एक बोर्ड पर प्रदर्शित किया।

उन्होंने कहा, 'यह गतिविधि आपको यह एहसास कराती है कि यदि आप अपनी कमजोरियों के बजाय अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप देखेंगे कि आप कितनी चीजों में अच्छे हैं।

सीजन में एक मजेदार तत्व जोड़ते हुए दीपिका ने छात्रों के साथ कई गेम भी खेले। इससे पहले मंगलवार को, उन्होंने परीक्षा पे चर्चा में अपनी भागीदारी की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। उन्होंने शिक्षा में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और इस एपिसोड के बारे में उत्साह व्यक्त किया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के तनाव और दबाव से निपटने में छात्रों की मदद करने के प्रयासों की सराहना की थी।

**जयंती** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी गुरु रविदास की एक कविता के अंश के साथ सोशल मीडिया पर अपनी शुभकामनाएं साझा कीं

## गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए राहुल गांधी ने कहा, उनके आदर्श हमारा मार्गदर्शन करेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को गुरु रविदास जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। 15वीं और 16वीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन के एक पूज्य संत गुरु रविदास को एकता, भक्ति और मानवता की सेवा के अपने शक्तिशाली संदेश के लिए जाना जाता है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आप सभी को संत गुरु रविदास जी की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं। उनकी शिक्षा हमें मानवता की सेवा, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देती हैं - उनके ये आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी गुरु रविदास की एक कविता के अंश के साथ सोशल मीडिया पर अपनी शुभकामनाएं साझा कीं। खड़गे ने एक्स पर लिखा, कृस्न, करीम, राम, हरि, राघव, जब लग एक न पेखा।वेद कतेब कुरान, पुरानन, सहज एक नहिं देखा।

जात-पात, छुआछूत, आडंबर, अन्याय, भेदभाव, नफरत, असमानता व समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में एक नई चेतना जगाने वाले, सामाजिक न्याय के पुरोधा, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

केरल के वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, रैदास हमारो साइयां, राघव राम रहीम। सभ ही राम को रूप है, केसो क्रिस्न करीम॥ संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। गुरु रविदास जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार कर मानवता, समता, शांति और सद्भावना का संदेश दिया। उनके महान विचार देश को सदैव रास्ता दिखाएंगे।



इस अवसर पर कई राज्यों ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड ने राज्यव्यापी अवकाश घोषित किया है, जबकि दिल्ली सरकार ने भी सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

पंजाब और हरियाणा में चंडीगढ़, मोहाली, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरों में सरकारी कार्यालय और स्कूल बंद रहेंगे।

उत्तराखंड में सचिवालय और कोषागार को छोड़कर राज्य सरकार के सभी संस्थानों में बुधवार को अवकाश घोषित किया गया। राज्य सरकार स्वच्छता अभियान भी चलाएगी और गुरु रविदास के सम्मान में उनकी प्रतिमाओं को सजाएगी।

दिल्ली सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना में सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए अवकाश की पुष्टि की गई, जिससे राजधानी के निवासियों को पूज्य संत की जयंती मनाने की अनुमति मिल गई।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# उपले पाथ रही महिला को दबंग ने बेरहमी से पीटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** गांव बनैल निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी महिला बृजेश देवी पत्नी राजू की तहरीर पर गांव के ही आरोपी शीशपाल पुत्र बाबूलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि मंगलवार दोपहर को वह अपने बिटोरे में गोबर पाथ रही थी तभी आरोपी ने आकर उसके साथ गली गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर उसकी जमकर पिटाई कर दी। थाना प्रभारी रामफल सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जाँच कर उचित कारवाही की जाएगी

# श्री हेल्थी विंक हॉस्पिटल द्वारा जिला कारागार में हेल्थ कैंप का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जिला कारागार बुलन्दशहर में श्री हैल्थी विंग हॉस्पिटल, द्वारा कारागार में निरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु निःशुल्क हैल्थ चैकअप शिविर का आयोजन किया गया। हास्पिटल के मार्केटिग मैनेजर चन्द्र प्रकाश शर्मा के सहयोग से डा0 पुलकित जैन(हॉस्पिटल के जनरल सेक्रेटरी एवं ऑर्थो विशेषज्ञ), डा0 ऋषि फिजिशियन, डा0 हनी गायनेकोलॉजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) एवं नर्सिंग स्टाफ के 06 सदस्यों की टीम कारागार में उपस्थित हुई जिनके द्वारा 113 पुरूष बंदी एवं 23 महिला बंदी कुल 146 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार परामर्शित करते हुए दवाइयां उपलब्ध कराई गई। कारागार प्रशासन द्वारा चिकित्सीय शिविर के संचालन में सहयोग करने एवं सुव्यवस्था बनाये जाने के निमित्त श्री हैल्थी विंग हास्पिटल के चिकित्सकों/अतिथि जनों द्वारा कारागार के अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये।





# सीएससी में हुआ निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद ।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में डॉ आशीष मुदगल ने बताया कि लगभग 80 आँखों के मरीजों ने डॉ राकेश अरोरा व ऑप्टोमेट्रिस्ट कनिका शर्मा से आखों की जांच कराई। उनमें से लगभग 35 मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित करके उनकी आँखों का ऑपरेशन कराने के लिए आई केयर चिकित्सालय नॉएडा भेज दिया गया है। सीएमओ मंजू अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर का जायजा लिया व एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर मरीजों को नॉएडा के लिए रवाना किया। निःशुल्क नेत्र शिविर में डॉ राशिद, डॉ पी के यादव, डॉ हनीस चावला, के बी लाल सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।






# अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार ने अपने पिता मीर सिंह को धारा 304 अ के मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर न्यायालय द्वारा दोषमुक्त करते हुए कराया बा इज्जत बरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- न्यायालय एसीजेएम- प्रथम के न्यायाधीश मोहम्मद जुल्करनैन आलम ने सन 1992 में जहांगीराबाद थाने में दर्ज मुकदमे में 32 वर्ष बाद सुनाया अहम फैसला
- अधिवक्ता के परिवार में दौड़ी खुशी की लहर, अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार और पिता मीर सिंह ने कोर्ट और न्यायाधीश एवं अन्य सहयोगियों का दिया धन्यवाद

**बुलंदशहर।** न्यायालय एसीजेएम प्रथम बुलंदशहर के न्यायाधीश मोहम्मद जुल्करनैन आलम द्वारा अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार कनिष्ठ कार्यकारणीय सदस्य डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन बुलंदशहर की प्रभावी पैरवी पर अधिवक्ता के पिता मीर सिंह सेवानिवृत्त कलेक्ट्रेट निवासी गांव नगला ढकौली थाना अगौता को जहांगीराबाद थाने में 32 वर्ष पूर्व दर्ज मुकदमा संख्या 290 सन 1992 की धारा 304 ए, 429, 506 ,221 आईपीसी में दोषमुक्त करते हुए बा इज्जत बरी किया। शैलेंद्र कुमार एडवोकेट, कार्यकारिणी सदस्य, चेंबर नंबर- 11, सभागार प्रथम तल, कलेक्ट्रेट परिसर , डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, बुलंदशहर दोबारा बताया गया कि 32 वर्ष पूर्व मेरे पिता मीर सिंह के विरुद्ध एक झूठा मुकदमा संख्या 290 धारा 304 ए ,429, 506 , 201 आईपीसी में जहांगीराबाद थाने में सन 1992 में दर्ज हुआ था। जिसमें वादी विजय कुमार ने मेरे पिता मीर सिंह पर आरोप लगाया था कि मीर सिंह ने माह नवंबर 1992 को शाम अंधेरे में ट्रैक्टर से उसके भतीजे रामगोपाल का जहांगीराबाद क्षेत्र में टक्कर मार दी थी जिससे भतीजा रामगोपाल घायल हो गया उसका अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी मामला न्यायालय में विचाराधीन होने पर वादी के अधिवक्ता एवं न्यायालय के एपीओ द्वारा मेरे पिता के विरुद्ध गवाह और सबूत पेश किया किंतु मुझ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार द्वारा सभी गवाह और सबूत को झूठा साबित कर दिया गया। तथा अपने बचाव में सबूत पेश किया जिसे न्यायालय एसीजेएम प्रथम के न्यायाधीश मोहम्मद जुल्करनैन आलम द्वारा स्वीकार करते हुए दोनों पक्षों की बहस को अच्छी तरीके से सुनाओ और अहम फैसला देते हुए मुझे अधिवक्ता के पिता मीर सिंह को दोषमुक्त करते हुए बा इज्जत बरी कर दिया जिसका आदेश जारी कर दिया गया है। मुझे अधिवक्ता होने पर गर्व है मेरे माता-पिता ने मेहनत से मुझे एडवोकेट बनाया आज मैं उनके कुछ काम आ सका जिससे परिवार में खुशी है मैं आगे भी अन्य लोगों को ईमानदारी और मजबूती के साथ न्याय दिलाता रहूंगा।

मीर सिंह द्वारा बताया गया कि हमें कानून और न्यायालय पर पूरा भरोसा था कि हमें न्याय जरूर मिलेगा आज मेरे पुत्र शैलेंद्र कुमार एडवोकेट की प्रयास से 32 वर्ष पुराने झूठे मुकदमे में दोषमुक्त न्यायाधीश महोदय द्वारा किया गया है जिनका धन्यवाद देता हूं। ऊपर वाले के यहां देर है अंधेर नहीं।



# दुष्कर्म की घटना में वांछित बाइक सवार बदमाश पुलिस मुठभेड़ मे घायल अवस्था मे गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद**

**सिकन्द्राबाद ।** पुलिस टीम व स्वाट टीम बिल्सूरी इस्माईलपुर रोड स्थित ईंट भट्टा से आगे इस्माईलपुर गांव को मुड़ने वाले पहले रास्ते पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी तभी बिल्सूरी की तरफ से एक बाइक पर सवार 01 संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुका तथा बाइक को तेजी से मोड़कर इस्माईलपुर गांव की ओर भागने लगा तभी कुछ दूरी पर सिरोंधन जाने वाले रास्ते के पास तिराहे पर बदमाश की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई तभी अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 01. ईश्वर पुत्र कालू राम निवासी ग्राम सलेमपुर कायस्थ थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त उळ-100 बाइक बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं जिसके द्वारा दिनांक 08.02.2025 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत ईंख के खेत में 06 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-132/25 धारा 137(2)/65(2) बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट पंजीकृत हैं। जिसमें अभियुक्त की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम ईश्वर पुत्र कालू राम निवासी ग्राम सलेमपुर कायस्थ थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर गिरफ्तार बदमाश के पास से 01 बाइक सीटी-100 (यूपी 13 एएस 8834) (घटना में प्रयुक्त) 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा, 01 खोखा कारतूस अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं 145/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/287 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।



# समेकित शिक्षा में निहित है दिव्यांग बच्चों का सुनहरा भविष्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बी आर सी पर नोडल शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

**डिबाई।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के निदेशों पर दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में निरंतर सुधार की प्रक्रिया को जारी है। इसी क्रम में परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत विभिन्न दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों की शिक्षा में सुधार के लिए विद्यालय के प्रभारी नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा से संबंधित 5-5 दिवसीय प्रशिक्षण दो चरणों में हुआ। प्रशिक्षण में दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु शिक्षण की विभिन्न प्रविधियां , कक्षा कक्ष प्रबंधन ,पाठय सहगामी क्रियाएं एवं अधिगम स्तर के लिए सार्वभौमिक अभिकल्प, दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी, समर्थ मोबाइल / पोर्टल की जानकारी, निदानात्मक शिक्षण एवं इसके क्रियान्वयन के चरण, बुनियादी साक्षरता एवं अंक ज्ञान में सपोर्ट हेतु शिक्षण रणनीतियां, दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु प्रोत्साहन सुविधा, एवं अभिभावक परामर्श, होम बेस्ड एजुकेशन, अति गंभीर बच्चों के लिए होम बेस्ड एजुकेशन और विद्यालय सुगम्यता, सर्वेक्षण पर बी आर सी पर गहनता से प्रशिक्षण प्रदान किया गया । मास्टर ट्रेनर राज किशोर शर्मा ने बताया यह सभी शिक्षक प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने गांव के दिव्यांग बच्चों का प्रवेश अपने विद्यालय में कराकर उनके भविष्य को सुनहरा बनाएंगे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता सिंह ने कहा हम हमारे क्षेत्र का कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से अछूता न रहे, इस प्रशिक्षण में 69 नोडल टीचर सहित कुल 130 अध्यापक, अध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया,यह सभी नोडल शिक्षक स्पेशल एजुकेटर के सहयोग से विकास खण्ड डिबाई के विभिन्न दिव्यांगता से ग्रसित 450 बच्चों को शैक्षिक सपोर्ट करेंगे।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर मूल्यांकन में प्राथमिक विद्यालय नौदेई बांगर से श्रीमती सविता सिंह (68) प्राथमिक विद्यालय करम-धरम नरोरा से श्रीमती अंजू धाकड़ (67)और प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर से श्रीमती अनामिका उपाध्याय (66) ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किये । मास्टर ट्रेनर राज किशोर शर्मा ने बताया कि सभी ने प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से प्राप्त किया । इसके लिए मैं सभी नोडल शिक्षकों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, और साथ ही आशा करता हूं, कि आप सभी अपने पूर्ण मनोयोग और उत्साह के साथ दिव्यांग बच्चों लिए समर्पित रहकर उनके जीवन में नई उमंग, तरंग और उत्साह के रंग भरेंगे। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अबसर पर ए आर पी शुभम कुमार, मास्टर ट्रेनर अनामिका शर्मा, अरविंद कुमार उपस्थित रहे।





# हजरत शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय 536 वाँ वार्षिक उर्स संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** प्रसिद्ध सूफी संत हजरत शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का 536 वां दो दिवसीय वार्षिक उर्स कुल शरीफ की रस्म के साथ संपन्न हुआ। गद्दी नशीन सूफी मौहम्मद हनीफ ने देश की खुशहाली और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। जीटी रोड शाही ईदगाह के सामने स्थित दरगाह चिश्ती साहब में सोमवार को प्रातः पवित्र कुरान के पाठ से किया गया। शाम को फातेहा के बाद मीलाद शरीफ हुआ और उसके बाद रात्रि में इरफान साबरी कव्वाल असोड़ा वालों ने कव्वालियों का शानदार प्रोग्राम प्रस्तुत किया। इस मौके पर अकीदतमंदों ने हजरत बाबा बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के मजार मुबारक पर चादर पेश की और अपनी मन्नतें मांगी।अकीदतमंदों की ओर से लंगर का भी एहतमाम किया गया। मंगलवार की शाम को मौहल्ला शीशों वाली मस्जिद से परंपरा अनुसार सूफी यामीन जाफरी, अब्बासी के नेतृत्व में पंखे का शानदार जुलूस निकाला गया जो मौहल्ला रिसालदारान, हनुमान चौक, बड़ा बाजार, दिल्ली गेट, जीटी रोड होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचा जहां पहुंचकर अकीदतमंदों ने पंखे को मजार मुबारक पर पेश किया। उर्स के दूसरे और अंतिम दिन शाम को फातेहा के बाद लंगर तकसीम किया गया। रात्रि में कव्वालियों की खास महफिल हुई। जिसमें इरफान साबरी कव्वाल, मेहताब साबरी कव्वाल , शराफत साबरी कव्वाल और उनके साथियों ने सूफियाना कलाम प्रस्तुत करके समाँ बाँधा। गद्दी नशीन सूफी मौहम्मद हनीफ चिश्ती साबरी ने कुल शरीफ की रस्म के मौके पर देश की एकता, अखंडता, अम्न ओ खुशहाली की विशेष दुआ कराई। कुल शरीफ की रस्म के साथ ही उर्स का समापन किया गया। इस अवसर पर डॉ सैयद उमर शाह मिस्कीनी, सैयद ताजुद्दीन शाह ताजी मिस्कीनी, सूफी यामीन जाफरी,सूफी बाबुद्दीन अबुल उलाई, सूफी शरीफ अहमद, सूफी शाकिर गाजी, मुतीब खां, बादशाह मिस्कीनी , हाफिज निजाम गाजी, छोटू अलवी, नेता मुस्तकीम खाँ, सिराज अलवी, तारिक अनवर अलवी, शमशाद अंसारी,अखलाक अब्बासी, आसिफ अंसारी, कदीम गाजी , नजर गाजी, शब्बीर मंसूरी, जैद अंसारी, आमिर लाइट अशफाक अंसारी, हाजी वासिफ अंसारी,रजा अब्बास, रानी किन्नर, ज़िया अंसारी, इस्माईल शैख, सईद गाजी, आमिर जैदी, मकसूद जालिब आदि खासतौर पर मौजूद रहे।





# हिंदू और सिख धर्म के प्रति श्रद्धा भाव रखते थे रविदास जी : डॉ. ब्रजपाल सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** शहर के गंगा नगर स्थित रतन इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को शिक्षक व शिक्षिकाओं ने रविदास जयंती मनाई गई। डायरेक्टर डॉ. ब्रजपाल सिंह ने कहा कि प्राचीन समय में गुरु रविदास एक महान संत और समाज सुधारक थे। हर साल माघ पूर्णिमा के दिन गुरु रविदास जयंती मनाई जाती है। समाज में उत्पन्न मतभेद और समाज की उन्नति के लिए अपना अहम योगदान दिया। मैनेजिंग डायरेक्टर बीना कुमारी ने कहा कि शिक्षक ज्ञान का सागर हैं, जो हमें ज्ञान की ओर ले जाते हैं। एक अच्छा शिक्षक जीवन के लिए दिशा दिखाता है और अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है। शिक्षक का काम सिर्फ. कक्षा में पढ़ाना ही नहीं होता, बल्कि छात्रों को सही दिशा दिखाना भी होता है। शिक्षक विद्यार्थियों की भावनाओं को समझते हैं और विद्यालय में सामाजिक वातावरण का निर्माण करते हैं। प्रधानाचार्य अजय गर्ग ने कहा कि आज के समय में भी गुरु रविदास जी के योगदान और अनमोल विचारों को याद किया जाता है। उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं को लोग अपने जीवन में अपनाते हैं। उनकी शिक्षाओं ने प्रभु की उपासना और धार्मिक एकता में वृद्धि के लिए प्रेरित किया। गुरु रविदास जी हिंदू और सिख धर्म के प्रति अपना श्रद्धा भाव रखते थे। इस मौके पर स्कूल स्टॉफ में कविता लोधी, शीतल वर्मा, कविता शर्मा, नेहा रानी, सोनम गोस्वामी, भावना शर्मा आदि मौजूद रहीं।



**रेडियो दिवस** | **पोस्टकार्ड भेज कर फरमाइश कार्यक्रम का हिस्सा बनते थे, रेडियो सेट देखते ही पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं**

# कभी रेडियो के बिना नहीं सज पाती थी गांव की चौपाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**इंटरनेट मीडिया के दौर में इसने स्वयं को ज्यादा प्रासंगिक बनाया है। सूचना , मनोरंजन और ज्ञान का यह अभी सशक्त माध्यम बना हुआ है। इसका प्रमाण है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम जो 10 वर्षों से लोकप्रिय के शिखर पर नए रिकॉर्ड बना रहा है**

**शिकारपुर (अशोक पाठक)।** 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस है। एक समय था कि गांव की चौपाल पर बिना रेडियो कोई महफिल नहीं सजती थी। नगर की गलियों में भी बिना का गीत माला जैसे कार्यक्रम सुनने के लिए लोग उत्सुक रहते थे। अब संचार क्रांति के दौर में मोबाइल पर क्लिक करते ही लोगों की फरमाइश पूरी हो रही है और रेडियो सुनहरी यादें बनकर रह गया है। लोग मोबाइल पर एफएम पर फरमाइश गीत सुनाने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब मन की बात कार्यक्रम रेडियो पर प्रसारित किया तो रेडियो अलमारी से बाहर निकल आया नगर से देहात तक लोग फिर से रेडियो सुनने लगे। दर्शन बदलते प्रवेश में संचार और मनोरंजन के साधन बदलने से लोगों में रेडियो का क्रेज खत्म हो गया है, जबकि गुजरी दाऊद की बात करें तो गांव की चौपाल से नगर की गलियों में यह विविध भारती है बिना का गीत माला फौजी भाइयों के लिए और चौपाल जैसे कार्यक्रमों की गूंज रेडियो पर खूब सुनाई देती थी। रेडियो पर फरमाइश गीत सुनने के लिए पोस्टकार्ड भेजते थे फिर रेडियो के पास कान लगाकर बैठते थे अपने नाम और अपनी पसंद के गीत का इंतजार करते थे जिसे सुनने के लिए खूब भीड़ जमा हो जाती थी जबकि आज मोबाइल और एफएम पर ही सब कुछ उपलब्ध हो जाता है।




**अब आप देवकीनंदन पांडे से सुनिए समाचार**

नगर निवासी बबली अनजान बताते हैं कि बीते दौर में रेडियो में महज एक उपकरण ही नहीं था बल्कि संचार का सबसे बड़ा साधन भी था। पत्रकारिता तक रेडियो सुनकर यह समाचार तैयार करते थे। बॉर्डर पर तैनात सैनिकों की फरमाइश पर फौजी भाइयों के लिए गीत बजते थे। वीडियो का एक समय ऐसा था कि लोग अपना मनपसंद गीत सुनने के लिए पोस्टकार्ड पर फरमाइश लिखकर भेजते थे जब रेडियो पर कार्यक्रम प्रसारित होते थे तो आसपास भीड़ जमा हो जाती थी। आकाशवाणी केंद्र से देवकीनंदन पांडे की आवाज भारत के जन-जन को सम्मोहित कर लेती थी उनका समाचार पढ़ने का अंदाज इतना प्रभावित था कि लोगों के कदम ठहर जाते थे। अब आप देवकीनंदन पांडे से समाचार सुनिए जैसे ही रेडियो पर घुसते थे तो लोग रोमांचित हो उठते थे।

**रेडियो का सफर**

भारत में पहली बार रेडियो की शुरूआत 23 जुलाई 1927 को मुंबई स्टेशन से हुई थी। 8 जून 1936 को इस ऑल इंडिया रेडियो नाम मिला। वर्ष 1956 को इस आकाशवाणी नाम दिया गया। वर्तमान समय में भारत में 99 .18 प्रतिशत आबादी तक आकाशवाणी की पहुंच है। पहली बार एफएम रेडियो की शुरूआत चेन्नई में जुलाई 1977 में हुई थी।

# अवैध असलहा सहित कार सवार युवक दबोचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (बुलंदशहर)।** पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान अवैध तमंचे सहित एक युवक को बंदी बना लिया। पकड़ा गया युवक स्कार्पियो गाड़ी में सवार था।

थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज मय पुलिस पार्टी लखावटी नहर पुल पर वाहन चैकिंग कर रहे थे।

उसी समय एक स्कार्पियो गाड़ी संख्या यूपी 16 सी एम 0078 उधर से गुजरी।

पुलिस चेकिंग देख कार सवार युवक ने भाग निकलने का प्रयास किया।संदिग्धावस्था में देख पुलिस ने बैरियर लगा कर रोका और युवक की तलाशी ली। युवक के पास 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस जिंदा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम बलराम पुत्र परशुराम गूर्जर निवासी ग्राम पल्ला थाना दादरी गौतमबुद्ध नगर बताया। पुलिस ने हिरासत में ले कर गाड़ी के कागजात मांगे जो युवक नहीं दिखा सका। उसने गाड़ी अपने मौसा के नाम बताई। पुलिस ने गाड़ी सीज कर दी। रिपोर्ट एस आई मौहम्मद अकरम खान ने दर्ज कराई।



# सपा नोएडा महानगर ने संत रविदास जयंती के साथ-साथ किया पीडीए पंचायत का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में आज सेक्टर 123 अंबेडकर सिटी में रविदास जयंती मनाई गई साथ ही साथ वहां पीडीए पंचायत का भी आयोजन किया गया।

महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि संत रविदास ना केवल एक आध्यात्मिक गुरु थे, बल्कि समाज में समानता और प्रेम का संदेश देने वाले महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज में बिना भेदभाव के प्रेम और एकता की सीख दी जिसके कारण वह भक्ति मार्ग के प्रमुख संतों में गिने जाते हैं। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि संत रविदास के बताएं मार्ग पर चलकर ही देश और समाज की दशा- दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। महानगर महासचिव विकास यादव ने कहा कि देश की खुशहाली व संविधान की रक्षा के लिए पी डी ए का मजबूत होना जरूरी है पी डी ए की मजबूती से हर वर्ग सुरक्षित रहेंगे।कार्यक्रम का संचालन गौरव यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में रामवीर यादव, अनुराग यादव , बबली शर्मा, राम सहेली,मिन्टू यादव उर्फ योगेश प्रधान, विनीता यादव, पूजा पटेल ,उषा देवी ,यासमीन, रजनी गुप्ता, सिल्पी, अनिता, लता, अरुण, देवपाल, गौरव, मोनू ,प्रिंस, मकूद, आबिद, सोहिल, यादराम, तेजी, जितेंद्र, पप्पू पंडित ,प्रेम, नसीम, अननू, संजू, सचिन, रामनिवास ,राकेश, आकाश आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।






**ग्रेटर नोएडा:** आज कैंप कार्यालय पर प्रिय क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। छाया: बुलन्द संदेश

# काब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा कर कॉलोनी काटने का पूर्व सभासद ने लगाया आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** भू माफियाओं द्वारा कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा करके कॉलोनी काटने का मामला सामने आया है। पूर्व सभासद ने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया है। पूर्व सभासद विजयपाल हितकारी ने बताया कि रावली रोड स्थित काब्रिस्तान की जमीन पर कुछ लोग जबरदस्ती कब्जा कर रहे है। उन्होने बताया कि खसरा नम्बर 380, 381 व 382 तहसील के भूआलेख में कब्रिस्तान के तौर पर दर्ज है। काब्रिस्तान एकता कमेटी के सदस्यों ने भी बुधवार को प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। उन्होने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण में हस्तक्षेप की मांग की है। इस मौके पर जमालुद्दीन, जावेद शेख, इरशाद, आसिफ, आमिर आदि मौजूद रहे।



# हिन्दू युवा वाहिनी ने संत रविदास की जयंती भव्य रूप से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** हिन्दू युवा वाहिनी मुरादनगर द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती को जीतपुर स्थित रविदास मंदिर में बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में हिन्दू युवा वाहिनी मुरादनगर के कार्यकर्ताओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने कहा, संत रविदास जी ने समाज में समानता, एकता और कर्मठता का संदेश दिया। हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में समरसता लाने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर भजन-कीर्तन, सत्संग का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हिन्दू युवा वाहिनी मुरादनगर के कार्यकर्ताओ ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संकल्प लिया कि हर वर्ष इस महोत्सव को और अधिक भव्यता से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष मोहित त्यागी, अवनीश प्रधान, नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति, नगर सह प्रभारी हरित खटीक, शुभम त्यागी, रोकी, आकाश, बिरजू, श्याम शर्मा, गुलशन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# इनोवेटिव इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में इन्ट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** इनोवेटिव इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में 12 फरवरी को इन्ट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार तिवारी, संस्थान के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय पांडेय, विभागाध्यक्ष डॉ. आशा रानी और अकादमिक निदेशक डॉ. तितिक्षा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय पांडेय ने हिंदी भाषा में मूट कोर्ट प्रतियोगिता के आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी में मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित करने से विधि के छात्रों को अपनी अभिव्यक्ति और अधिवक्ता कौशल को निखारने में मदद मिलेगी मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार तिवारी ने मूट कोर्ट प्रतियोगिता के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे छात्रों के व्यावहारिक कानूनी ज्ञान के विकास का महत्वपूर्ण साधन बताया। उन्होंने इस तरह की प्रतियोगिताओं को कानूनी शिक्षा काअनिवार्य हिस्सा बनाने पर भी जोर दिया अकादमिक निदेशक डॉ. तितिक्षा शर्मा ने विधिवत रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. आशा रानी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रतियोगिता में कुल 26 मूट कोर्ट टीमों ने भाग लिया। विशेष रूप से एलएलबी और बीए एलएलबी के प्रथम वर्ष के छात्रों को प्राथमिकता दी गई प्रतियोगिता का फाइनल राउंड और समापन समारोह 13 फरवरी को आयोजित होगा, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता और न्यायाधीश निर्णायक होंगे।




# आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** बुधवार को अहमदगढ़ थाना परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर एसडीएम शिकारपुर दीपक कुमार पाल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने कहा है कि कोई भी धार्मिक कार्यक्रम बिना परमिशन के आयोजित नहीं किया जाएगा। त्यौहारों पर माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों को पहले ही किया जाएगा मुजलको में पाबंद।

उधर सीओ शिव ठाकुर ने कहा है कि त्यौहार पर शरारती तत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर यदि किसी हुड़दंगी ने शराब पीकर उत्पात करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर थाना पुलिस भेजेगी जेल। एसडीएम सीओ ने थाना क्षेत्र के लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से सभी त्योहारों को मनाने की अपील की है। इस मौके पर थाना क्षेत्र के तमाम सभ्रांत लोग उपस्थित रहे।



## संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत, फंदे से लटका मिला शव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** गांव दयानतपुर में बुधवार को एक युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शव कमरे में पंखे पर फंदे से लटका हुआ मिला। आनन फानन में परिवार के लोग युवती को फंदे से उतारकर कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



# कार रोककर परिवार के साथ की मारपीट,7 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** गांव क्वार्सी के एक व्यक्ति ने गांव दयानतपुर के कुछ लोगों पर मंगलवार की देर शाम कस्बे के टप्पल रोड पर पीड़ित की कार को रोक उसके व उसके परिवार के साथ बुरी तरह मारपीट व कार मे तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। खुर्जा के गांव क्वार्सी के रहने वाले राजकुमार ने पुलिस मे शिकायत देते हुए बताया कि वह मंगलवार की शाम गांव से अपनी पत्नी सुशीला, तीन बच्चों धुर्व, उमा व ओम के साथ गुड़गांव जा रहे थे, जब वह देर शाम करीब 9:30 बजे जेवर के टप्पल रोड स्थित एक निजी अस्पताल के पास पहुंचे, तभी वहां गांव दयानतपुर निवासी कार सवार भीम, कोशेंद्र व आशीष अपने चार अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और पीड़ित की कार को रुकवाकर उनके साथ गाली गलौच करने लगे और पीड़ित के विरोध करने पर पीड़ित व उसके पुरे परिवार के साथ लाठी डंडो से बुरी तरह मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और कार मे तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी, संघ ने ब्लाक प्रमुख का किया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शाहिद अल्वी)** क्योलड़िया। बुधवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ब्लाक शाखा भदपुरा ने विकास खण्ड के सभागार में द्वितीय एसीपी का लाभ उत्तर प्रदेश में सबसे पहले जनपद बरेली के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को मिलने पर खुशी का आभार व्यक्त करते हुए भदपुरा ब्लाक प्रमुख रविशंकर गंगवार, एवं प्रधान संघ के अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार एवं उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राम लाल कश्यप एवं जिला महामंत्री श्री महेश चंद्र वाल्मीकि को आमंत्रित कर विकास खण्ड भदपुरा सभागार में ब्लाक के 141 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया भदपुरा ब्लाक प्रमुख रविशंकर गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार सफाई कर्मचारियों का मान-सम्मान एवं उनके देयों का भुगतान समय पर कर रही है

संघ जिला अध्यक्ष राम लाल कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद बरेली के जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुसार जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप जनपद बरेली के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश में सबसे पहले द्वितीय एसीपी का लाभ देकर शासन प्रशासन को संदेश दे दिया है।

संघ के मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कश्यप ने संचालन कर अपने संबोधन में कहा कि विकास खण्ड भदपुरा के संघ कार्यक्रम में भदपुरा ब्लाक प्रमुख एवं जिला अध्यक्ष के आने पर विकास खण्ड भदपुरा के कर्मचारियों की एसीपी की खुशी चौगुनी हो गई। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से इऊ साहब , अऊ साहब ,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रनवीर सिंह पटेल, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह कोली, जिला संयोजक आनंद प्रकाश धानुक, ब्लाक अध्यक्ष संतराम दिवाकर, ब्लाक महामंत्री सूरजपाल वाल्मीकि, सतीश चंद्र गंगवार, बिहारी लाल गौतम, हरीश कुमार गंगवार, हर प्रसाद गौतम, डोरी लाल भारती, सुरेंद्र पाल गंगवार, राम प्रताप वाल्मीकि, मिडई लाल गंगवार, वेद प्रकाश वर्मा, बालक राम राठौर, बेचे शाह, अशोक कुमार मौर्य, सियाराम गंगवार, सीताराम राना, गीता धानुक, माजिन, मंजू देवी, जावित्री देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# पिकअप केंटर में भिड़ंत दो घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली क्षेत्र बुधवार को यमुना एक्सप्रेस वे पर एक अनियंत्रित केंटर ने एक पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक समेत दो घायल हो गए। घायलों को जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के गांव अनवरगढ़ निवासी फेज चालक है। बीती रात वह मुर्शदपुर से पिकअप में सीएनजी भरवा कर यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते जट्टारी अलीगढ़ जा रहा था। इसी दौरान जीरो पॉइंट से 23 किलोमीटर की दूरी पर रात्रि करीब एक बजे अचानक उसकी गाड़ी में कोई खराबी आ गई। चालक गाड़ी को कच्ची पट्टी में खड़ी करके गाड़ी के नीचे घुसकर उसे चेक कर रहा था। इसी दौरान नोएडा की तरफ से आए एक तेज रफ्तार अनियंत्रित केंटर ने गाड़ी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक फैज (25) और उसका साथी सारिक (20) घायल हो गए। यमुना एक्सप्रेस वे कर्मियों ने दोनों को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सारिक को घर भेज दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल फैज का इलाज चल रहा है। घायल चालक के पिता सुका निवासी अनवरगढ़ ने अज्ञात केंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करके केंटर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**बैठक** — टाउन वेंडिंग कमेटी का होगा पुनर्गठन- नगर आयुक्त पैठ बाजारों का जोनल प्रभारियों तथा स्वास्थ्य विभाग ने किया संयुक्त सर्वे, नगर आयुक्त को 65 स्थलों की पेश की रिपोर्ट

# साप्ताहिक बाजार को लेकर निगम में आज होगी अहम बैठक,नगर आयुक्त की अध्यक्षता में लिए जाएंगे महत्वपूर्ण निर्णय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एक तरफ अवैध अतिक्रमण और बाधित आवागमन और दूसरी तरफ साप्ताहिक बाजार निगम बना रहा योजना नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार साप्ताहिक बाजार को लेकर समस्त जोनल प्रभारी की टीम तथा स्वास्थ्य विभाग टीम ने मिलकर संयुक्त रूप से सर्वे किया है, गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 65 स्थान पर बाजार लगता है जिसमें वसुंधरा जोन अंतर्गत 24 स्थान, कवि नगर जोन अंतर्गत 15 स्थान, मोहन नगर जोन अंतर्गत 08 स्थान, विजयनगर अंतर्गत 7 स्थान तथा सिटी जोन अंतर्गत 11 स्थान जहां बाजार लगता है रिपोर्ट नगर आयुक्त को प्रस्तुत की गई, आज होने वाली टाउन वेंडिंग कमेटी की मीटिंग हेतु भी कार्य योजना बनाई गई, कई प्रमुख बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव समस्त जोनल प्रभारी, पी ओ डूडा संजय पथरिया तथा स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति रही' नगर आयुक्त द्वारा बताया गया साप्ताहिक बाजार को लेकर टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक से पूर्व संबंधित अधिकारियों से वार्ता की गई टाउन वेंडिंग कमेटी के पुनर्गठन को लेकर भी चर्चा हुई बैठक में सर्वे की रिपोर्ट पर भी मंथन हुआ गाजियाबाद नगर निगम जहां शहर के अवैध अतिक्रमण तथा आवागमन को सुविधाजनक बनाने में जुटा हुआ है वही साप्ताहिक बाजार को भी व्यवस्थित करेगा जिसके क्रम में टीम के द्वारा आधा सर्वे किया जा चुका है कार्यवाही लगातार जारी रहेगी पिछले एक सप्ताह के भीतर सर्वे को पूर्ण कर लिया जाएगा जिसमें जहां साप्ताहिक बाजार व्यवस्थित करने हैं स्थान को भी चिन्हित किया जाएगा, टाउन वेंडिंग कमेटी जिसमें अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी भी सदस्य होते हैं कई जनप्रतिनिधि भी और बाजार की समिति के लोग भी रहते हैं सभी की सहमति से जनहित में बेहतर निर्णय लिया जाएगा टाउन वेंडिंग कमेटी भी 2017 में गठित हुई थी जिसका पुनर्गठन भी किया जाना है जिसके लिए सभी संबंधित विभागों में पत्र भी भेजा जा चुका है जिनके द्वारा टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य नामित किए जाएंगे, जिसमें पार्षदों में से भी टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य बनाए जाते हैं उनका चयन किया जाएगाल महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक लगातार शहर हित में कार्य कर रहे हैं जिनके कुशल नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम शहर के विकास कार्यों के साथ साथ शहर से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए भी तत्परता से प्लानिंग कर रहे हैं साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने की योजना पर भी निरंतर मंथन चल रहा है नई टाउन वेंडिंग कमेटी के द्वारा नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक के उपरांत साप्ताहिक बाजरो के लिए अंतिम निर्णय लिया जाएगा जिसके लिए सभी तैयारियां चल रही हैं'।





# नगर आयुक्त का सफल हो रहा है स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड पायलट प्रोजेक्ट, 5000 विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का फाइनल टेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** बनेगा ग्रेट गाजियाबाद, विद्यार्थियों के व्यवहार से बदलेगी शहर की सोच- नगर आयुक्त 100 स्कूलों में संपन्न हुआ स्वच्छता का फाइनल टेस्ट, हिंदी तथा इंग्लिश दोनों मीडियम विद्यार्थी कर रहे हैं स्वच्छता की बात स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड जिसकी जानकारी गाजियाबाद के हर जनपद वासी को है स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड बुक का विमोचन उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया इसके बाद गाजियाबाद में स्वच्छता की पाठशाला को लेकर और अधिक मजबूती से गाजियाबाद नगर निगम कार्य कर रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गाजियाबाद की 100 स्कूलों में स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जा रहा है ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हो, या कचरा पृथक्करण सभी विषयों पर गहनता से विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं जिसका फाइनल टेस्ट आज संपन्न हुआ है शिक्षा विभाग का विशेष सहयोग मिला है जो की सराहनीय हैल अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा है इसी क्रम में नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में विद्यार्थियों को भी स्वच्छता से जोड़ा गया है जब





विद्यार्थी अपने व्यवहार में स्वच्छता को लेंगे तो हर शहर वासी स्वच्छता के प्रति जागरूक होगा शहर से गंदगी दूर होगी साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रणाली को हर घर समझेगा गीले कचरे से खाद बनाना, तथा रीयूज, रीसायकल, रिड्यूस को भी विद्यार्थी अपना रहे हैं अपने-अपने घरों में अनुपयोगी वस्तुओं को कचरे में ना फेंक कर ट्रिपल आर मुहिम को अपना रहे हैं, 28 जनवरी को प्रीटेस्ट सभी चिन्हित 100 स्कूलों में कराया गया, 29 तारीख को सभी संबंधित स्कूलों की अध्यापिकाओं की ट्रेनिंग हिंदी भवन में हुई जिसके क्रम में 31 जनवरी को ऑनलाइन ट्रेनिंग भी दी गई जिसके बाद स्वच्छता की पाठशाला चिन्हित स्कूलों में प्रारंभ कराई गई जो की गाजियाबाद नगर निगम का पायलट प्रोजेक्ट है जिसको सफलता अवश्य मिलेगी बेहतर कार्य कुशल नेतृत्व में कराए जा रहे हैं छठी सातवीं तथा आठवीं कक्षा कि विद्यार्थियों ने एक ही समय पर अपराहन साडे 12 से 1:30 बजे के बीच फाइनल एग्जाम स्वच्छता का दिया, स्वच्छता की पढ़ाई में रुचि भी दिखाई दी' 50 सरकारी तथा 50 प्राइवेट स्कूलों में एग्जाम हुआ जिसमें हिंदी तथा इंग्लिश दोनों मीडियम में स्वच्छता की पढ़ाई विद्यार्थियों को कराई जा रही हैल महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर हित में निरंतर विकास कार्यों के साथ-साथ जन-जन को जागरूक करने का कार्य भी कर रहे हैं, विद्यार्थियों का स्वच्छता की पढ़ाई को करना एक अभियान के रूप में है जिसकी शुरूआत नगर आयुक्त द्वारा की गई है गाजियाबाद के अलावा अन्य जनपद भी इसको अपनाएंगे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गाजियाबाद नगर निगम का स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड अभियान सफल होता दिखाई दे रहा है अभिभावक भी विद्यार्थियों की इस पढ़ाई से उत्साहित दिखाई दे रहे हैं गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शुरू कर गए अभियान में अपने आसपास सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहयोग कर रहे हैं जो की प्रशंसनीय हैं।

# पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का किया अंतिम संस्कार, बाद हुई मृतक की पहचान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** यमुना एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को बाइक की टक्कर से हुई अज्ञात व्यक्ति की मौत मामले मे पुलिस ने पहचान न होने पर तीन दिन बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया। अब मृतक के भतीजे ने कोतवाली पहुँच मृतक की पहचान कर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बता दें कि शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर साबौता के पास नोएडा से आगरा की ओर जाने वाली साइड पर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम को भेजा था। मृतक की पहचान न होने पर पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार किया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार वालों ने उनके कपड़े व फोटो आदि साक्ष्य देखकर उनकी पहचान मथुरा जिला के गांव लमतोरी के रामरतन सिंह के रूप में की है। वहीं मृतक रामरतन सिंह के भतीजे संजय ने बताया कि वह अपने चाचा रामरतन सिंह के साथ साबौता गांव में आया था। लेकिन घर लौटकर मालूम हुआ कि उसके चाचा घर नही पहुंचे है। परिवार वालों ने उनकी काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लगा। मंगलवार को वह परिवार के साथ गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए जेवर कोतवाली पहुचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में महानगर के सभी मंडलों में संत शिरोमणि रविदास जयंती को पूर्ण मनोभाव के साथ मनायी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** इस अवसर पर संजीव शर्मा ने समाज कल्याण के लिए किए गए उनके कार्यों का स्मरण किया। उन्होंने बताया "गुरु संत रविदास ने मानवता को अपने जीवन का ध्येय बनाया। वे धर्म तथा जाति के भेदभाव को मिटाने और समाज में एकता लाने के लिए समर्पित रहे। आइए, हम गुरु दास जी की शिक्षा को अपनाएं और समृद्ध तथा विकसित राष्ट्र के निर्माण में निरंतर योगदान देते रहें। ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट-बड़ो सब सम बसें, रविदास रहे प्रसन्न। कर्म को सर्पवोरि मानकर सभी के उत्थान हेतु समाज में समानता का मार्ग दिखलाने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करता हूँ। सामाजिक समरसता का संदेश देती उनकी शिक्षाएं आज भी एकता, सद्भावना व चरित्र निर्माण हेतु सर्वथा अनुकरणीय हैं।"इस अवसर पर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने कहा, "करम बंधन में बन्ध रहियो, फल की ना तज्जियो आस। कर्म मानुष का धर्म है, सत् भाखै रविदास।। सामाजिक समानता के लिए जीवनपर्यंत कार्य करने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास की न्याय, समानता और सेवा की शिक्षा हर युग में प्रेरित करती रहेगी।"गुरु रविदास जयंती के अवसर पर राजनगर मंडल के अध्यक्ष नीरज त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, एम के प्रमुख, कार्यक्रम संयोजक आर एन राम, तनुज खन्ना, संजय चौधरी, जय सिंह, किरण चौधरी, सोनू सिंघल आदि मौजूद रहे।



# इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु राजकीय कन्या इन्टर कालिज विजयनगर गाजियाबाद में

**परीक्षा हेतु जारी निर्देशो का अक्षरशः पालन किया जाएंः जिलाधिकारी दीपक मीणा**

जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि निदेशों का अक्षरशः पालन किया जाएं। उन्होने कहा कि यदि इस दौरान किसी भी प्रकार का कोई अफवाह संज्ञान में आती है तो त्वरित कार्यवाही करते हुए उसका खण्डन किया जाएं। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी एवं परीक्षक को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएं। सभी लोगों आपसी समन्वय बनाते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, नकल विहीन एवं शांन्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक के दौरान बताया गया कि की वर्ष 2025 की परीक्षा हेतु हाईस्कूल में बालक-14519 बालिका- 14086 योग-28605 व इन्टरमीडिएट में बालक-12773 बालिका- 12014 योग-24787 अभ्यर्थी हैं। कहा कि नोडल अधिकारी श्री रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन, सहायक प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, पुलिस विभाग नोडल अधिकारी अपर पुलिस उपायुक्त (प्रोटोकॉल), जोनल मजिस्ट्रेट - 07, सैक्टर मजिस्ट्रेट-20, सचल दल शिक्षा विभाग द्वाराः- 06, स्टेटिक मजिस्ट्रेटः- 66, केन्द्र व्यवस्थापक- 66, वाहय केन्द्र व्यवस्थापक- 66 एवं कक्ष निरीक्षक-3062 रहेंगे। इसके साथ ही जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद में बनाया गया है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि शासन,विभाग से प्राप्त निदेशों का




भलीभाँति अध्ययन एवं अक्षरशः अनुपालन हो। परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक भौतिक सुविधाओं की व्यवस्था यथा वायस रिकार्डर युक्त सी०सी०टी०वी०कैमरा, बिजली, जनरेटर, इनवर्टर, तथा 300 एमबीपीएस नेट हो। पृथक से स्ट्रांग रूम व्यवस्था एवं पुलिस गार्ड द्वारा सुरक्षा हो। केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट 01 घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। शिक्षक,कर्मचारीयों के मोबाइल,इलेक्ट्रानिक गजट रखने हेतु परीक्षा केन्द्र के मेन गेट के पास एक बाक्स की व्यवस्था की जाएं। सभी कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएं। इस दौरान बताया गया कि शासनादेश के क्रम में बोर्ड परीक्षा 2025 के सफल संचालन हेतु सेक्टर,स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापक, वाहय केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षकों के कार्यों एवं दायित्वों का एस०ओ०पी० ("क्या करें" तथा "क्या न कर) के निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करेंगे ल प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीएम रणविजय सिंह, एडीसीपी प्रोटोकॉल, जिला विद्यालय निरीक्षक, एसडीएम सदर सहित परीक्षा से सम्बंधित सभी अधिकारी, प्रधानाध्यापक सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक बाजार का मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ता जा रहा है ठेकेदारों तक पहुंचेगी कार्रवाई, पुलिस कर रही है ठेकेदारों की संपत्ति की होगी जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** साप्ताहिक बाजारों को लेकर रोज नए-नए खुलासे रोज हो रहे है, अभी इस मामले तूल पकड़ लि है , शहर के प्रबुद्ध लोग सड़कों से बाजार हटाने की बात कर रहे है तो कुछ लोग रोजी रोटी के संकट की दुहाई दे रहे है। बीते दिनों बाजार को लेकर नंदकिशोर गुर्जर भी सड़कों पर आ गए थे और सब्जी बेच रहे थे , पुलिस ने इंदिरापुरम में बाजार को अवैध बताया तो विधायक नंद किशोर गुजर्र ने एंट्री कर बाजार वालों का समर्थन कर दिया और खुद बर्तन की दुकान पर बैठकर बर्तन बेचने का कार्य कर दिया। हालांकि सुत्र बता रहे है कि इस मामले में जल्द ही बड़ा टिविस्ट आने वाला है, बात बाजारों में उगाही की जोर पकड़ चुकी है , इस लिए तो इसमें कईयों के नाम भी आए है, लिस्ट ठेकेदारों की वायरल हुई है लेकिन उगाही वालों के नाम भी अंदर खाने लिए जा रहे है, अब इन ठेकेदारों तक कार्रवाई की आंच पहुंचने वाली है, पुलिस ऐसे उगाही करने वालों की लिस्ट भी तैयार कर रही है, हालांकि अभी इस मामले में कोई अधिकारी अब खुलकर बोलने को तैयार नहीं है, क्योंकि नगर निगम की मुखिया भी इस बात को मान चुकी है, बाजारों में उगाही करने वाले माफिया काफी सक्रिय हो चुके है और मोटी कमाई इन बाजारों में ठेली पटरी लगाने वालों से कर रहे है। इस लिए नगर निगम की सड़क का फायदे का लाभबाजार माफिया ले रहे है। यहां गरीब दुकानदारों को मोहरा बनाया जा रहा है, जबकि इनके पिछे बड़ी मछलियों का हाथ बताया जा रहा है।

सूत्रों की माने तो गंदा नाले पर ठेकेदार का जिम्मा हाजी शादाब के पास है, उसने इस मामले में अपनी पूरी टीम सेट की हुई है और बाजार के नाम पर अच्छी कमाई उनकी हो रही है, वहीं अवैध रूप से पार्किंग की भी बात निकल कर आई है, हालांकि इस मामले में अभी लोग खुलकर बोलने को तैयार नहीं है बहराज बाजार को लेकर राजनीति खूब गरमा रही है। उधर अंदर खाने पता लगा है कि ऐसे लोगों की लिस्ट तैयार हो रही है, कौन बाजार से उगाही कर रहा और मोटा लाभ ले रहा है इसकी जांच भी की जा रही है।



नगर जोन क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार का विवरण

| क्र०सं० | दिवस | बाजार लगने का स्थान | ठेकेदार का नाम व मो०नं० |
|---|---|---|---|
| 1 | रविवार | गंदा नाला | हाजी शादाब-9891707490 |
| 2 | बृहस्पतिवार | सैन चौक से सम्राट चौक | विजय गौतम-9278569833 |
| 3 | शुक्रवार | डीपीएस फ्लाई ओवर के नीचे | विजय गौतम-9278569833 |
| 4 | बुधवार | राहुल विहार से चरण सिंह कालोनी तक | विजय गौतम-9278569833 |
| 5 | शनिवार | सम्राट चौक से बिजलीघर तक | विजय गौतम-9278569833 |
| 6 | सोमवार | चाणक्य चौक से सैन चौक | विजय गौतम-9278569833 |
| 7 | बुधवार | अम्बेडकरनगर से कोटगांव फाटक तक | विजय गौतम-9278569833 |
| 8 | शुक्रवार | अटल चौक से महाराणा प्रताप चौक तक | विजय गौतम-9278569833 |
| 9 | मंगलवार | काशीराम सोसायटी के पास | दीपक कुमार-7065755576 |
| 10 | रविवार | आवास विकास से गोकुलधाम तक | दीपक कुमार-7065755576 |
| 11 | रविवार | संतोष अस्पताल के सामने | रणवीर सिसोदिया-9911299169 |
| 12 | शनिवार | शनि पार्क के बराबर में | कुलदीप पार्षद-9810971848 |
| 13 | सोमवार | गुरुद्वारा रोड पर सोम बाजार | रमेश पाल-9717511380 |
| 14 | शनिवार | 30 फुटा रोड नन्दग्राम | रमेश पाल-9717511380 |
| 15 | शनिवार | शास्त्री नगर रेड लाईट से कोर्ट चौक | रमेश पाल-9717511380 |
| 16 | बुधवार | विवेकानंद नगर | रमेश पाल-9717511380 |
| 17 | मंगलवार | सै0 23 रहीसपुर चौक | नफीस अहमद-9911633147 |
| 18 | सोमवार | पैट्रोल पम्प से लेकर अंसल मार्केट तक | नफीस अहमद-9911633147 |
| 19 | शुक्रवार | सै0 23 जागृति विहार मार्ग पर | नफीस अहमद-9911633147 |
| 20 | रविवार | भाटिया मोड़ से राकेश मार्ग पर | ललित-9716144283 |
| 21 | बृहस्पतिवार | बाबा मार्केट | ललित-9716144283 |
| 22 | रविवार | रिलायन्स पैट्रोल के सामने कर्पूरीपुरम | ललित-9716144283 |
| 23 | शनिवार | बापूधाम रोड बुनकर मार्ट रोड पर | [illegible] |

# माघ पूर्णिमा...ब्रजघाट गंगा नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड/गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर में तीर्थनगरी के ब्रजघाट में बुधवार को माघ पूर्णिमा पर तीर्थ नगरी ब्रजघाट स्थित गंगा नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ दान-पुण्य किया। माघ पूर्णिमा के मद्देनजर ब्रजघाट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ ब्रजघाट का निरीक्षण कर वहां तैनात अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

- ब्रजघाट गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध रहे
- डीएम व एसपी ने ब्रजघाट का निरीक्षण कर,दिये निर्देश
- श्रद्धालुओं ने पूठ व लठीरा में कच्चे घाटों पर किया गंगा स्नान

आपको बता दें बुधवार को माघ पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत राजस्थान,हरियाणा और दिल्ली राज्यों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला मंगलवार की देर शाम शुरू हो गया था। बुधवार को श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान कर,पूजा अर्चना करके दान दक्षिणा देकर अपने घरों को रवाना हो गये। बुधवार को गंगा नदी में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

**माघ पूर्णिमा का महत्व**

पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन दान का विशेष महत्व होता है। अन्न,वस्त्र,तिल,गुड़,घी आदि वस्तुएं का दान करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। जरूरतमंद लोगों को भोजन कराना भी अत्यंत पुण्यदायी होता है।







**श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी**

माघ पूर्णिमा पर ब्रजघाट गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मोक्ष दायिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सर्दी भी भक्तों की अटूट आस्था की राह में कोई रोड़ा नहीं बन पाई। स्नान के बाद गंगा तट पर पुरोहितों से भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया।

**लठीरा और पुष्पावती पूठ में गंगा में लगाई आस्था की डुबकी**

माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा ब्रजघाट के साथ ही गांव लठीरा और पुष्पावती पूठ के कच्चे घाटों पर भी काफी संख्या में गंगा में श्रद्धालु स्नान कर गंगा तट पर पूजा अर्चना की है। विभिन्न महानगरों से आए धनाढ्यों लोगों ने गरीब-निराश्रितों को भोजन-वस्त्र, तिल, लकड़ी समेत विभिन्न वस्तुओं का दान कर पुण्य अर्जित किया।

**गहरे जल में जाने से रोका**

माघ पूर्णिमा पर विभिन्न राज्यों व जिलों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट स्थित गंगा नदी पर पहुंचे,जहां उन्होंने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। गंगा घाटों पर तैनात पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को गहरे जल में जाने से रोकते नजर आये। पुलिसकर्मी लगातार गंगा घाटों पर गश्त कर रहे थे।

**पुलिस के सुरक्षा के कड़े प्रबंध**

गढ़मुक्तेश्वर पुलिस क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह ने बताया कि गंगा घाटों पर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हुए थें। संदिग्ध लोगों और वाहनों पर पुलिस की पैनी निगाह रहीं। पुलिस टीम गंगा घाटों पर गश्त करती रही। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम न लगे इसको लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था,जो वाहनों का आवागमन करा रहा था।

**अधिकारियों ने ब्रजघाट का निरीक्षण**

माघ पूर्णिमा पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ ब्रजघाट गंगा घाटों का निरीक्षण कर डयूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# 2027 में होगा बदलाव समाजवादी की बनेगी सरकार : मुकेश पंडित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर के गांव पाली में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि वे गांव-गांव जाकर पीडीए को जगाएंगे और 2027 में समाजवादी पार्टी को लाएंगे। कार्यक्रम में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मान और संविधान पर चर्चा हुई और पीडीए समाज के लोगों ने अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में शेख राईस अहमद विधानसभा प्रभारी, जोगेंद्र पोसवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, श्री बाबा मोहन नाथ, लोकेश सिंह, हिमांशु, सोनू, ज्ञानपाल सिंह एवं सम्मानित ग्रामवासी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीडीए समाज के लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना और उन्हें एकजुट करना था। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपने विचार साझा किए और पीडीए समाज के उत्थान के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के आयोजन से पीडीए समाज के लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। यह कार्यक्रम पीडीए समाज के लोगों के लिए एक नई दिशा और एक नई उम्मीद का संचार करता है।

**पीडीए समाज के उत्थान के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के आयोजन से पीडीए समाज के लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।**




# खाद्य निरीक्षक ने मारा छापा,लिए दूध के सेंपल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (मोनू)।** थाना क्षेत्र असमोली के गांव हरसिंहपुर में आलीशान पुत्र बुद्धा काफी समय से दूध का काम करता है। किसी ग्रामीण ने आलीशान द्वारा नकली दूध बनाने की की शिकायत पर बुधवार सुबह को खाद्य निरीक्षक थाना क्षेत्र के गांव हरिसिंहपुर में पहुंचकर दूध कारोबारी के घर छापा मारकर सैंपल भर लिया और जांच के लिए अपने साथ ले गए।


दूध कारोबारी आलीशान ने बताया कि किसी ने शिकायत की थी कि नकली दूध बनता है। खाद्य निरीक्षक आए और सैंपल भर के ले गए। खाद्य निरीक्षक संभल ने बताया कि नकली दूध बनाने को लेकर किसी ग्रामीण की शिकायत पर आज दूध कारोबारी आलीशान के घर पहुंचा और जांच के लिए गए दूध के सैंपल के बारे में बाद में बताऊंगा।

**टारगेट** — फरवरी माह के 10 दिन में निगम ने वसूले 4 करोड़ 54 लाख हाउस टैक्स वसूली बढ़ाने को लेकर अधिकारी जोनवार कर रहे हैं बैठक, बना रहे हैं कार्य योजना

# नगर निगम 48 दिनों में वसूलेगा 138 करोड़, नगर आयुक्त ने जोनल प्रभारियों को दिया टारगेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम निरंतर शहर के विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार हाउस टैक्स वसूली को भी बढ़ाया जा रहा है गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग ने फरवरी माह के 10 दिनों में लगभग चार करोड़ से अधिक की वसूली की है वसूली को निरंतर बढ़ाने के लिए तथा ऐसे भवन जो हाउस टैक्स के दायरे से बाहर है उन पर हाउस टैक्स लगाने के लिए कार्य तेजी से कर रहा है अधिकारियों के द्वारा भी जोनवार बैठक बुलाते हुए कार्य योजना बनाई जा रही है अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा कवि नगर जोन की टीम से बैठक करते हुए कार्य योजना बनाई गई तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी हाउस टैक्स लगाने और हाउस टैक्स वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए गए' नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2025 तक टैक्स विभाग को 138 करोड़ की वसूली करने के लिए टारगेट दिया गया है जिसमें लगभग 16000 हाई राइज सोसाइटियों को भी टैक्स की दायरे में शामिल करने के लिए कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है निरंतर अधिकारी भी बैठक ले रहे हैं गाजियाबाद नगर निगम टैक्स वसूली में उत्तर प्रदेश में बेहतर स्थान प्राप्त करेगा इसके लिए कार्य योजना भी बनाई जा रही है जिसके क्रम में जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में हाउस टैक्स वसूली को बढ़ा रहे हैं वसुंधरा जोन अंतर्गत लगभग 69 करोड़ की वसूली की जानी है इसी के साथ मोहन नगर जोन अंतर्गत 17 करोड़ से अधिक वसूली करने के लिए कार्यवाही की जानी है कवि नगर अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक का टारगेट है, सिटी अंतर्गत 29 करोड़ से अधिक हाउस टैक्स वसूली की जानी है तथा विजयनगर अंतर्गत 8 करोड़ से अधिक हाउस टैक्स वसूली की जानी है सभी जोनल प्रभारी टीम सहित बेहतर कार्य कर रहे हैं नगर आयुक्त द्वारा कार्यों की सरहाना भी की गई तथा सभी को लक्ष्य निर्धारित करते हुए तेजी से कार्य करने के लिए कहा गया' मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम करदाताओं की सहूलियत हेतु अवकाश दिवसों में भी कैंप लगाकर तथा कार्यालय को खोलकर हाउस टैक्स की वसूली कर रहा है ऑनलाइन माध्यम से भी हाउस टैक्स वसूली का कार्य चल रहा है डोर टू डोर हाउस टैक्स वसूली भी चल रही है, 31 मार्च 2025 के बाद बकाया हाउस टैक्स पर ब्याज लगेगा जिससे बचने के लिए करदाताओं से अपील है कि वह अपना हाउस टैक्स 31 मार्च से पूर्व जमा करें शहर हित में शहर के विकास कार्यों को रफ्तार देने में अपना मूल्य सहयोग प्रदान करें गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अपील की जा रही है माननीय पार्षदों द्वारा भी हाउस टैक्स वसूली में विशेष योगदान दिया जा रहा है जो की सराहनीय है।



# प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई संत रविदास जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** महान समाज सुधारक सन्त रविदास की जयन्ती (माघ पूर्णिमा) आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गयी। इस अवसर पर सन्त रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर पर मौजूद कांग्रेसजनों ने कहा कि संत रविदास एक महान भक्ति संत, समाज सुधारक और कवि थे, जिन्होंने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और भक्ति का संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। संत रविदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति और सादगी का महत्व सिखाती हैं। उनके दोहे आज भी प्रासंगिक हैं और मानवता को सही दिशा दिखाते हैं। संत रविदास जयंती पर हम सभी को उनके संदेशों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

**संत रविदास जयंती पर हम सभी को उनके संदेशों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लेने की आवश्यकता है**

इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी बिहार प्रदेश शहनवाज आलम, प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान उपाध्यक्ष-प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, सिद्धि श्री दयानन्द सिंह दुसाध, सलमान कादिर, अख्तर मलिक आदि वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाने हेतु उठाया 121 लीटर गंगा जल

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**मुरादनगर।** गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाने के लिए हरिद्वार से 121 लीटर गंगा जल लेकर गिरधरपुर गौतमबुद्धनगर तक 225 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे विवेक नंबरदार पुत्र सन्नी निवासी गिरधरपुर गौतमबुद्धनगर का उनके गुरु सुमित त्यागी महाराज के साथ मुरादनगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विवेक नंबरदार गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाने हेतु 121 लीटर गंगा जल लेकर पदयात्रा कर रहे हैं। उन्होंने एक जनवरी को हरिद्वार से जल उठाकर गिरधरपुर की करीब 225 किलो मीटर की पदयात्रा 57 दिन में पूर्ण कर गंगा जल गिरधर पुर में शिवरात्रि पर चढ़ाना है। साथ में राधे, गोपू, सौरभ अभिषेक, विकास पररा का मुरादनगर गौ रक्षा दल के गुलशन राजपूत ने जोरदार स्वागत किया, इस मौके पर गुलशन राजपूत, भाजपा नेत्री ऊषा चौधरी, मोहित त्यागी काकड़ा आदि मौजूद रहे ।

# सरस्वती इन्सटीटयूट ऑफ मेडिकल साईसेंस में क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर व सीडीओ ने संयुक्त रूप से टैबलेट वितरण किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो









**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** सरस्वती इन्सटीटयूट ऑफ मेडिकल साईसेंस में टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया।स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत सरस्वती इन्सटीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस, अनवरपुर पिलखुवा हापुड़ में अध्ययनरत एम०बी०बी०एस० के छात्र/छात्राओं को तकनीकी विकास हेतु टैबलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेश सिंह तोमर क्षेत्रीय विधायक एवं हिमांशु गौतम, मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहें।धर्मेश सिंह तोमर द्वारा सभी विद्याथीयों को डिजीटल इंडिया के अन्तर्गत तकनीकी के माध्यम से आधुनिक युग के साथ जुड़ कर एक सशक्त व कामयाब डाक्टर बनने एवं छात्र/छात्राओं द्वारा टैबलेट को एक सही दिशा में उपयोग कर वैश्विक दुनिया की समस्त जानकारी प्राप्त कर आगे बढ़ सकते है एवं आप समस्त डाक्टरों का कर्तव्य है कि आपके पास जो मरीज आते है उनका विधिवत रूप से उपचार करें। हिमांशु गौतम, मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा छात्र/छात्राओं को टैबलेट के उपयोग के बारे में बताया। इस अवसर पर संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आर०के० सेहगल, संस्था के महाप्रबन्धक एन. वर्धराजन, संस्था के निदेशक आर. दत्त, मेडिकल सुपरीटेंडेन्ट डॉ० राजेश भाटिया, सीनियर अडवाईजर डा० जे०के० गोयल, एस०एम०सी० एम. नटराजन, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन डा० वाईसी० गुप्ता, हॉस्पिटल मैनेजर जय कुमार सिंह, लीगल एडवाईजर ऋषिपाल सिंह, एच०आर० मैनेजर रूपावती एवं अन्य अध्यापकगण आदि उपस्थित रहे। सरस्वती इन्सटीटयूट ऑफ मेडिकल साईसेंस के चेयरमैन जे० रामाचन्द्रन व वाइस चेयरपर्सन राम्या रामाचन्द्रन द्वारा टैबलेट प्राप्त छात्र/छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ सन्देश दिया। डॉ. आर०के० सेहगल (प्रधानाचार्य) ने टैबलेट का इस्तेमाल कर सभी छात्र/छात्राओं को आधुनिक तकनीकों से जुड़कर एक उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# चांदनी पब्लिक स्कूल बदरखा में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन, विजेता छात्र छात्रों को मेडल,प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)** । गढ़ क्षेत्र के गांव बदरखा चांदनी पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन ।कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया ।वहीं छात्र-छात्राओं और छोटे बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम के दौरान दौड़, खो-खो,क्रिकेट आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभा करने वाले छात्रों को प्रशस्ति-पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य जावेद अली ने स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम पर बोलते हुए कहा कि भविष्य में आगे बढ़ने और कामयाबी के लिए शिक्षा का एक अलग महत्व होता है। इसके बिना किसी भी क्षेत्र में सफलता पाना कठिन है ।बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ।जिससे आगे चलकर अपनी रुचि के अनुसार अपना मार्गदर्शन कर सके ।वही आए हुए मुख्य अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद किया ।वहीं छात्र छात्राएं रिशु सैनी,धनंजय, समीर, सुमैया, सुहेल, निशि,समरीन,गोल्डी चौहान, मोहम्मद शाद, आवेश, आलिया को मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
इस मौके पर ठेकेदार तरीकत, नेताजी फुरकान चौधरी, हाजी आरिफ जिला पंचायत सदस्य, फज्जू प्रधान, आलम ठेकेदार, प्रधान हसीन एडवोकेट, डॉक्टर साजिद, सतीश चौहान, ब्लॉक प्रमुख जगदीश कर्दम, सद्दाम प्रधान, प्रधान जहीर ,शिक्षक, संजीव कुमार, हाफि ज रहीस, रेखा, नसरीन, तनु, अनु, सोनम, अरशुमा,मास्टर रहीस हाफि ज तालिब सहित अन्य समस्त स्टाफ ने बच्चों को मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।वहीं अतिथियों ने स्कूल में धनराशि, लाइट और वाटर कूलर के रूप में सहयोग किया।


# टीचर्स सेल्फ केयर टीम दिवंगत शिक्षकों के परिजनों के लिए बनी मसीहा: नौशाद अली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** माध्यमिक शिक्षा विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग के मृतक शिक्षकों को सरकार या विभाग समय से समय पर मुआवजा नहीं मिलता है। जिस कारण मृतक शिक्षकों के परिजनों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता है। ऐसी स्थिति में टीचर्स सेल्फ केयर टीम दिवंगत शिक्षकों की मद्द करने का कार्य बखूबी कर रही है। टीएससीटी दिवंगत शिक्षक के परिजनों की करीब 55 लाख रुपये की मद्द कर रही है। जनपद में टीएससीटी दो दिवंगत शिक्षकों की मद्द कर चुकी है,अब तीसरे परिवार की मद्द करने की तैयारी शुरू होने जा रही है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला संयोजक नौशाद अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों ने वेबसाइट बनाकर टीएससीटी स्वयं सहायता समूह बनाया गया है।
जिसमें वर्तमान में प्रदेश में करीब माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत तीन लाख शिक्षक टीम से जुड़ चुके है। जबकि जनपद हापुड़ में 2000 शिक्षक भी सक्रिय सदस्य है। इस समूह से जुड? वाले मृतक शिक्षकों के आश्रितों के बैंक खातों में प्रदेश भर के शिक्षकों को 21 रुपये की धनराशि भेजकर मद्द कर रहे है। उत्तर प्रदेश में टीएससीटी द्वारा अभी तक 236 मृतक शिक्षकों के परिवारों की मद्द कर चुकी है।
उन्होंने बताया कि टीएससीटी क प्रदेश में जिला स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जो अपने-अपने जनपदों में टीम से जुड़े मृतक शिक्षकों की आर्थिक स्थिति का भौतिक सत्यापन करते है। जिसके उपरांत मृतक शिक्षक के परिवार की मद्द की जाती है।

- टीएससीटी की जिला इकाई ने मृतक शिक्षक के घर का स्थलीय निरीक्षण किया
- टीएससीटी द्वारा मृतक शिक्षक के परिजनों को दिये जाते है,करीब 55 लाख रुपये
- जनपद में दो मृतक शिक्षकों की परिजनों की हो चुकी है मद्द,तीसरे की मद्द करने की तैयारी
- हापुड़ में गत जुलाई माह में शिक्षक राजीव सैनी की हार्ट अटैक से मौत हुई थी
- टीएससीटी यूपी में करीब 236 मृतक शिक्षकों के परिवारों की चुकी है,मद्द
- टीएससीटी के यूपी में 3 लाख से अधिक व जिले में 2 हजार शिक्षक सक्रिय सदस्य
- टीएससीटी ने कुछ समय पहले 55-55 लाख से की 10 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की आर्थिक मद्द


नौशाद अली


जयश्री


डा.सुमन अग्रवाल


प्रीति शर्मा


डा.अकील मलिक




योगेश सैनी व मृतक शिक्षक राजीव सैनी-फाइल फोटो


मृतक शिक्षक राजीव सैनी के घर का स्थलीय निरीक्षण करती टीएससीटी

**टीएससीटी ने इन मृतक शिक्षकों के परिजनों की मद्द**

| मृतक शिक्षक | जनपद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1-अरविन्द त्यागी | हापुड़ | 50 लाख |
| 2-वरुण सक्सेना | अलीगढ़ | 55 लाख |
| 3-फारुख शमीम | देवरिया | 55 लाख |
| 4-संतोष कुमार | संत कबीर नगर | 55 लाख |
| 5-विजय कुमार मिश्रा | महराजगंज | 55 लाख |
| 6-शीशपाल | सहारनपुर | 55 लाख |
| 7-लखन सिंह | आगरा | 55 लाख |
| 8-रचना सिंह | कौशाम्बी | 55 लाख |
| 9-मनोज कुमार चौधरी | अमेठी | 55 लाख |
| 10-नरेन्द्र कुमार | कासगंज | 55 लाख |

सहित 236 दिवंगत शिक्षकों के परिवार की मद्द कर चुकी है।

**प्रत्येक टीएससीटी सदस्य करता है,मद्द**

टीम के सदस्य डा.अकील मलिक ने बताया गया कि टीचर्स सेल्फ केसर टीम का सदस्य कम से कम 19 रुपये की मद्द मृतक शिक्षक या उसकी नामिनी के खाते में भेजता है।

**टीएससीटी से जुडने की अपील की**

जनपद में टीचर्स सेल्फ केयर टीम से सबसे पहले शिक्षक डा.अकील मलिक जुड़े थे। जिसके बाद कारवां बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में टीएससीटी के जनपद में करीब 2000 शिक्षक जुड़े हुए है। उन्होंने जनपद के माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में तैनात शिक्षकों से टीएससीटी से जुडने की अपील की है।

**मृतक शिक्षक के परिजनों की मद्द करने की तैयारी**

टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला संयोजक नौशाद अली ने बताया कि जनपद के सिंभावली ब्लाक के गांव मुक्तेश्वरा में तैनात शिक्षक,टीएससीटी के सक्रिय सदस्य राजीव सैनी की गत 22 जुलाई को हार्ट अटैक से मौत हो गयी थी। अब टीम द्वारा उनके परिवार की मद्द करने की तैयारी की जा रही है।

**10 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की मद्द की**

नौशाद अली ने बताया कि टीएससीटी द्वारा गत दिसंबर व जनवरी माह उत्तर प्रदेश में 10 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की 55-55 लाख रुपये देकर मद्द की है। टीएससीटी उत्तर प्रदेश में अब तक 236 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की 88 करोड़ से मद्द कर चुकी है।

**चार वर्ष पूर्व हुआ था टीएससीटी का गठन**

टीएससीटी के सक्रिय सदस्य योगेश सैनी ने बताया कि 26 जुलाई 2020 को टीएससीटी गठन हुआ था। जिसके बाद से कारवां बढ़ता ही जा रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में टीएससीटी 3 लाख 67 हजार सक्रिय सदस्य है।
टीएससीटी द्वारा जनपद हापुड़ में भी दो दिवगंत शिक्षकों के परिजनों की मद्द कर चुकी है।

**दिवंगत शिक्षक के घर का स्थलीय निरीक्षण किया**

टीएससीटी जिलाध्यक्ष नौशाद अली ने बताया कि संस्था अध्यक्ष विवेकानंद के प्राप्त निदेशों के अनुसार बुधवार को जिला इकाई के पदाधिकारियों,सदस्यों ने मृतक शिक्षक राजीव सैनी के घर एस्टेट कालोनी में जाकर स्थलीय निरीक्षण किया।
जिसकी रिपोर्ट अध्यक्ष को भेजी गयी है। निरीक्षण करने में जिला प्रवक्ता जयश्री,जिला आईटी सेल प्रभारी योगेश सैनी,आशा,सिद्धु,आसमीन बानो, लियाकत अली, अरुण कुमार हूण, हर्ष सैनी, मोहर सिंह, श्वेता यादव शामिल थे।

# धूमधाम से मनाई गई लोकदल नेता चौधरी अजीत सिंह की जन्म जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**किसानों की आवाज बुलंद करने वाले छोटे चौधरी को श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । किसान नेता लोकदल संस्थापक पूर्व कैबिनेट मंत्री छोटे चौधरी अजीत सिंह की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष रवींद्र प्रधान और नगराध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में चौधरी अजीत सिंह की प्रतिमा के सम्मुख हवन यज्ञ कर उस महान आत्मा को नमन किया गया । जिसके बाद प्रसाद वितरण कारण चौधरी अजीत सिंह की जय जय कार की गई । इस मौके पर बोलते हुए पिलखुवा नगराध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत प्रकाश शर्मा ने लोकदल नेता चौधरी अजीत सिंह के जीवन संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे छोटे चौधरी अजीत सिंह किसानों मजदूरों और मजलूमों की आवाज बने । ओर शिखर पथ की बुलंदियों को छूने के बाद भी बेहद सादगी और ईमानदार जीवन जीते हुए एक प्रेरणा बने। जिससे हम सभी को सीख लेने की आवश्यकता है। वे हमेशा किसानों के साथ ही रहे हैं ।
पूरे जीवन किसान हितों के लिए संघर्ष करते रहे । इस मौके पर पीसी सदस्य हेमंत मिश्रा, अध्यक्ष अब्बास अली, शाहिद राणा, मास्टर अनिल शिशोदिया राणा विधानसभा अध्यक्ष, बृजेश गहलौत मीडिया प्रभारी, अंकुर त्यागी, मुकेश प्रजापति, सत्येंद्र फौजी, यूसुफ चौधरी, बिजेंद्र दिवान, मोनिका, प्रियंका, शिवकुमार चौधरी, आदित्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

रविदास जयंती

## संत को नमन कर किया गया प्रसाद वितरण

# धौलाना शौलाना में धूमधाम से मनाई गई रविदास जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** ।कस्बा धौलाना की दलित बस्ती बड़ा मोहल्ला स्थित डा भीमराव अंबेडकर भवन में संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई ।इस दौरान संत को नमन करने लोग उमड़ पड़े ।वही धौलाना थानेदार देवेन्द्र सिंह बिष्ट ने भी टीम के साथ संत को नमन किया । इस मौके पर बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेवी बसपा नेता मूलचंद गौतम ने कहा की संत शिरोमणि ने हमेशा ही लोगों को जागरूक कर नई दिशा दिखाई और अपने मूल कर्तव्य के लिए समर्पित रहने की सीख दी ।वे हमेशा ही आडम्बर से परे मस्त मौला जीवन जीते थे । उनकी रचना आज भी समाज के हर वर्ग में सुनी और सुनाई जाती है। ऐसे महान संत को हमारा नमन ।एकत्र संत भक्तों ने प्रसाद वितरण कर उनकी जय जय कार की । इस मौके पर धौलाना थानेदार देवेन्द्र सिंह बिष्ट, कस्बा प्रभारी शिवांग शेखर, रामवीर सिंह, दयानन्द जाटव, अंकित गौतम, चरणदास, मोनू गौतम, प्रकाश, जितेंद्र, संदीप, शीशपाल सिंह, जगदीश, गोपाल. धर्मपाल.. राजकुमार, लाला, डालचंद, देवीनदर, गौरव ऐड, डा पूरन सिंह, आदि सहित बड़ी संख्या में लोग रहे ।

# शबे बरात...आतिशबाजी करना बहुत बड़ा गुनाह: मुफ्ती खालिद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



- मूंग की दाल व सूजी का हलवा बनाना और बांटना भी गुनाह
- रात्रि में अकेले इबादत करने से मिलता हैं सवाब
- रात्रि में सड़कों पर घूमना व वाहनों से स्टंट करना सबसे बड़ा गुनाह

**हापुड़।** मौलाना मुफ्ती खालिद कामसी ने कहा कि शबे बरात में बंदों के गुनाह माफ होते हैं। इस रात्रि में अल्लाह तआला पहले आसमान पर आकर बंदों की दुआओं को सुनकर उन्हें कबूल करता हैं। लेकिन इस रात में मुसलमानों ने अपनी ओर से बहुत सी चीजें पैदा कर दी हैं। जिनका इस्लाम धर्म से कोई ताल्लुक नहीं हैं।
मौलाना कासमी तकरीर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शबे रात में बहुत से मुसलमान मस्जिदों में एकत्र होकर अल्लाह की इबादत करते हैं। जबकि एकत्र होकर इबादत करना गलत,मकरूह और बिदअत हैं। क्योंकि इस रात्रि में अकेले अकेले इबादत करने में सवाब मिलता हैं। और मिलजुलकर इबादत करने में सवाब नहीं बल्कि गुनाह मिलेगा। क्योंकि जो लोग मिलजुल कर इबादत करते हैं। उनमें अधिकतर एक दूसरे की देखा देखी और एक दूसरे को नीचा दिखलाने के लिए इबादत करते हैं। तो उन्हें इस्लाम धर्म के मुताबिक कोई सवाब नहीं मिलेगा। और पांच मिनट अल्लाह के लिए इबादत करने में ज्यादा सवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि शबे बरात में इस्लाम धर्म के अनुसार कोई भी इबादत करने की पाबंदी नहीं हैं। जिस इंसान पर जो कुछ भी आता हो,वह उसी को पढ़कर अल्लाह की इबादत करें। जैसा कि बहुत से लोग कहते हैं,कि इतनी नमाजे पढ़े और ये सूरत पढ़े,ये भी गलत हैं। प्रत्येक इंसान अपनी मर्जी के मुताबिक इबादत कर सकता हैं।
मौलाना कासमी ने कहा कि शबे बरात पर आतिशबाजी करना और जुलूस के तरह सड़कों पर घूमना और वाहनों से स्टंट करना बहुत बड़ा गुनाह हैं। मुसलमानों को इस गुनाह को करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि शबे बरात में बहुत से लोग जुलूस की शक्ल में कब्रिस्तान जाकर कब्रों के निकट मोमबत्तियां जलाकर प्रकाश करते हैं। इसे भी इस्लाम धर्म में मना किया गया हैं। कब्रिस्तान जाने का सही तरीका ये है,कि मनुष्य को अकेले कब्रिस्तान जाना चाहिए। शबे बरात पर मूंग की दाल व सूजी का हलवा बनाना और वितरण करना गुनाह हैं। इस गुनाह को करने से मुसलमानों को बचना चाहिए।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# आप का किला बुरी तरह ढहा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़ कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं, और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है।

2015 में आप ने 67 सीटें जीती थीं लेकिन 2020 में यह संख्या घट कर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थीं जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है।


सत्ताइस साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थीं और अब दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आप पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आप के लिए नाक का सवाल था लेकिन भाजपा ने आप को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। बड़ा सवाल यही है कि आखिर, आप की बड़ी हार के पीछे प्रमुख कारण क्या रहे? दिल्ली में आप ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विकास कार्य की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया। परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो लीं ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली। पार्टी की आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड? या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने भी कार्यकताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराने की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृतिझ कह कर आलोचना करते हुए आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में समस्याओं ने भी जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई जिससे 'आपझ की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान न होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आपझ वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो कीं ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रहीं तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा मुखर प्रचार आप के लिए बड़ी चुनौती बना। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक-धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थीं लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन न होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिर कर 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आपझ को ऐसी 'आपदाझ करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओ में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया।

# जंग-ए-आजादी के अहम किरदार थे फखरुद्दीन अली अहमद, इंग्लैंड से लौटकर संभाली स्वतंत्रता आंदोलन की बागडोर, बदायूं में थीं ससुराल, पत्नी बेगम आबिदा बरेली लोकसभा सीट से दो बार बनीं सांसद



मुहम्मद साजिद

बरेली, देश के पांचवें राष्ट्रपति मरहूम (स्वर्गीय) फखरुद्दीन अली अहमद को 1974 में भारत का पांचवां राष्ट्रपति चुना गया था। हालांकि, वह भारत के दूसरे मुस्लिम राष्ट्रपति थे। पहले मुस्लिम राष्ट्रपति जाकिर हुसैन थे। उनके कार्यकाल में भारत ने कई महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओं का सामना किया। जंग-ए-आजादी के मुख्य किरदार फखरुद्दीन अली अहमद का जन्म (पैदाइश) 13 मई 1905 को दिल्ली में गुलाम भारत में हुआ। मगर, उनका इंतकाल (निधन) आजाद भारत में राष्ट्रपति रहने के दौरान 11 फरवरी, 1977 को हो गया था। इससे पहले राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन का भी इंतकाल पद पर रहने के दौरान हुआ। उनके पिता काजी मुहम्मद अली असम के एक प्रतिष्ठित चिकित्सक थे। आपकी प्रारंभिक शिक्षा गुवाहाटी और बाद में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में हुई। मगर, उन्होंने आगे की पढ़ाई सेंट कैथरीन कॉलेज, कैम्ब्रिज (इंग्लैंड) से पूरी की। यहां से कानून की डिग्री प्राप्त कर भारत लौटे। इसके बाद जंग-ए- आजादी में कूद गए। 1925 में जब वह इंग्लैंड में थे, तब महात्मा गांधी से मुलाकात हुई थी। भारत लौटने के बाद जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े। इसके बाद 1931 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली और असम में स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। असम में गोरों के खिलाफ बिगुल बजाने वाले आप ही थे। 1935 में असम विधानसभा के लिए चुने गए। मगर, 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें ब्रिटिश सरकार ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह तीन साल तक जेल में रहे। देश की आजादी के बाद फखरुद्दीन अली अहमद ने असम की राजनीति में मुख्य भूमिका निभाई। वह कई बार असम विधानसभा के सदस्य बने और भारत सरकार में विभिन्न पदों पर कार्य किया। 1952, 1957 और 1962 में लोकसभा के सदस्य बने थे। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों में कार्य किया। इसमें 1955 से 1957 तक केंद्र में खाद्य और कृषि मंत्री, 1966 से 1967 तक श्रम मंत्री, 1970 से 1974 तक शहरी विकास मंत्री बने थे। उनका प्रशासनिक अनुभव और शांत स्वभाव उन्हें राजनीति में सम्मानजनक स्थान दिलाने में मददगार साबित हुआ। फखरुद्दीन अली अहमद 1974 में देश के पांचवें राष्ट्रपति चुने गए। मगर, उनका इंतकाल (मृत्यु) 11 फरवरी, 1977 को नई दिल्ली में हो गया। मगर, उनके कार्यकाल में सबसे बदनुमा दाग 1975 में लगाया गया आपातकाल (इमरजेंसी) था। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के आग्रह पर उन्होंने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर किए। इसकी व्यापक रूप से आलोचना हुई। 11 फरवरी 1977 को अपने कार्यकाल के दौरान ही फखरुद्दीन अली अहमद का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। फखरुद्दीन अली अहमद की राजनीतिक विरासत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और लोकतांत्रिक प्रशासन में योगदान को हमेशा याद किया जाता है। भारतीय राजनीति में अपनी सादगी, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी याद में नई दिल्ली में "फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल" स्थापित किया गया था। इसके अलावा शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके नाम पर कई पुरस्कार और संस्थान स्थापित किए गए हैं। जंग-ए-आजादी के नायक को देश खिराज-




ए-अकीदत (श्रद्धांजिक) पेश कर रहा है।

**बदायूं से की शादी, पत्नी दो बार बरेली से बनीं सांसद**

पूर्व राष्ट्रपति की शादी बरेली मंडल के बदायूं जिले की शेखपुर विधानसभा निवासी बेगम आबिदा अहमद के साथ 9 नवम्बर, 1945 को हुई। उनकी पत्नी उत्तर प्रदेश की बरेली लोकसभा सीट से उपचुनाव जीतकर जून, 1981 में सांसद निर्वाचित हुईं। यह सीट सांसद मिसरयार खां के इंतकाल के बाद खाली हुई थी। उन्होंने बरेली की जनता में अपनी विशिष्ट साख बनाई। इसी वजह से बरेली संसदीय सीट से वह 1984 में दोबारा लोकसभा पहुंचीं। मगर, 1989 में भाजपा सांसद एवं वर्तमान में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से चुनाव हार गई थीं। उनके नाम से बेगम आबिदा एक्सप्रेस ट्रेन चलती थी। मगर, अब इस ट्रेन का नाम सत्याग्रह एक्सप्रेस हो गया है।उनकी पत्नी का दिसंबर 2003 में इंतकाल हुआ।

# शबे बारात मनाने का उद्देश्य



चौ० शौकत अली चेची

त्योहारों को मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है जो बलिदान त्याग सद्भावना आपसी सौहार्द अनेकों ज्ञानवर्धक संदेश देते चले आ रहे हैं जो द्वेष भावना को समाप्त कर अमन चैन तरक्की भाईचारे का पैगाम देते हुए सदियों से परंपराओं को ताजा कर रहे है भारत मे मुख्य रूप से हर जाति धर्म के हजारों त्यौहार इसी उद्देश्य से मनाए जाते हैं। इस्लाम धर्म में शब ए बारात यानी शब का अर्थ (रात) बारात का अर्थ (बरी होना) 14 शाबान मोहजम का दिन गुजरने के बाद 15 वी तारीख की रात को शब ए बारात कहते हैं। शबे बारात चांद की तारीख पर निर्भर है दिन शुक्रवार /13/ 2 / 2025/ तारीख को विश्व में मनाने की तैयारी चल रही है इस्लामिक कैलेंडर में भी 12 महीने होते हैं हिजरी सन 1446 चल रहा है चांद दिखने के बाद पहली तारीख शुरू होती है तथा मुहर्रम को पहला महीना माना जाता है तथा शाबान को आठवां महीना माना जाता है जो फरवरी 2025 मैं चल रहा है।

अल्लाह के प्यारे रसूल ने फरमाया शाबान मेरा महीना है हदीस के मानने वालों का कहना है अल्लाह तालाह से बढ़कर दूसरा कोई नहीं। अल्लाह के हुकुम की तामीर हुई शाबान मोहजम रात में जो बच्चा इस साल पैदा होगा या किसी की भी मौत होगी उसके गुनाहों की पेशी होगी रिजेक और जिंदगी का लेखा-जोखा इकट्ठा होगा दिल से गुनाहों की माफी मांगने वालों को अल्लाह पाक रसूले पाक की सिफारिश से अल्लाह की रहमत हुई। कहा गया है 15वीं तारीख अगली साल तक पाक साफ हो जाएगा, जन्नत में जाने का रास्ता भी खुलता है लेकिन अल्लाह की मर्जी के बगैर कुछ भी नहीं है (रहमतों की रात नेकीयों का साथ गुनाहों से निजात) इस्लाम के मानने वालों के लिए यह रात बेहद फजीलत (महिमा) की रात मानी जाती है। इस रात पूरे विश्व के मुसलमान अल्लाह की इबादत करते हैं अरब देशों में लैलतुल बराह या लैलतुन निशफे मीन शाबान कहा जाता है। भारत, ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल,बांग्लादेश आदि देशो में शब ए बारात कहा जाता है (महाशिवरात्रि व शब ए बारात) मनाने की परंपराएं एक जैसी नजर आती हैं। इबादत तिलावत सखावत (दान पुण्य अरदास) मस्जिदों व कब्रिस्तानो में रौनक ज्यादा दिखाई देती है, घरों में भी अलग माहौल दिखाई देता है। नमाज कुरान तस्वी दरूद शरीफ पूरी रात पढ़कर गुनाहों की माफी मांगी जाती है सभी के लिए तरक्की अमन चैन भाईचारे की दुआ की जाती है। अपनी हैसियत के हिसाब से खैरात की जाती है जागकर अपने सगे संबंधियों को याद कर खुद को महसूस कर अल्लाह पाक से दुआ मांगते हैं! सवेरा होने पर कुछ हजरात रोजा रखते हैं। अल्लाह के प्यारे नबी ने फरमाया चार रातों में अल्लाह खैर खूब बहाता है, ईद उल अजहा की रात ईद उल फितर की रात हज की रात 15 वी तारीख की रात शब ए बारात अहम माना गया है क्योंकि इसमें नेकी गुनाह रिजेक और जिंदगी का लेखा-जोखा जिम्मेदार फरिश्तों व मलकुल मौत तक पहुंचता है तू सबके पालनहार जो समय गुजर गया उस पर तेरा शुक्र अदा करते हैं जो समय बाकी है उस पर तेरी रहमत का तलब गार है

## पूनम का चांद

पूर्णिमा की रात है धरती पर नव यौवन खिला,
रात रानी के मुस्कुराने से पवन में मकरंद घुला,
तारों की टोली गगन में निकली टिमटिमाती हुई,
अधंकार को हरा संजीवनी आभा छिटकाती हुई ।

पावन सोम रश्मियां दसों दिशाओं में जो बिखरी,
शीतल तेज से प्रकृति की रमणीक रंगत निखरी,
सोलह कलाओं से सुधाकर बरसा रहा जो सुधा,
शांत, सौम्य, सौंदर्य से सुवासित हो उठी वसुधा ।

धरती की चांद कर रहा है आज भावमय भक्ति,
जैसे जागृत हो गई हो आत्मिक संजीवनी शक्ति,
निर्मल, निश्छल, निरंजन, निरंकुश साज तरंगित,
कण-कण में बसा अनन्य प्रेम हो उठा उमंगित ।

सागर पर लहराती हुई लहरों ने रजकणों को चूमा,
आया तीव्र ज्वार समुद्र जल कम्पायमान हो झूमा,
सुप्त "आनंद" की कलिकाएं हिय में डोलने लगी,
कानों पर दस्तक दे सुरों का संगीत घोलने लगी ।

चकोर ने चांदनी रात में प्रेम संदेशा चांद को भेजा,
आज अपना खुशनुमा आलिंगन मुझे ताउम्र देजा,
हृदय गद्गद् हुआ अतंस की झिलमिलाहट से यूं,
हर प्राणी प्राणमय हुआ गुपचुप सरसराहट से यूं ।



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# सर्दियों में खो गई चेहरे की चमक? हरी सब्जियों से पाएं स्किन पर निखार



शहनाज हुसैन

आजकल तापमान में गिरावट के साथ ही हवा में ठंडक बढ़ रही है जिसकी वजह से त्वचा शुष्क, बेजान तथा निर्जीव सी दिखने लगती है। ठण्डक आपकी प्रतिरोधक क्षमता के साथ ही आपकी त्वचा तथा बालों पर भी असर करती है। ऐसे में या तो आप लोशन क्रीम, मॉइस्चराइजर बार-बार लगाते रहें और या आप प्रकृतिक तरीकों से अपने शरीर की आंतरिक प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करें जिससे आप प्रकृतिक तौर पर सुन्दर दिखेंगी तथा मौसम का मिजाज आपकी त्वचा, बालों को प्रभावित नहीं कर सकेगा। सर्दियों के मौसम में प्रकृति हमें पालक, सरसों का साग, मेथी, बथूआ, हरे पत्तों का सलाद सहित ऐसी हरी पते दार सब्जियां प्रदान करती है जिसके सेवन से हमारी त्वचा मौसम की मार को आसानी से झेल सकती है। इन हरी सब्जियों में एंटी आक्सीडेंट विटामिन, मिनरल तथा अन्य पौष्टिक तत्व विद्यमान होते हैं जोकि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ सुन्दरता को भी निखारते हैं।

1 गाजरः सर्दियों में बाजार में लाल रंग की गाजर सामान्यतः मार्केट में मिलती है जबकि बाकी सीजन में नारंगी रंग की गाजर देखने को मिलती है। गाजर विटामिन-सी से भरपूर होती है जिससे शरीर में कॉलाजन की उत्पत्ति होती है जो कि त्वचा को कोमल, मुलायम तथा लचीला बनाती है। गाजर में विद्यमान विटामिन ए से चेहरे पर झुर्रियां रोकने में मदद मिलती है। गाजर को फेस मास्क के रुप में प्रयोग किया जा सकता है। गाजर को पानी में उबाल कर ठण्डा होने दें तथा ठण्डा होने पर इसे मसल कर बनी लुगदी को चेहरे पर लगाकर थोड़ी देर बाद चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की प्रकृतिक आभा में निखार आएगा। इसके नियमित प्रयोग से कील-मुहांसों तथा काले धब्बों से निजात मिलेगी।

2 खीरा----खीरे में सौंदर्य मिनरल ह्यह्यसीलिकाह्लह्ल विद्यमान होता है जिसकी वजह से त्वचा की रंगत में निखार आता है तथा त्वचा कोमल व मुलायम हो जाती है। खीरा प्राकृतिक टोनर होता है। तैलीय त्वचा के लिए आप खीरे के रस को सीधे त्वचा पर लगाकर 15 मिनट बाद साफ पानी से धो डालें। खीरे के रस तथा गुलाब जल को मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद पानी से धो डाले। खीरे के गाढ़े गूदे में दो चम्मच गुलाब जल डालकर बलेंड कर लें तथा इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 30 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। खीरा अस्ट्रिन्जन्ट होता है तथा टोनिंग और रिफ्रेशिंग के अलावा यह त्वचा के छिद्रों को बंद करता है तथा तैलीयपन को कम करता है खीरे को कद्दूकस करके या खीरे के रस को आंखों के इर्दगिर्द त्वचा पर लगाने से डार्क सर्कल कम होते हैं तथा त्वचा की रंगत में निखार आता है।

खीरा खाने से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती हैं। खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट के कारण त्वचा पर झुर्रियां और स्किन रेडनेस की समस्या से भी राहत मिल सकता है।

3 पालक- पालक- सेहत का खजाना माना जाता है। इसका जादुई असर खाने और लगाने दोनों से मिलता है। पालक में फाइबर प्रोटीन विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन.के विद्यमान होता है और इसके अतिरिक्त इसमें आयरन फोलेट और पोटेशियम पाया जाता है ।पालक का फेस मास्क चेहरे की खूबसूरती निखारने में अहम भूमिका अदा करता है। दही और पालक का फेस पैक बनाने के लिए आप पांच पत्तों के हिसाब से तीन चम्मच दही ले सकते हैं। इन दोनों चीजों को एक साथ मिक्सर में ग्राइंड कर लें। पालक का पेस्ट बनाकर भी दही में मिक्स कर सकते हैं।इस पेस्ट को कम से कम 10 मिनट तक अपने चेहरे पर लगा कर रखें। चेहरे को गुनगुने पानी से धोएं। इस पेस्ट से चेहरे का पिगमेंटेशन धीरे.धीरे कम होने लगेगा और आपकी त्वचा में ताजगी और रंगत में निखार आएगा। पालक का फेस मास्क बनाने के लिए पालक की 10--.15 पत्तियां, 1.2 बड़े चम्मच बेसन, 2.3 बड़े चम्मच दूध, 1 चम्मच शहद. लें। पहले पालक की पत्तियों को अच्छी तरह से धो लें ताकि मिट्टी ,गंदगी साफ हो सके। अब पालक की पत्तियों को मिक्सर में पीसकर फाइन पेस्ट तैयार कर लें।कांच के कटोरे में पालक का पेस्ट डालें और उसमें दूध, शहद और बेसन मिलाकर पेस्ट तैयार करें।इस फेस पैक को चेहरे और गर्दन पर अच्छी तरह से लगाएं और सूखने के बाद साफ ताजे पानी से धो लें इस पैक को हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करने से चेहरे की रंगत में निखार आएगा और त्वचा कोमल और मुलायम बनेगी।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** — करियर पर काफी फोकस करने की आवश्यकता है, इधर-इधर समय ना गवाते रहे, भगवान शिव की भक्ति करें, व्यसन में अब तक जितना धन खर्च किया है उसे छोड़ने का संकल्प करें। भाग्य प्रतिशत-51

**वृषभ** — जीवन साथी की इच्छाओ को समझे, शिक्षा बढ़ाने करियर बनाने का मौका दे, बैंकिंग,अकाउंट क्षेत्र वाले उत्तम प्रगति करेंगे, दोस्तों के उकसावे पर व्यसन ना शुरू करे। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन** — ठंडी जगह घूमने के बीच स्वास्थ्य समस्या हो सकती है, वाहन का ध्यान रखें, बाहर का खाना ज्यादा ना खाए, संगीत क्षेत्र से जुड़े है तो कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-51

**कर्क** — वादियों में घूमने का आनंद मिलेगा, स्ट्रेस भी कम होगी, दूसरी नौकरी की तलाश तेज करेंगे, प्रेम समबन्ध में ध्यान रखे। भाग्य प्रतिशत-54

**सिंह** — बाधाओं के साथ कार्य होंगे, विवाद हुआ है तो विजय होगी लेकिन उसे जल्दी खत्म करें, छोटी मोटी सर्जरी का योग भी है। भाग्य प्रतिशत-50

**कन्या** — पड़ोस में अनहोनी की संभावना है, उच्च वर्ग से मित्रता फि लहाल काम नहीं आयेगी, सफलता में मुश्किल होगी,भाई से विवाद बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-48

**तुला** — प्रेम मिलेगा, खर्चे भी बढ़ेंगे, विवाह के लिए मार्ग प्रशस्त होगा, घर में किसी की तबियत ना बिगड़े ध्यान रखें, काम पर फोकस करें। भाग्य प्रतिशत-60

**वृश्चिक** — केस में उलझ सकते है, काफी तनाव भी बढ़ेगा, बहुत परिश्रम से ही थोड़ा सुख सम्भव है, हाथो कंधों का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-48

**धनु** — किसी से उलझे नहीं, वाणी का प्रयोग भी सोच समझकर करें, टैलेंट का लाभ अवश्य मिलेगा, धन भी बढ़ेगा, नस में खिंचाव, कमर दर्द सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-56

**मकर** — सब कुछ रुका हुआ लगेगा, प्रेम समबन्ध या वैवाहिक सबंध में कोई बात खुलने से बिगाड़ होगा, शरीर में कैल्शियम कम हो सकता है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-47

**कुंभ** — रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है, ठंड, कफ रोग से भी बचे, प्रोमोशन मिलने में कोई बाधा डाल सकता है, कानूनी मामला देखेंगे। भाग्य प्रतिशत-47

**मीन** — इन्वेस्टमेंट लाभ देगा, मेडिकल स्टोर चलेगा, कानूनी मामला भी देखेंगे, फैशन की कोई चीज खरीद सकते है, संतान को लेकर चिंता बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-53



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# आज विश्व रेडियो दिवस-पर विशेष: लोगों के जेहन में रेडियो-मधुर संगीत से मन मस्तिष्क को तरो-ताजा कर देता



डॉ. बी.आर. नलवाया

आज विश्व रेडियो दिवस मनाने की पहल स्पेन रेडियो एकेडमी ने पहली बार 2010 में की। उसके बाद 2011 ने यूनेस्को की महासभा के 36 वें सत्र में हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने की घोषणा हुई। इसके बाद 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसकी मंजूरी दी।

जमाना चाहे कितना भी आधुनिक हो जाए लेकिन रेडियो का दौर आज भी लोगों के जेहन में मधुर संगीत की तरह तरोताजा करता रहता है ,निश्चित ही मन आनंदित और प्रफुल्लित हो जाता है। क्योंकि सूचना के आदान प्रदान, लोगों को शिक्षित व जागरूक करने उनका मनोरंजन करने से लेकर बच्चों, किशोरों एवं युवाओं को अपनी बात कहने का एक मंच दिया है। यह विदित है की भारतवर्ष में 1924 में मद्रास प्रेसीडेंसी रेडियो क्लब के द्वारा पहली बार रेडियो कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। 1927 में बंबई (मुंबई) में इंडियन ब्रॉड कास्टिंग कंपनी की स्थापना हुई और इसमे बंबई और कलकत्ता (कोलकाता) में एक साथ कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया। 1932 में भारत सरकार ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय की स्थापना की और उनके द्वारा ऑल इंडियन रेडियो की सेवाओं को प्रारंभ किया गया। आकाशवाणी के द्वारा घरेलू और विदेशी दोनों ही सेवाओं से संबन्धित कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है।

1947 में भारत की स्वतंत्रता के समय ऑल इंडिया रेडियो के केवल 6 केंद्र थे। 4 जनवरी, 2023 की स्थिति में आकाशवाणी के 500 से अधिक प्रसारण केन्द्रों संचारण होता है। केंद्र सरकार ने 2,500/- करोड़ रुपए से अधिक की राशि इन केन्द्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर के दूर दराज के इलाकों मे भी इनका प्रसारण सुधारने के लिए पूर्व के वर्षों में कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया। बुनियादी ढांचे की विस्तार और अब अपग्रेड़शन के तहत आकाशवाणी के एफएम रेडियो स्टेशनों के प्रसारण क्षेत्र का दायरा बढ़ाने और नक्सल वाद प्रभावित क्षेत्रों तक जागरूकता लाने के अवसर दिये गए। आकाशवाणी के एफएम चेनलों की कवरेज देश की 80% आबादी तक बढ़ाना भी है, भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से इसका विस्तार 66% तक किया जाएगा।

देश में एफएम रेडियो के माध्यम से कई जानकारियां जनता को मिलती है विशेष तौर से व्यावसायिक जानकारी जिसमें कम कीमत पर दुकानदार जो माल देता है, उसकी जानकारी भी एफएम रेडियो देता है। रेडियो में एफएम रेडियो का बहुत बड़ा प्लेटफार्म है। एफएम रेडियो पर दो आर जे जब स्थानीयकृत बोली में अपनी जिंदगी से जुड़ी बातें करते थे, तब कुलदीप उसे बहुत ध्यान से सुनते थे। रेडियो के जानकार मनोज कुमार का कहना है कि अपनी भाषा संस्कृति को बचाने की दिशा में छोटे-छोटे रेडियो स्टेशन बड़ा काम कर रहे हैं, यह उल्लेखनीय की सरकारी रेडियो आकाशवाणी का पहले पूरे भारत में एक छत्र राज हुआ करता था। इसके बाद समय के साथ निजी एफएम रेडियो की संख्या बढ़ती गई, तो आकाशवाणी से इसके मुकाबले के लिए विविध भारती को खड़ा किया है, अब तो यह स्थिति है, कि मंदसौर जैसे शहर में भी एक रेडियो जो निजी रेडियो चैनल कहलाता है, उस पर ज्ञानवर्धक जानकारी से लेकर मनोरंजन तक की सामग्री परोसी जाती हैं, अब एफएम चैनल भी मोबाइल, पॉकेट रेडियो के तौर पर खूब चल रहा है। कोरोना काल में जब सब कुछ बंद था, तब रेडियो ने शहर ही नहीं बल्कि छोटे गांव में भी लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया, तब रेडियो ने लोगों में सकारात्मक फैलाई, अब ऐसा आभास होने लगा है, कि एफएम रेडियो के जरिए युवाओं में भी इसकी लोकप्रियता बढ़ायी जाना चाहिए।

आज नवीन तकनीक के दौर में भी रेडियो का महत्व कम नहीं हुआ, पहले भारतीय प्रसारण सेवा, फिर आल इंडिया रेडियो इसके बाद आकाशवाणी के रूप में रेडियो अस्तित्व में रहा। विविध भारती और एफएम प्रसारण में मनोरंजन को नई दिशा दी, अब एक और नया आयाम कम्यूनिटी रेडियो लगातार विस्तार की ओर अग्रेषित है। इस समय मध्य प्रदेश में कई कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन कार्यरत है। जिनमे 8 आदिवासी क्षेत्रों में सूचना और शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति से जोड़े रखने में जुटे है। वर्ष 2008 के आस पास इस प्रदेश के चँदेरी में कम्यूनिटी रेडियो की शुरूआत हुई।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अपने ह्मन की बातह्न को रेडियो के प्रसारण को प्राथमिकता देते है। उनका मानना है की रेडियो विरासत और आदत का हिस्सा है। कार्यक्रम की लोकप्रियता भी बढ़ी है। अब 2024 से डिजिटल रेडियो की योजना है। हाल ही में प्राइवेट एफएम को आकाशवाणी बुलेटिन रि-ब्रॉडकास्ट करने की अनुमति तो है ही, रेडियो दिवस के अवसर पर यह तय किया गया था की एफएम रेडियो आकाशवाणी के बुलेटिन को अपनी आवाज में पेश कर सकते है।

आकाशवाणी से रेडियो के माध्यम से बच्चों, महिलाओं, औध्योगिक मजदूरों, विज्ञान, कृषि तथा गृह इकाई, युवा वर्ग, नई शिक्षा नीति, खेल और मौसम के विशेष कार्यक्रम के प्रसारण के साथ ही घरेलू सेवाओं में शास्त्रीय, लोक, सुगम, भक्ति, फिल्मी, और पश्चिम संगीत, वाघवृंद तथा समूह गायन मंडली, पुराने संगीत के रेकॉर्ड, कवि सम्मेलन, रूपक, नाटक, राष्ट्रिय एकता एवं परिवार कल्याण के कार्यक्रम भी प्रसारित होते रहते है। गुट निरपेक्षता, सांप्रदायिक सद्भाव, स्वास्थ्य, ऊर्जा की बचत, पिछड़े वर्गों का उत्थान, पर्यावरण संरक्षण, लोक तंत्र, न्याय संगत प्रगति, गरीबी, बेरोजगारी आदि पर अनेक विषयों पर अनेकों बार वाताएं एवं परिचर्चाएँ होती रहती है और आम जनता में जागरूकता और शिक्षा प्रदान की जाती है। रेडियो दिवस के अवसर पर रेडियो से आप सभी लाभान्वित होते रहें।

**शोध निर्देशक-वाणिज्य विभाग**
**शासकीय पीजी महाविद्यालय - मंदसौर**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सेवा बस्ती में मनाई संत रविदास जयंती, लोगों ने संत शिरोमणि को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों द्वारा नौरंगाबाद स्थित



आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती मनाई गई। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ती ममता शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं संघ के पदाधिकारी विभागप्रचार प्रमुख भूपेंद्र कुमार शर्मा, भाग सेवा प्रमुख सुनील शर्मा भंडारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।विभाग प्रचार प्रमुख भूपेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि संत रविदास जी एक महान संत, एक दार्शनिक कवि और समाज सुधारक थे। इनकी गणना भारत में ही नहीं, अपितु विश्व के महान संतों में होती है। इनका उपनाम रैदास है।

सभी लोगों ने फूलमाला अर्पित कर उनको शत-शत नमन किया।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी एवं सहायिका वेलफेयर एसोसियन की प्रदेश महामंत्री ममता शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भूपेंद्र कुमार शर्मा, सुनील भंडारी, देवेन्द्र पाल सिंह, राशन डीलर सुमन लता, ममता चैधरी, प्रिंस, संदीप, शकुंतला देवी, प्रशांत, मंजरी देवी, बंटी आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा संरक्षक एवं सामाजिक क्रांति के अग्रदूत संत शिरोमणि रविदास जी के 648 वे जन्मदिवस पर पुष्पांजलि एवं रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन कार्यक्रम हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं सामाजिक क्रांति के अग्रदूत संत शिरोमणि रविदास जी के 648 वे जन्मदिवस पर कैंप कार्यालय कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर संरक्षक दिनेश आनंद पापे एवं धनीराम प्रधान जी की संयुक्त अध्यक्षता में भव्य पुष्पांजलि एवं रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन कार्यक्रम डॉ भानु प्रताप एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित किया गया ' जिसका संचालन चित्रसेन मौर्य ने किया ।कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत रविदास जी के चित्र पर प्रतीकात्मक पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया गया, विशेष



रूप से इस मौके पर एक बुजुर्ग दिव्यांग को ट्राई साइकिल संगठन के संरक्षक विशम्बर दयाल कर्दम द्वारा सप्रेम भेंट की गई इस मौके पर मुख्य रूप से पधारे रमेश सैनी महानगर अध्यक्ष बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी मथुरा एवं पवन चतुवेर्दी भारतीय किसान यूनियन सुनील राष्ट्रीय प्रवक्ता, राजवीर सिंह अध्यक्ष भारतीय सुहेलदेवसमाज पार्टी मथुरा ने संयुक्त रूप से संत रविदास जी के विचारों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताकर कृतज्ञता व्यक्त की,साथ ही उनके द्वारा सामाजिक क्रांति के क्षेत्र में दिए गए योगदान को परिलक्षित करते हुए कहा की आडंबर,अंधविश्वास,अशिक्षा जैसी बुराइयों से बचने के लिए रविदास के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया, साथ ही मानव मानव एक समान के संकल्प को लेकर बल दिया' इस मौके पर लुकेश कुमार राही ने कहा सामाजिक सौहार्द की देश में आवश्यकता है साथ ही सांप्रदायिक ताकतों से बचकर आपसी भाईचारा अपना कर संत रविदास को सच्ची पुष्पांजलि भेंट कर कृतज्ञता व्यक्त की जा सकती है कार्यक्रम में रमेश सैनी,डॉ भानु प्रताप सिंह,अनिल कुमार, संजय सैनी लक्ष्मण आनंद, अजय सनवाल,विमल कुमार, राजेश टूंडला, मुकेश सैनी,ओमपाल सैनी, बृजलाल कामरेड,अमरचंद,चित्रसेन मौर्य, एस एन भारती, मुजाहिद कुरैशी, अशोक रावल, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, आर के सिंह, राजेश कुमार, अंकित सागर, थानसिंह, राजू सर, नरेश सर, असलम कुरैशी, फैजान कुरैशी, डॉ अरुण कुमार, गंगा राम सोनी,विशम्बर दयाल, आकाश।

# गुरुकुल विधा पीठ में लगा विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर गुरुकुल विद्या पीठ,पुष्प विहार मथुरा मे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान कल्याणं करोति, मसानी मथुरा के द्वारा आज विद्यालय में एक नेत्र चिक्तिसा शिविर लगाया गया ,जिसमे विद्यालय से जुड़े छात्र व अभिभावकों ने नेत्र परीक्षण कराये साथ ही क्षेत्र वासियों ने भी चिकित्सा सुबिधा का खूब उठाया लाभ आज विद्यालय में छात्र,अभिभावक एवं अध्यापक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था जिसमे छात्र,अभिभावकों ने प्रतिभाग किया साथ ही नेत्र परीक्षण चिकित्सा सुबिधा का खूब उठाया लाभ,सभी ने विद्यालय व्यवस्था व अध्यापन कार्य की जमकर की तारीफ



वहीं वुजुर्गों को चिकित्सा सुबिधा के रूप में बाँटी गयी दवाइयाँ वआई ड्रॉप कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम अध्यक्ष्या श्रीमती मोहिनी शर्मा सदस्य न्यायपीठ बाल कल्याण समिति, मथुरा एवं विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमति कंचन राठौर के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं देवी माँ सरस्वती को मालयांपर्ण के साथ हुई कार्यक्रम में विद्यालय अध्यापक अतुल कुमार, मधुबघेल, गुंजन वर्मा, मधुरूहेला, यशस्वी ,मुस्कान, लक्ष्मी, इन्शिका मैम आदि उपस्थित रहे विद्यालय प्रबंधक जितेन्द्र राठौर के द्वारा आप सभी गणमान्य क्षेत्रवासियों को पटुका पहनाकर किया गया स्वागत,भाजपा नेता घनश्याम सैनी, घनश्याम गौतम , ब्रजमोहन सैनी, मदन सैनी , लाला राम सैनी, तुलाराम सैनी, गोविंद जादौन, हंसराज शर्मा जी, मोहिनी शर्मा, एवं समाज सेवी, युवा साथी।

# मथुरा द्वारा इनरव्हील क्लब के सहयोग से निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** समाज की सच्ची उन्नति तब होती है जब उसमें कोई भी असहाय न रहे। इसी उद्देश्य के साथ कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा इनरव्हील क्लब, मथुरा के सहयोग से निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह आयोजन कल्याण धाम, मसानी-दिल्ली मार्ग, सरस्वती कुण्ड, मथुरा में संपन्न हुआ।





मुख्य अतिथि प्रभा रधुनन्दन ने कहा, समाज के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि हम जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग करें। दिव्यांगजन न केवल सहानुभूति के पात्र हैं, बल्कि उन्हें प्रोत्साहन, संसाधन और अवसर देकर हम उन्हें सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने कल्याणं करोति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और इसे समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। लता गोयल, इनरव्हील क्लब, मथुरा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की असली पहचान उसके कमजोर और वंचित वर्गों के प्रति उसकी संवेदनशीलता से होती है। दिव्यांगजन न केवल सहानुभूति बल्कि सशक्तिकरण के भी अधिकारी हैं। समाज के हर वर्ग को उनके उत्थान में सहयोगी बनना चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। समाज के हर वर्ग को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए आगे आना चाहिए। मंच का संचालन आर. पी. प्रजापति ने किया। मधुबाला गर्ग ने उपस्थित सभी अतिथ्यिों का हदयगत आभार व्यक्त किया। इस षिविर में 03 दिव्यांग भाईयों 03 कृत्रिम पैर निःषुल्क रूप से प्रदान की गई। इस अवसर पर पूनम सिंह, सचिव, रषमी भार्गव, मंजू गर्ग, अरूणा बसंल, संध्या अग्रवाल, षिप्रा राठी, कृष्णा बंसल, उमा अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी की जयंती होली गेट चौराहे धूमधाम से मनाई गईपर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओ पदाधिकारीयो ने राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी के नेतृत्व में किसानों के मसीहा पूर्व केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष परम श्रद्धेय स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की जयंती मथुरा महानगर के हृदय स्थल होली गेट चौराहे पर कैला बिस्किट मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से मनाई गई । किसान नेताओं ने स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी मथुरा राजवीर सिंह जी व वरिष्ठ किसान नेता दिनेश आनंद पापे जी थे भारतीय किसान यूनियन सुनील



के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा किसानो के मसीहा चौधरी अजीत सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए किसानों के एकमात्र नेता चौधरी अजीत सिह जी थे जिन्होंने जीवन भर किसानों गरीबों मजदूरों की सेवा की किसान नेता नेता दिनेश आनंद पापे महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी महानगर संयोजक असलम कुरैशी ने कहां मथुरा महानगर के किसी भी प्रमुख चौराहे पर किसानों के मसीहा चौधरी अजीत सिंह जी की प्रतिमा स्थापित की जाए इस मौके उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव महानगर संयोजक असलम कुरैशी युवा प्रदेश उपाध्यक्ष चिरागुद्दीन कुरैशी महासचिव महानगर प्रेम सिंह कर्दम किसान नेता तनवीर कुरेशी अशोक रावल प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# हर हर महादेव,बम बम भोले के उद्घोष के साथ पंचमी अमृत स्नान संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ/प्रयागराज।** विश्व विख्यात महाकुम्भ मेला में नागाओं एवं अखाड़ों का त्रिवेणी संगम में शाही स्नान का विशेष महत्व है,संक्रांति शाही स्नान के बाद मौनी अमावस्या के स्नान के पश्चात सोमवार को बसंत पंचमी का स्नान किया गया।महाकुंभ मेला प्रशासन ने अखाड़ों को सोमवार तड़के शाही स्नान के लिए निर्धारित समय प्रदान किया था। इस अवसर पर नागा संन्यासियों और साधु-संतों ने पारंपरिक साज सज्जा के साथ स्नान किया। रथों, हाथियों, ऊंटों और घोड़ों पर सवार होकर संगम तट पहुंचे। उनके साथ तलवारें, गदा और रत्नजड़ित मालाओं की भव्यता देखी गई। स्नान के उपरांत संतों ने अपने शिविरों में पूजा अर्चना की। इसी क्रम में वैदिक ज्योतिष संस्थान एवं विश्व कल्याण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शहर के धर्म गुरु पूज्य स्वामी श्री पूणार्नंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में चल रहे हरिगढ़ साधना शिविर के दौनो शिविरों के श्रद्धालुओं ने महानिवार्णी अखाड़े के सन्यासियों एवं नागाओं



के साथ अमृत स्नान किया। हर हर महादेव,जय गंगा मईया और बम बम भोले के जयकारे के साथ लाखों की भीड़ में मौजूद श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में गोते लगाए। प्रातः दो बजे स्वामी जी ने अपने अनुयायिओं के साथ शिविर से अपने अपने वाहनों से अखाडे में प्रस्थान किया हाथों में ध्वजा और मुख से भगवान नाम संकीर्तन करते हुए सभी भक्तों ने अमृत स्नान किया।अपराह्न काल में शिविर में आने के बाद सभी भक्तों द्वारा देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वैदिक मंत्रो एवं श्री शूक्त और पुरुषशूक्त द्वारा महायज्ञ में आहुतियाँ दिलवायीं जिसका संचालन आचार्य गौरव शास्त्री,ऋषि शास्त्री,रवि शास्त्री,ओम वेदपाठी,माधव शास्त्री द्वारा किया गया।इस अवसर पर स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज ने उपस्थित भक्तों के समक्ष जानकारी देते हुए कहा कि तीर्थ क्षेत्र में किया गया कोई भी शुभ कार्य अन्य क्षेत्र में किये गए कार्य से अनंत गुना फल देता है,प्रयागराज तो तीर्थ का राजा है इसलिए शास्त्रोंक्त एवं पौराणिक विशेष महत्व रखता है।मान्यता है कि शाही स्नान से व्यक्ति के जाने अनजाने में किये गए कायिक,वाचिक एवं मानसिक पापों से मुक्ति मिलती है, अखाड़ों के नागाओं एवं सन्यासी द्वारा भाले के साथ शाही स्नान किया जाता है,क्योंकि भाला अखाड़ों के इष्ट के प्रतीक हैं।

# डिफेंस कॉरिडोर अलीगढ़ नोड में एक और इकाई हुई उत्पादनरत नित्या क्रिएशन द्वारा किया गया उत्पादन प्रारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** डिफेंस कॉरिडोर अलीगढ़ नोड का अलीगढ़ मंडल की मंडल आयुक्त संगीता सिंह द्वारा भ्रमण किया गया तथा डिफेंस कॉरिडोर में चल रहे

**मंडलायुक्त अलीगढ़ ने किया इकाई का भ्रमण**

और अवस्थापना सुविधा कार्य की समीक्षा की गई। मंडल आयुक्त द्वारा डिफेंस कॉरिडोर के भ्रमण के दौरान नवीनतम संचालित इकाई नित्या क्रिएशन का भ्रमण किया। अन्य आवंटियों के





साथ एक बैठक की गई । बैठक में इकाई स्थापना में आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए संयुक्त विकास आयुक्त को निर्देशित किया गया कि समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को पत्र निर्गत कराया जाए। अब स्थापना सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आगामी 15 दिन के अंदर पूर्व से स्थापित स्ट्रीट लाइट पोल्स पर स्ट्रीट लाइट लगाना तथा उसका संचालन सुनिश्चित कराया जाए। सीवरेज तथा आंतरिक सड़कों के निर्माण के संबंध में भी 15 मार्च 2025 तक कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए ।उद्यमियों की मांग पर इकाइयों में अस्थाई एल टी कनेक्शन कराए जाने को लेकर मुख्य अभियंता दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से समन्वय स्थापित करने के निर्देश यूपीआईडी के अधिशासी अभियंता को दिए गए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खैर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन ,संयुक्त आयुक्त उद्योग , न्च्म्क। के आगरा परिक्षेत्र के अधिकारी गण तथा उद्यमी नवनीत वार्ष्णेय तथा अन्य आवंटी उपस्थित रहे।

# बीयर फैक्ट्री के गोदाम से चोरी की पेटियों समेत 6 शातिर चोर दबोच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कोतवाली अतरौली क्षेत्र स्थित अहमदपुरा स्थित बीयर फैक्ट्री के गोदाम से दो सुरक्षा गार्डो को बंधक बनाकर चाकू की नौंक पर बीयर की पेटी चोरी की घटना में पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों को नकदी और चोरी की बीयर पेटी सहित गिरफ्तार कर लिया है ।बुधवार कोएसपी ग्रामीण अमृत जैन कोतवाली अतरौली में प्रेसवार्ता में बताया कि 4 जनवरी को रामघाट रोड स्थित अहमदपुरा सिथत बीयर गोदाम से अज्ञात आधा दर्जन चोर दो सुरक्षा गार्डो को चाकू दिखाकर धमकाया और उन्हे बंधी बना लिया और 90 बीयर पेटी चुराकर ले गये। जिसका संज्ञान लेते हुए, इंटेलीजेंस टीम ने अतरौली पुलिस के सहयोग इस



घटना का खुलासा करते हुए 12 नरेना पेठ मैदान से अभियुक्त जयप्रकाश लोधी पुत्र नत्थू सिंह निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़, जयप्रकाश पुत्र गंगा प्रसाद उर्फ मट्टू सिंह निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़, राकेश उर्फ कालू पुत्र बहादुर सिंह निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़, मनोज पुत्र गजराज निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़, मुनेन्द्र पुत्र गेंदालाल निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ और राहुल पुत्र सूरजपाल निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये अभियुक्त से लूटी 27 पेटी किंग फिशर स्ट्राँग माल्ट बीयर कुल (648 अदद बीयर कैन) व 30,000 रुपए नगद, 3 अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त इलैक्ट्रिक थ्रीव्हीलर भी बरामद किया है।

**आयोजन** कमान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जरूरत पड़ने पर नागरिक अधिकारियों को सहायता भी प्रदान करती है

# उत्तरी कमान अलंकरण समारोह 12 फरवरी 2025 को मथुरा में आयोजित हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ/मथुरा।** वीरता और विशिष्ट सेवाओं के व्यक्तिगत उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान करने के साथ-साथ उत्तरी थिएटर में असाधारण वीरता प्रदर्शन के लिए इकाइयों के प्रयासों की सराहना करने के उद्देश्य से उत्तरी कमान अलंकरण समारोह 12 फरवरी 2025 को मथुरा में आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम ने सैन्य अधिकारियों और सैनिकों को उनके कर्तव्य से परे बहादुरी के कार्यों और राष्ट्र के प्रति उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए वीरता और विशिष्ट सेवा पदकों से अलंकृत किया। इस दौरान कुल 38 सेना पदक (वीरता), 05 सेना पदक (विशिष्ट), 02 युद्ध सेवा पदक और 10 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए गए। जनरल ऑफिसर ने प्रतिकूल इलाके और चुनौतीपूर्ण सुरक्षा स्थिति के तहत उत्तरी थिएटर में तैनात होने के दौरान संचालन, रखरखाव और संचार में उनके असाधारण व्यावसायिकता और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए इकाइयों को जीओसी-इन-सी यूनिट प्रशंसा भी प्रदान की।

अपने संबोधन के दौरान जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने वीरता और विशिष्ट सेवाओं के लिए पदक विजेताओं तथा सामूहिक असाधारण प्रदर्शन के लिए इकाइयों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पदक विजेताओं के प्रयासों और उनके योगदान ने उत्तरी सेना को मजबूत बनाया है। जीओसी-इन-सी ने वीर




नारियों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें समाज में उनके पुनर्वास में सहायता के लिए सेना की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। जीओसी-इन-सी ने पुरस्कार विजेताओं के परिवार के सदस्यों को भी बधाई दी और सभी रैंकों को हमेशा सतर्क रहने और किसी भी सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। पुरस्कार पाने वालों में अधिकारी, जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) और जवान शामिल थे जिन्होंने कर्तव्य के दौरान असाधारण साहस, वीरता और बलिदान का प्रदर्शन किया है। लद्दाख स्काउट्स के मेजर प्रसून पांडे ने बहादुरी और निस्वार्थता के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन करते हुए, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के दौरान हमले के तहत एक चिकित्सा निकासी टीम को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। मद्रास रेजिमेंट के मेजर लालडिंगनघेटा ने गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद नेतृत्व और सूझबूझ का प्रदर्शन किया, जिससे घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया और कोर ऑफ इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) के एक अधिकारी कैप्टन रोहन रवीन्द्र हनागी ने सियाचिन ग्लेशियर में अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए बहादुरी का प्रदर्शन किया, जिसके कारण उन्हें सुरक्षित निकाला गया। उसकी और उसके जवानों की, जो सभी बीस फीट बर्फ के नीचे दबे हुए थे। इसी तरह, राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही ताराचंद रणवा ने जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी से गहन गोलीबारी की और राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही मुत्तु सप्पुरी ने जम्मू-कश्मीर के एक गांव में फिर से एक आतंकवादी को बहुत करीब से मार गिराने में त्वरित सोच और कच्चे साहस का प्रदर्शन किया, जो मानव जीवन की रक्षा करने और सैन्य व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। दोनों सिपाहियों को उनके साहसी कार्यों के लिए वीरता के लिए सेना पदक से सम्मानित किया गया। एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास में असम रेजिमेंट के नायक लालहमंगईसंगा चिनजाह ने अपने गंभीर रूप से बीमार पोस्ट कमांडर को बचाने के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सौहार्द का परिचय दिया जिससे उनकी जान बच गई।

उत्तरी कमान अलंकरण समारोह देश की उत्तरी सीमाओं की सुरक्षा बनाए रखने में सैनिकों और इकाइयों की वीरता और बलिदान की एक गंभीर याद दिलाता है। उत्तरी कमान अपने लोकाचार 'ऑलवेज इन कॉम्बैट' के साथ, भारतीय सेना की सबसे अधिक सक्रिय कमान है जो दो विरोधियों से निपटती है और भीतरी इलाकों में आतंकवाद के खतरे का मुकाबला भी करती है। कमान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जरूरत पड़ने पर नागरिक अधिकारियों को सहायता भी प्रदान करती है।

मथुरा कैंट में उत्तरी कमान अलंकरण समारोह-2025 को 'गो ग्रीन' थीम के तहत पर्यावरण-अनुकूल तरीके से आयोजित किया गया, जिसमें परिवहन के रूप में पुनर्नवीनीकरण सामग्री और सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने की प्रमुख पहल शामिल थी, जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

# जलाशयो से जलकुंभी हटाए प्रशासन हजारो परिदो को बने सहारा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** हरितिमा पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री सुबोध नंदन शर्मा ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक झील, पोखर, तालाबों की अलीगढ़ जनपद में कोई कमी नहीं है लेकिन देखरेख के आभाव में कई बड़े-बड़े जलाशय अतिक्रमण और प्रदूषण से ग्रस्त हैं, ऐसी स्थिति में भी जनपद में जलाशय भी संपन्नता के साथ दिखाई पड़ जाते हैं जिसका उदाहरण विकास खंड अकराबाद के अंतर्गत ग्राम दभा दभी का जलाशय है, जहां जलकुंभी के बावजूद जलाशय में आज भी हजारों की संख्या में पक्षी विद्यमान हैं, यदि प्रशासन थोड़ा सा भी इस और ध्यान दें तो उसमें मौजूद जलकुंभी को हटाया जा सकता है और पक्षियों की संख्या में और बढ़ोतरी हो सकती है । इसी समस्या को लेकर आज प्रशासन का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से सुबोध नंदन शर्मा ने पूर्व विधायक विवेक बंसल से ग्राम दभा दभी के जलाशे पर पहुंचकर स्थिति का अवलोकन करने का अनुरोध किया । विवेक बंसल आज अपने सहयोगियों के साथ ग्राम दभा दभी पहुंचे और उन्होंने वहां के जलाशय का अवलोकन किया ।विवेक बंसल ने कहा कि इस जलाशय में मौजूद जलकुंभी को हटाने के लिए मैं प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता करूंगा और इसे हटवाऊंगा । ग्राम प्रधान अखिलेश यादव ने आश्वासन दिया कि वे उनके इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग करेंगे । इस अवसर पर उपस्थित लोगों में कांग्रेस नेता अखिलेश शर्मा, डॉ विवेक उपाध्याय, दिवाकर उपाध्याय, घनश्याम सिंह यादव के साथ-साथ काफी अन्य प्रमुख ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कछला घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम फिर भी घंटों जाम में फंसे रहें यात्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बदायूं/कछला ।** माघ पूर्णिमा पर कछला घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही लोग स्नान करने में जुट गए। कछला के दोनों घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी।

माघ पूर्णिमा पर बदायूं के कछला घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। पूजा-अर्चना करने के बाद दान-पुण्य किया। कछला घाट पर बुधवार को तड़के से ही स्नान का सिलसिला शुरू हो गया था। कछला के दोनों घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। इसको देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। घाटों पर पुलिस मौजूद रही। स्टीमर से भी स्नान करने वालों पर नजर रखी जा रही थी। दोपहर 12 बजे तक घाट पर भीड़ बनी रही। आसपास के जिलों समेत राजस्थान और मध्य प्रदेश से भी श्रद्धालु पहुंचे। माघ पूर्णिमा पर स्नान के लिए एक दिन पहले ही श्रद्धालु कछला घाट पर आना शुरू हो गए थे। बुधवार को ब्रह्म मुहूर्त से गंगा स्नान शुरू हो गया। कछला घाट हर-हर गंगे के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से गंगा में गहराई वाले स्थान चिह्नित कर वहां बैरिकेडिंग कराई गई।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर एक दर्जन से अधिक अस्थायी चेंजिंग रूम बनाए गए। 15 नाव लगाई गईं। प्रत्येक नाव पर नाविक के अलावा दो-दो गोताखोर भी मौजूद रहे। नाविकों को यह जिम्मेदारी भी सौंपी गई कि वह श्रद्धालुओं को गहराई वाले स्थानों की ओर नहीं जाने दें।

# राज्यपाल का भ्रमण कार्यक्रम 19 फरवरी के लिए, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राज्य पाल के आगमन को लेकर तैयारियों का लिया जायजा।

19 फरवरी 2025 को विकासखंड असमोली में कल्कि धाम ऐंचौडा कम्बोह के स्थापना दिवस पर महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित सम्मिलित होने तथा राज्यपाल महोदया के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सर्व प्रथम कार्यक्रम स्थल पहुंच कर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से व्यवस्थाओं, मंच,पंडाल मीटिंग स्थल सुरक्षा आदि के संबंध चर्चा की तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पार्किंग स्थल, हैलीपैड,आदि को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा कम्पोजिट विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र ऐंचौडा कम्बोह का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में वेदर शीट मैक्स पेंट करना तथा सफाई व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐंचौडा कम्बोह का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पानी की टंकी को नीचे प्लेफॉर्म बनाते हुए शीघ्र ही सही कराना सुनिश्चित करें । इस अवसर पर जनपद के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।







# महान संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक,स्वतंत्रता आंदोलन के सूत्र धार, आर्य समाज के संस्थापक, वैदिक संस्कृति के प्रचारक महर्षि (स्वामी) दयानन्द सरस्वती की जयंती एवं महान संत रविदास की जयंती धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई।



सर्व प्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता (नीलम हॉस्पिटल चेयरमैन)ने की। संचालन डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नितिन कौशिक , डॉक्टर निशा गुप्ता , नरेश कुमार गुप्ता (प्रधानाध्यापक), अंकित बार्ष्णेय, पंकज बार्ष्णेय, सुमित्रा,राहुल सिंह ,रहे। व्यवस्थापक हिमांशु, दीपक चौधरी, अवधेश कुमार, विकास यादव, कु शोभा, सरोज कुमारी रहीं। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।

# जनकल्याण सेवा समिति ने किया गरीब कन्या के विभाग में सहयोग!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के लायंस कॉलोनी स्थित सोनी अग्रवाल के आवास पर जनकल्याण सेवा समिति चंदौसी द्वारा एक गरीब कन्या के विभाग में सहयोग किया गया। जिसमें ग्रुप के सदस्यों ने कपड़े, बर्तन आदि से सहयोग किया इस कार्य में सहयोग हेतु उपस्थित सदस्यौं ने यह भी निर्णय किया कि यदि उनके संज्ञान में कोई गरीब कन्या आती है तो प्रतिमाह कम से कम एक गरीब कन्या को जरूर सहयोग किया जाएगा।साथ ही कार्यक्रम में मौजूद ग्रुप की अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने कहा कि हमारा ग्रुप किस तरह के कार्यों में सहयोग करता रहता है और आगे भी करता रहेगा। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रही। सचिव भावना गुप्ता, कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी ,सोनीअग्रवाल, अंशु वार्ष्णेय,



राजेश्वरी, रिनी, पूर्णिमा, सारिका, मीरा, अनामिका,निर्मल आदि।

# माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गजरौला।** बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। माघ पूर्णिमा के अवसर पर बृजघाट व तिगरी गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने मां गंगा से अपने परिवार और समाज में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर तड़क से ही स्नान शुरू हो गया था। सुबह आठ बजते बजते ब्रजघाट व तिगरी गंगा घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई थी। श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के उद्‌?घोष के संग गंगा स्नान किया। माघ पूर्णिमा पर स्नान के लिए बहुत से श्रद्धालुओं ने तो शुक्रवार रात ही ब्रजघाट व तिगरी पहुंचकर धर्मशालाओं व होटलों में ठहरकर रात काटी और सुबह भोर की पहली किरण के साथ स्नान करके वापसी चले गए। दोनों स्थानों पर न केवल अमरोहा बल्कि आसपास के जनपद जैसे रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर आदि जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी गंगा स्नान किया। दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद रही। वहीं रेलवे स्टेशन के निकट ज्योतिष केन्द्र संचालक पंडित दयानंद शर्मा ने बताया कि माघ पूर्णिमा के स्नान का हिन्दु धर्म में विशेष महत्तव है। इस दिन स्नान करने से श्रद्धालुओं के जीवन में उल्लास, उनके घरों में सुख व स्मृद्धि आती है।

# चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के राम बाग रोड स्थित चन्दौसी इंटर कॉलेज चन्दौसी के मैदान पर चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दिन फाइनल मैच खेला गया। साथ ही मंगलवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व हनुमान गढ़ी इंटर कॉलेज चन्दौसी ने क्रमशः एफ आर इंटर कॉलेज व चन्दौसी इंटर कॉलेज को हराकर फाइनल में स्थान बनाया था। बुधवार को हुए मैच का प्रारम्भ टूर्नामेंट के दोनों एम्पायर द्वारा बैटिंग व बोलिंग करके कराया गया।



इस फाइनल मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए जगदीश सरन हनुमान गढ़ी की पूरी टीम निर्धारित 15 ओवर में केवल 89 रन बना कर आल आउट हो गयी।हनुमान गढ़ी की ओर से दोजेंद्र ने 30,विशाल ने 11,विकास ने 10 व आरुष ने 7 रन बनाए जबकि नरोली के गेंदबाजों में जुबेर ने 4,रवि ने 3 तथा फरदीन, मनीष व सोहेल ने 1-1 विकेट चटकाया। जवाब में 90 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरौली की टीम ने 9 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य पूरा करके मैच जीत लिया और 12 वें सी आई सी कप पर कब्जा जमाया।नरौली की तरफ से पीयूष ने 33,मनीष ने 15, व सोहेल ने 12 रनों का योगदान दिया जबकि हनुमान गढ़ी के गेंदबाजों में दोजेंद्र ने 3,तथा विशाल व आरुष ने 2-2 विकेट लिए। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार जुबेर(3 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट) को राम किशोर गुप्ता व संजीव कुमार द्वारा दिया गया।

विजेता टीम,उप विजेता टीम को ट्रॉफी व सभी खिलाड़ियों, एम्पायर, स्कोरर, कमेंट्रेटर तथा अतिथियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य व समस्त उपस्थित स्टाफ द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान किये गए। मैचों में एम्पायर के रूप में राजू बनर्जी व मनीष दिवाकर, टूनामेंट रेफरी के रूप में अश्वनी शर्मा व वाईस रेफरी के रूप में चंद्रकांत,स्कोरर के रूप में विपिन व आनन्द तथा कमेंट्रेटर की भूमिका में ब्रजेन्द्र प्रसाद तिवारी रहे। मैचों के दौरान राम किशोर वार्ष्णेय, अमित वार्ष्णेय,चंद्रकांत,संजीव कुमार, चन्द्र प्रकाश,देवेंद्र प्रताप, राजकुमार, भगवान दास,सुमित कुमार,डब्बू, गौतम, तनिष्क,,मोनू शर्मा,तुषार,करन, मुकेशआदित्य,रोहित आदि

# कांठ में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती भव्य शोभा यात्रा ने सभी को किया मंत्र मुग्ध

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** 'संत रविदास जयंती का पर्व आज नगर एवं क्षेत्र में हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया 'इस मौके पर मंदिरों में पाठ एवं हवन पूजन किया गया ' देर शाम को बैंड बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई' धार्मिक गोष्ठी में वक्ताओं ने संत रविदास जी के चरित्र पर प्रकाश डाला कहा कि संत रविदास ने कर्म और भक्ति का मार्ग अपनाकर लोगों को ज्ञान देने का प्रयास किया संत रविदास जी ने कर्म के मार्ग पर चलते हुए लोगों को सही रास्ता दिखाया ' आयोजन में नगर के सैकड़ो गण मान्य व्यक्ति मौजूद थे' महमूदपुर माफी और कांठ में संत रविदास मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो संत रविदास मंदिर से मोहल्ला पट्टी वाला,सैनी धर्मशाला,उपदेश चौराहा, बूरा बतासा मार्केट, न्यादर चौराहा,मेंन बाजार एवं श्री राम लीला मंदिर होती हुई अपने गंतव्य स्थान पर जाकर संपन्न हुई। सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही 'एसपी देहात कुंवर आकाश एवं सीओ अपेक्षा निंबाड़िया ने कांठ जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया ।

# पैसेंजर ट्रेन में बिगड़ी यात्री की हालत जीआरपी कर्मी ने अस्पताल में कराया भर्ती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला।** पैसेंजर ट्रेन में एक यात्री की हालत बिगड़ने पर उसे जीआरपी कर्मी नगर के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया। मृतक नजीबा. बाद क्षेत्र का निवासी था, जबकि वह चांदपुर क्षेत्र से दवाई लेने आया था मगर वह सोते सोते गजरौला क्षेत्र में पहुंच गया। जानकारी के अनुसार नजीबाबाद के सेवाराम गांव निवासी अमीर उल्ला खान नामक वृद्ध बुधवार को चांदपुर में दवाई लेने के लिये ट्रेन में सवार होकर निकले थे, पर उन्हें नींद आने के कारण चांदपुर स्टेशन का पता नहीं चला। ट्रेन का चूंकि अंतिम स्टेशन गजरौला था, ऐसे में सभी यात्री ट्रेन से उतर गए मगर वृद्ध अमीर उल्ला नहीं उतरे। वे सीट पर लेटे हुए थे। कुछ यात्रियों ने उनकी यह स्थिति देखखकर जीआरओ को सूचना दी। जीआरपी कर्मियों ने उन्हें नीचे उतारा और नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां पर चिकित्सक ने उनकी नब्ज आदि की जांच करके मृत घोषित कर दिया। जीआरपी चौकी इंचार्ज राजीव कुमार ने बताया कि ट्रेन में सवार यात्री की हालत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल सीएचसी ले जाया गया था, जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। वहीं सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों का वृद्ध का शव देखकर रो रोकर बुरा हाल हो गया। बताया कि वृद्ध काफी दिनों से बीमार थे और उनकी चांदपुर से दवाई चल रही थी।

# संत शिरोमणि संत रविदास जी की 648 वीं जयंती मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गजरौला।** संत शिरोमणि संत रविदास जी की 648 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने संत उनके जीवन चरित्र, बलिदान, त्याग एवं भक्ति पर प्रकाश डाला, कहा कि जो समाज अपना इतिहास नहीं जानता, वह कभी विकास नहीं करता है। इसलिए हम अपने संतो, गुरुओं, महापुरुषों के जीवन से सीख लेते हुए समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर करें। शिक्षक जयबीर सिंह ने कहा कि हमें अपने समाज में फैली हुई क्रीतियों यथा शराब व अन्य नश से दूर रहना होगा तथा शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। जिससे आने वाली पीढ़ियां विकास कर सकें, संत रविदास जी ने कहा था की मन चंगा तो कठौती में गंगा इसलिए हमें अंधविश्वास को अपने जीवन से दूर करना होगा। इस अवसर पर डॉ. डीएस हर्ष, होरी सिंह, राजेश कुमार, चेतराम सिंह, क रनपाल सिंह, प्रीतम सिंह, रामरतन सिंह, पूरन सिंह मुकेश कुमार, परमेश्वरी लाल, अशोक कुमार, राजपाल सिंह, सुरेश चंद्र मौर्य, रवि कुमार, चंद्रपाल सिंह प्रो. ओंकार सिंह, चमन सिंह, गर्वित कुमार गौतम, बृजपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

**आयोजन** सीएचसी में जेबीएफ के सहयोग से नसबंदी शिविर का हुआ आयोजन

# जनसंख्या नियंत्रण को सतत प्रयास कर रही जुबिलेंटः सुनील दीक्षित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह )।** नसबंदी पखवाड़ा के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के सहयोग से विशाल नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 99 महिलाओं

**99 महिलाओं एवं दो पुरुषों ने कराई नसबंदी, जुबिलेंट ने दिए कंबल**

एवं दो पुरुषों की नसबंदी की गई। बुधवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित नसबंदी शिविर में पंजीकरण के लिए महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। ब्लाक के ग्रामीण अंचलों में कार्यरत आशा कार्यकत्रियां एवं आंगनबाड़ी सहायिकाएं महिलाओं को प्रेरित कर सीएचसी लेकर आईं। यहां मुरादाबाद से आई चिकित्सकों की टीम ने महिलाओं एवं पुरुषों की नसबंदी की। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने जेबीएफ की ओर नसबंदी कराने वाली महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती जनसंख्या से बेरोजगारी और भुखमरी की समस्या बढ़ती जा रही है। यदि जनसंख्या नियंत्रण में रहेगी तो विकास की गति को कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण एवं जनसंख्या नियंत्रण के लिए जुबिलेंट सतत कार्य कर रही है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा.योगेंद्र सिंह, डा. पल्लवी सिंह, डा.रविंद्र, डा.मोहित त्यागी, डा.गुंजन, जितेंद्र गुप्ता, बीपी गोस्वामी, आरती, अनिता, प्रियंघम, खुशनुमा, रानी, सतीश वर्मा आदि भी मौजूद रहे।



# साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी द्वारा मासिक सभा का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी के तत्वाधान में जिला न्यायालय परिसर में एडवोकेट यूनिटी की सभा का आयोजन किया गया। सभा में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार किया गया। फरवरी माह के लकी ड्रा का आयोजन किया गया। फरवरी माह का लकी ड्रा अपने अधिवक्ताओं तथा संभल जिले में आदर्शवादी, अपनी व्यवस्थित कार्यशैली के लिए सुप्रसिद्ध चंदौसी जिला न्यायालय के सिविल जज मनोज यादव द्वारा किया गया। कूपन नंबर 232,116, 309, 52, 177, 126, 226,156, 112, 98, 280 का ड्रा किया गया। ड्रा उपरांत एडवोकेट यूनिटी की संस्थापिका रंजना शर्मा एड, चंदौसी बार एसोसिएशन चंदौसी के सचिव सचिन गोयल एड द्वारा सिविल जज मनोज यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थिति रहे। एड राजेश कुमार, एड. साफिया कदीर, एड प्रदीप गुप्ता, एड विजयराज, एड नवनीत सिंह, एड प्रिया सिंह, एड प्रमोद गुप्ता, एड शिप्रा शर्मा,एड राकेश सिंह,एड अखिलेश आदि।



# गोविंद नगर में 14 को वाहनों की नीलामी को लेकर सक्रिय हुए कानपुर के कबाड़ी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** शहर की पुलिस थानों में करोड़ों रुपए के मूल्य वाले दो पहिया और चौपहिया वाहन कबाड़ के ढेर बन चुके हैं। सरकार को कुछ न कुछ राजस्व का लाभ हो। अब इसी इरादे से कबाड़ हो चुके इन सभी वाहनों की नीलामी भी की भी तैयारी कर ली गई है ,जिसको लेकर शहर भर के कबाड़ी भी सक्रिय हो गए हैं।

**नीलामी से यूपी सरकार को भारी राजस्व लाभ की संभावना**

इनमें से कई कम से कम बोली लगाकर पूरा माल हासिल करने के भी जुगाड़ में लगे हैं। उनकी नजर आजकल गोविंद नगर थाने पर है ,जहां कल 14 फरवरी को आधा दर्जन माल मुकदमाती समेत 21 वाहनों की नीलामी होने वाली है। यद्यपि अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम की अध्यक्षता में 14 फरवरी को गोविंद नगर में वाहनों की होने वाली नीलामी से पहले पुलिस यह भी हर संभव कोशिश कर चुकी है जिससे किसी भी वहां धारक को किसी भी तरह की शिकायत का मौका ना मिले।

खास बात यह भी की संबंधित नीलाम किए जाने वाले संबंधित वाहनों के संदर्भ में आज तक कोई न्यायालय भी नहीं पहुंचा, जिसके फलस्वरूप ही इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई में अतिरिक्त निरीक्षक इंस्पेक्टर अभय सिंह और प्रभारी मलखाना की टीम ने कल 14 फरवरी 2025 को नीलामी की तैयारियों को अंतिम रूप भी दे दिया है।

# विनायक विद्यापीठ के वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षाप्रद इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीपुरम (जावेद अब्बासी)।** विनायक विद्यापीठ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड में एक शैक्षिक इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन किया गया।जिसको महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनुप्रीता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि हमारा इस भ्रमण को करने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी देना है जो कि इसी प्रकार के भ्रमण से मिलता है उन्होंने छात्रों को इस भ्रमण से अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महाविद्यालय के निदेशक इंजी विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष रवीना मैम, सहायक प्रोफेसर भारती शर्मा एवं नरेश कुमार मौजूद रहे।भ्रमण के दौरान कंपनी के अधिकारियों जिसमें दीपक शर्मा, एच आर मैनेजर, स्वामिनी सालुंखे, एच आर एग्जीक्यूटिव, रूपकरण सिंह, ट्रेनर एवं उनके टीम ने छात्र-छात्राओं को माइक्रोफाइनेंस, वित्तीय समावेशन और ऋण वितरण प्रक्रिया की बारीकियों के बारे में बताया।

छात्र-छात्राओं ने विशेषज्ञों के साथ संवाद के दौरान वित्तीय सेवाओं की कार्यप्रणाली, ऋण वितरण और वसूली प्रक्रिया को करीब से जाना। इससे उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन के महत्व और माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में करियर के अवसरों की उपयोगी जानकारी भी प्राप्त हुई। यह अनुभव छात्रों के शैक्षिक और व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। छात्र-छात्राओं ने उनसे कुछ प्रश्न भी किया जिनका अधिकारियों ने संतोजनक उत्तर देकर उनको संतुष्ट किया। इसी के साथ उन्होंने इस कंपनी में रोजगार के क्या-क्या अवसर हैं के बारे में भी जानकारी दी।इस भ्रमण के लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड के अधिकारियों का धन्यवाद किया कि उन्होंने छात्र-छात्राओं को कंपनी की पूरी कार्य प्रणाली प्रक्रिया को बताया और समझाया।




महाविद्यालय के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने इस भ्रमण के आयोजन पर खुशी जाहिर की ओर कहा कि विनायक विद्यापीठ छात्र छात्राओ के लिए समय-समय पर इस प्रकार के भ्रमण का आयोजन करता रहता है जो कि छात्र-छात्राओं के लिए भविष्य में मददगार साबित होता है। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष रवीना मैडम ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्र छात्राओं को इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार करने में सहायता मिलती है जिससे उन्हें भविष्य में इंडस्ट्री में कार्य करने में आसानी रहती है।

# बंद मकान में चोरों ने घुसकर उड़ाई लाखों की नगदी और जेवरात ,सीसीटीवी की डीवीआर ले गए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** बंद पडे मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रूपए की नगदी के साथ सोने चांदी के जेवरातों के साथ अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पीडित से पूछताछ कर चोरों का सुराग लगाने को डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम को की मदद ली गई। उन्हें जल्द ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया है।





क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी संजीव मलिक पुत्र वेदपाल मलिक का क्षेत्र के गांव पंजोखरा में मैरिज होम है। संजीव मलिक के अनुसार मंगलवार की रात्रि वह अपने परिवार के साथ गांव सुन्ना से मैरिज होम पर आया था, तथा रात्रि के समय परिवार के साथ मैरिज होम पर ही रूक गया था। बुधवार की सुबह उसे पता चला कि गांव सुन्ना स्थित उसके घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। सूचना पर संजीव मलिक परिजनों के साथ वापस अपने गांव लौटा तो उसके घर में सारा सामान अस्त व्यस्त पडा हुआ था। चोरों के द्वारा उसके मकान को निशाना बनाते हुए उसके घर में रखे हुए 03 लाख 45 हजार रूपए की नगदी, 10 तौला सोना, 04 सोने की अंगूठी, सोने के हार के साथ - साथ एक किलो ग्राम चांदी, चांदी के पॉजेब के साथ 30 चांदी के सिक्कों के साथ अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। गांव सुन्ना में चोरी की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पडताल कर पीडित के परिजनों से पूछताछ की। जांच के दौरान पता चला कि चोरों के द्वारा घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए है। चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस ने डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम को की मदद ली गई, लेकिन कोई सफलता हाथ नही लग पाई। मौके पर पहुंची सर्विलांस टीम ने मंगलवार रात्रि की घटना स्थल के आस पास की बीडीएस की जानकारी भी एकत्रित की है। पीडित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग करते हुए माल को बरामद कराएं जाने की मांग की है। पुलिस ने पीडित की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** बुधवार को नगर व क्षेत्र में संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान शोभायात्रा का नगर में दर्जनों जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

नगर के मोहल्ला रायजादगान स्थित संत शिरोमणि रविदास भवन से प्रारंभ होकर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। बाद में हवन कर प्रसाद का वितरण किया गया। संत शिरोमणि रविदास भवन से एक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि नजमुल इस्लाम पालिकाध्यक्ष व वरिष्ठ व्यापारी रोहित गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पालिकाध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कहा कि ने संत रविदास जी ने सभी जन को ऊंच नीच की भावनाओं को त्याग कर समान जीवन निर्वहन का संदेश दिया। हम सभी संत शिरोमणि रविदास जी द्वारा कहे गए वाक्य मन चंगा कटौती में गंगा के संदेश पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार बोहरा सभासद सहित अन्य लोगो मे अतिथियो को प्रतीक चिन्ह बैठकर सम्मानित किया। इस दौरान व्यापारी रोहित गुप्ता ने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा की सीख देने वाले संत शिरोमणि रविदास दर्शनशास्त्री, कवि और समाज सुधारक संत रविदास धर्म के नाम पर प्रचलित अंधविश्वास, आडंबर और कर्मकांड विरोधी थे। उन्होंने कहा कि हमेशा संत रविदास जी ने आचरण की पवित्रता पर विशेष बल दिया। तत्पश्चात शोभायात्रा का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर नगर के सभी मुख्य मार्ग से होती हुई देर शाम कार्यक्रम स्थल पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में संत शिरोमणि रविदास महाराज की सुंदर झांकियां शामिल रही। शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान तेजपाल, चंदकीराम, इंद्रपाल पूर्व सभासद, अमरीश कुमार बाबू, सुरेंद्र सिंह एडीओ, प्रवीण कुमार, यशु सैनी, किरनपाल, देवीदास जयंत, शिवकुमार, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# नगर में रविदास जयंती पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** बुधवार को संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जयंती पर नगर में बडे ही धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई, जो किला खेवान मंन्दिर से निकल कर विभिन्न रास्तों से होते हुए वापस मंन्दिर पहुंची। शोभायात्रा मे बैंड बाजों के अलावा आकर्षक झाकियां देखने को मिली। इस दौरान पुलिस प्रशासन की कडी सुरक्षा रही।शोभायात्रा के दौरान नगर में घंटो जाम की स्थिति बनी रही।नगर में श्री संत शिरोमणि गुरु रविदास नवयुवक संघ की ओर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसका उद्घाटन डॉ. विक्रम सिंह ने किया।दीप प्रज्ज्वलित विनोद जैन,तिलक अमन गुप्ता ने किया।मुख्य अतिथि बांके पंवार रहे। इससे पूर्व धर्म सभा हुई जिसकी अध्यक्षता धनपाल जैनी ने की।वहीं संत रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित और माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।वक्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर सूर्यदेव त्यागी,सुशील कुमार, विजय भारती,मलखान सैनी,डॉ. महेश सोम, राकेश कुमार, सुक्रमपाल सिंह,डॉ. सोहनवीर,कल्लू सिंह,अमित कुमार,योगेश कुमार आदि मौजूद रहें।



# दिल्ली में आम आदमी क्लिनिक का नाम होगा आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (अनिता)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बाद अब आम आदमी क्लीनिक का नाम भी बदला जा सकता है। दिल्ली में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा की स्थिति सुधारने के लिए आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक की जगह जल्दी ही अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर ले सकते हैं। दिल्ली में एक हजार से अधिक आरोग्य मंदिर बनने की उम्मीद है। दरअसल, दिल्ली में बदली सत्ता के साथ कई बड़े बदलाव होने की उम्मीद है। दिल्ली में आप की सरकार रहते हुए केंद्र की योजनाएं लागू नहीं हो पाईं। भाजपा ने चुनाव के दौरान सत्ता मिलने पर केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को लागू करने का दावा किया था। विधानसभा चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ सरकार बना रही है। ऐसे में दिल्ली में अब आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) व प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना (पीएम-एबीएचआइएम) लागू हो सकेगी। दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाने से प्राथमिक स्वास्थ्य का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। केंद्र सरकार ने साल 2021 में पीएम-एबीएचआइएम योजना शुरू की थी। इसके तहत दिल्ली को 2406 करोड़ से 1139 शहरी स्वास्थ्य व वेलनेस सेंटर, 11 जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य लैब व दस क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने थे लेकिन दोनों सरकार के बीच विवाद होने से दिल्ली में यह योजना लागू नहीं हो पाई। नई सरकार बनने पर दिल्ली में 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जा सकते हैं। जबकि दिल्ली में आप सरकार ने एक हजार मोहल्ला क्लीनिक बनाने की घोषणा की थी। इसमें से करीब 545 मोहल्ला क्लीनिक बन पाए हैं। दिल्ली के पूर्व आईएएस अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली का बजट 70 हजार करोड़ रुपये का है। ऐसे में भाजपा ने जो घोषणाएं की हैं उन्हें केवल दिल्ली के बजट से पूरा नहीं किया जा सकता। इन्हें पूरा करने के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं का सहारा लेना होगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजनाओं के तहत सुविधाएं दे रही हैं। मौजूदा योजनाओं को लागू करने की गारंटी खुद प्रधानमंत्री ने दी है। ऐसे में इन्हें जल्द शुरू किया जा सकेगा। योजना लागू होने पर दिल्ली में आयुष्मान योजना की मदद से 72 लाख लोगों को सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा 70 साल से अधिक आयु के लोग भी शामिल हैं। योजना में शामिल होने के लिए आवेदक को आधिकारिक वेबसाइट ्र्रूक्चद्गह्म्4.ल्ल पर जांच करनी होगी। जांच होने पर आधार कार्ड या राशन कार्ड को पीएमजेएवाई कियोस्क पर वेरीफाई करवाना होगा। पूरी जांच होने के बाद यह सुविधा मिल जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली में मुफ्त राशन ले रहे लोगों को यह सुविधा मिल सकती है। मौजूदा समय में इस योजना से 72 लाख से अधिक लोग सुविधा पा रहे हैं। भाजपा की सरकार का गठन होने के साथ ही दिल्ली सरकार का लोगो भी बदल सकता है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली सरकार का लोगो बदल दिया था। साथ ही पंच लाइन में आप की सरकार लिखा गया था। इससे पहले दिल्ली में कांग्रेस की शीला सरकार के समय दिल्ली सरकार का लोगो अलग था। उस समय पंच लाइन मेरी दिल्ली मैं ही सवारूं था।



# चाकू सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान एक आरोपी को चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। एसपी के आदेश पर खंद्रावली चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र की यमुना नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनो की चेकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान पूर्वी यमुना नहर पटरी स्थित फतेहपुर पुलिया के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने हिरासत में लेकर जब तलाशी ली तो पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आए पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रजनीश कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासी ग्राम शाहपुर बढ़ौली थाना बड़ौत जनपद बागपत बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए बुधवार को चालान कर दिया है।



# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर ई रिक्शा चालक घायल,गंभीर अवस्था में रेफर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित गांव आल्दी बस स्टैंड के समीप ई रिक्शा चालक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी युसूफ ई रिक्शा चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। ई रिक्शा चालक बुधवार को किसी कार्य से अपनी ई-रिक्शा लेकर कैराना गया हुआ था। कार्य समाप्त कर जैसे ही ई रिक्शा चालक क्षेत्र के कैराना मार्ग गए स्थित गांव आल्दी बस स्टैंड के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी अज्ञात वाहन की टक्कर से ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के कर्मचारियों ने ई-रिक्शा चालक को घायल अवस्था में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक घायल के परिजनों ने थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी थी।



# जमीनों में मिला एक और घोटाला,एसआईटी गठित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद में जमीनों के मामले में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है। इस मामले में एसआईटी गठित कर डीएम ने रिपोर्ट मांगी है। जानकारी के अनुसार लाकड़ी फाजलपुर गांव के गाटाओं में डाट और सेमी कॉलन जैसे चिन्हों का इस्तेमाल कर आठ गुने गाटा कर दिए गए। रियल टाइम खतौनी देखी गई तो उसमें सभी विभाजित गाटा मिलाकर 40088 गाटे प्रदर्शित हो रहे हैं।

जिनके रकबों का कुल योग 5879.501 हेक्टेयर आ रहा है। खतौनी के मूल गाटे 5811 हैं और रकबा 802.5243 हेक्टेयर है। रियल टाइम खतौनी में देखने में आया है कि इस ग्राम के गाटाओं के आगे डॉट, सेमी कोलन आदि स्पेशल करेक्टर चिन्ह के जरिए यह घपला किया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और नायब तहसीलदार भोजपुर की विशेष जांच कमेटी बना कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

# भ्रष्ट्र अधिकारी जाएंगे जेल,नेताओं पर भी गिर सकती है गाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के बाद अब आम आदमी पार्टी के नेताओं की भी हो सकती है भ्रष्टाचार को लेकर धर पकड़। भ्रष्ट्र अधिकारियों पर दिल्ली में जांच होनी शुरू हो गई है। वहीं सीबीआई ने दिल्ली परिवहन विभाग के छह अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। इन पर भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का आरोप है। सीबीआई ने दिल्ली परिवहन विभाग के छह अधिकारियों को कथित भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के हाल ही में चुनाव हारने के बाद राजधानी में पहली बड़ी कार्रवाई है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी को विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतें मिल रही थीं। गिरफ्तारी से पहले शिकायतों की निगरानी और सत्यापन करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि शिकायतों के सत्यापन में प्रथम दृष्टया विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार के संकेत मिले। जिसके बाद इन छह अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के भारसी मोड़ के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ी करमू निवासी 35 वर्षीय विशाल पुत्र राकेश मंगलवार की शाम को अपनी बाइक पर सवार होकर दिल्ली जा रहा था। जैसे ही युवक क्षेत्र के गांव भारसी मोड पर पहुंचा तो बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अज्ञात वाहन चालक अपने वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहरा मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि मृतक युवक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही अज्ञात वाहन चालक को तस्दीक कर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।



## अभिनय का संगम

## विद्वत कुम्भ में पंकज त्रिपाठी: सहजता और आत्मीयता का प्रतीक

# महाकुंभ में दो सितारों का मिलन: लोकसंस्कृति और अभिनय का संगम: रविंद्र आर्य

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और लोकपरंपरा के महामिलन महाकुंभ में एक अनूठा क्षण देखने को मिला, जब प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी और विख्यात अभिनेता पंकज त्रिपाठी विद्वत कुंभ में एक साथ आए। यह केवल एक औपचारिक भेंट नहीं थी, बल्कि लोकसंगीत और अभिनय–दोनों ही विधाओं की आत्मीय संवाद-यात्रा थी।

**संस्कृति और सिनेमा का अद्भुत संगम**

गंगा की लहरों की तरह प्रवाहमान भारतीय लोकसंस्कृति और यथार्थपरक अभिनय के दो दिग्गजों का यह मिलन कला और परंपरा के बीच के गहरे संबंध को दशार्ता है। विद्वत कुंभ के मंच पर जब पंकज त्रिपाठी और मालिनी अवस्थी एक साथ दिखे, तो प्रयागराज की पावन भूमि पर जैसे संस्कृति, सिनेमा और साहित्य की त्रिवेणी प्रवाहित हो उठी।

**मालिनी अवस्थी: लोकसंस्कृति की जीवंत धारा**

मालिनी अवस्थी, जिनकी आवाज में लोकगीतों की मिठास, ठुमरी की गहराई और कजरी की भावनात्मक लय है, इस अवसर पर भारतीय लोककला के संरक्षण और विस्तार पर बात करती नजर आईं। उन्होंने कहा कि लोकसंस्कृति केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की आत्मा का प्रतिबिंब है।

**पंकज त्रिपाठी: सहज अभिनय के पर्याय**

वहीं, पंकज त्रिपाठी, जो अपने किरदारों में गहराई और वास्तविकता के लिए प्रसिद्ध हैं, ने सिनेमा और समाज के आपसी संबंधों पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा– "अभिनय केवल संवाद बोलने की कला नहीं, यह समाज को समझने और उसे सजीव करने की क्षमता भी देता है।"

**दो विधाओं की आत्मीय बातचीत**

इस मुलाकात में लोककला और सिनेमा की भूमिका पर गहन चर्चा हुई। मालिनी अवस्थी ने जहां भारतीय लोकसंस्कृति को जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया, वहीं पंकज त्रिपाठी ने बताया कि कैसे लोककथाएँ और लोकभाषाएँ हमारे सिनेमा और समाज के लिए महत्वपूर्ण आधार बन सकती हैं।

**महाकुंभ में यादगार क्षण**

विद्वत कुंभ में यह ऐतिहासिक संगम भारतीय कला और संस्कृति के एक महत्वपूर्ण संवाद के रूप में दर्ज हुआ। दोनों कलाकारों की यह आत्मीय मुलाकात लोकसंस्कृति और आधुनिक सिनेमा के बीच सेतु बनाती नजर आई, जिसे वहां उपस्थित सभी विद्वानों, कलाकारों और साहित्यप्रेमियों ने सराहा। गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में हर बारहवें वर्ष होने वाला महाकुंभ न केवल आध्यात्मिक और धार्मिक ऊर्जा का संगम होता है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, कला और विचारों का भी विराट मंच है। इसी पावन अवसर पर विद्वत कुम्भ का आयोजन हुआ, जहाँ साहित्य, संगीत, दर्शन और कलाओं से जुड़े मनीषी, कलाकार और विचारक एक साथ एकत्रित हुए। इसी विद्वत कुम्भ में अभिनय की सहजता और संवेदनशीलता के प्रतीक पंकज त्रिपाठी अपने परिवार संग पधारे और जिस आत्मीयता से इस आयोजन का हिस्सा बने, वह उनके सरल और विनम्र व्यक्तित्व का प्रमाण था।




**संपूर्ण कलाकार: अभिनय, साहित्य और संगीत के प्रेमी**

पंकज त्रिपाठी केवल एक अभिनेता नहीं हैं, बल्कि साहित्य, संगीत और संस्कृति के अनन्य प्रेमी भी हैं। उनके अभिनय में जो सहजता और गहराई दिखाई देती है, वह उनकी व्यापक अध्ययनशीलता और संवेदनशील दृष्टि का परिणाम है। महाकुंभ के विद्वत कुम्भ में उनकी उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि वे न केवल मनोरंजन के क्षेत्र के व्यक्ति हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति, समाज और विचारधारा से भी गहराई से जुड़े हुए हैं।

# मुरादाबाद एयरपोर्ट से15 जुलाई तक हवाई जहाज नहीं उड़ पाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद शहर से राजधानी दिल्ली समेत उत्तर प्रदेश के सभी बड़े शहरों की हवाई कनेक्टिविटी का सपना इस साल हवा में ही रहेगा। 15 मार्च तक कोहरे के कारण पहले ही मुरादाबाद से लखनऊ की

**अगस्त में शुरू हुई फ्लाइट 45 दिन ही चल पाई**

फ्लाइट निरस्त है। अब लखनऊ एयरपोर्ट पर रनवे विस्तार के कारण 15 जुलाई तक मुरादाबाद से हवाई जहाज नहीं उड़ पाएगा। अगस्त में शुरू हुई हवाई सेवा नवंबर से बंद है। एक तरफ फ्लाई बिग कंपनी मुरादाबाद के लोगों को लखनऊ के अलावा, भटिंडा,गाजियाबाद, कानपुर, देहरादून की फ्लाइट के सपने दिखा चुकी है। दूसरी ओर लखनऊ की फ्लाइट के लिए ही अब चार माह और इंतजार करना पड़ेगा। मूंढापांडे के भदासना स्थित एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च 2024 को वर्चुअल माध्यम से किया था।उड़ान शुरू होने में पांच महीने लग गए और अगस्त 2024 में पहली बार लखनऊ के लिए फ्लाइट गई। तब से अब तक 45 फ्लाइट ही संचालित हो पाई हैं। शुरूआत में सप्ताह में तीन दिन फ्लाइट संचालित हुई। इसके बाद बढ़ाकर छह दिन किया गया। अंत में विमान न होने के कारण इसे घटाकर तीन दिन ही




कर दिया। नवंबर से लगातार बाधाओं के कारण संचालन ठप रहा है। हवाई अड्डे पर एडवांस लैंडिंग सिस्टम न होने के कारण कम दृश्यता में विमान हवा में मंडराता रहा। दो दिन लगातार फ्लाइट को लखनऊ वापस लौटना पड़ा। इसके बाद कोहरे का हवाला फ्लाई बिग ने उड़ान रद्द करने की घोषणा की।

सूत्रों का कहना है कि फ्लाई बिग कंपनी के पास पर्याप्त संख्या में विमान नहीं है' मुरादाबाद-लखनऊ की फ्लाइट का संचालन लगातार होता रहे, यही काफी है। अन्य शहरों के लिए फ्लाइट शुरू करने के नए कंपनी को और विमान खरीदने। या कोई ठोस प्लान बनाना होगा, जिससे सीमित विमानों में ज्यादा फ्लाइट संचालित हो सकें। फिलहाल कंपनी ने मुरादाबाद में तैनात स्टाफ को दूसरे हवाई अड्डों पर स्थानांतरित कर दिया है।

## 31 मार्च तक ई-ऑफिस पर होंगी कलक्ट्रेट की फाइलें, मुरादाबाद के सारे कार्यालय दिसंबर तक पेपर लेस हो जाएंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद के सारे कार्यालय धीरे-धीरे पेपर लेस हो जाएंगे। इसकी शुरूआत जिले में कमिश्नर कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय और सीडीओ कार्यालय से की जा रही है। 31 मार्च तक कलक्ट्रेट समेत तीनों कार्यालयों की फाइलें ई-ऑफिस पर होंगी। इससे फरियादियों को बड़ी राहत मिलेगी। कोई भी फाइल किसी भी पटल पर तीन दिन से ज्यादा नहीं रुक पाएगी।इससे लोगों की समस्या का समाधान जल्दी हो सकेगा। फाइलों के निस्तारण में देरी का मामला सीधे शासन के संज्ञान में रहेगा और लगातार इसकी मॉनिटरिंग हो सकेगी। हाल ही में एडीएम सिटी के पेशकार द्वारा वाद की फाइल गायब करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है। उसके कार्यकाल की 10 और फाइलें रिकॉर्ड रूम से गायब हैं। स्टाफ की ऐसी मनमानी से भी लोगों को मुक्ति मिलेगी। आपूर्ति विभाग, जिला भविष्य निधि, जिला कोषागार, जिला नजारत शाखा के सभी लिपिकों को विस्तार से जानकारी दी गई है। इससे फाइलों को खोजने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी। गाइडलाइन के मुताबिक अधिकारियों व कर्मचारियों को डिजिटल और वर्चुअल मोड में कामकाज निपटाने के लिए ट्रेनिंग दी गई है। विभागीय जानकारों का कहना है कि वित्तीय और प्रशासनिक फाइलों की मंजूरी भी डिजिटल मोड में की जाएगी। जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि साल के अंत तक सभी विभाग ई-ऑफिस पर कार्य करेंगे।

## गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय को मिल गया डोमेन नाम : अब वेबसाइट के लिए इंतजार, एजेंसी निर्धारित करने के लिए जैम पोर्टल पर किया गया है पंजीकरण

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में निर्माण कार्य के साथ व्यवस्थागत कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। अब विश्वविद्यालय को डोमेन नाम मिल गया है। कुलसचिव का कहना है कि वेबसाइट डिजाइन करने के लिए अब एजेंसी को निर्धारित किया जाएगा। इसके लिए जैम पोर्टल पर पंजीकरण भी किया गया है।गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का डोमेन नाम व्ल्यू.जीजेयूम.




एसी.इन रहेगा। अधिकारियों के अनुसार जैम पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय की वेबसाइट को डिजाइन करने के लिए एजेंसी का पंजीकरण किया गया है' प्रमुख सचिव शासन ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर निर्माण कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ ही अधिकारियों को फरवरी के अंत तक पहली किस्त का उपयोग करने के निर्देश दिए, ताकि शासन से बजट की दूरी किस्त जारी हो सके और निर्माण कार्य में कोई रुकावट नहीं आए।वेबसाइट डिजाइन करने की एजेंसी का निर्धारण जैम पोर्टल के माध्यम से निर्धारण किया जाएगा। वहीं निर्माण कार्य में फाउंडेशन पाइलिंग का कार्य किया जा रहा है। उम्मीद है कि अगले महीने से विश्वविद्यालय का स्ट्रक्चर भी दिखाई देने लगेगा। विश्वविद्यालय का जैम पोर्टल पर पंजीकरण हो चुका है।इसके अलावा समर्थ पोर्टल पर भी पंजीकरण हो चुका है। वहीं, यूजीसी से संबद्धता का कार्य किया जा रहा है। कुलसचिव का कहना है कि अपने विश्वविद्यालय से मुरादाबाद मंडल के 372 कॉलेज संबद्ध किए जाएंगे। इनमें बिजनौर जनपद के 122 कॉलेज, मुरादाबाद के 87 कॉलेज, अमरोहा के 82 कॉलेज, रामपुर के 37 कॉलेज और संभल के 44 कॉलेज हैं।

## शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को पहुंचाएं: हाजी उस्मान अली

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर नगर पंचायत कार्यालय उमरी कला में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का फैसला किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को शीघ्र दिलाया जाए ' जानकारी के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना सूर्य घर योजना, युवा उद्यमी आदि को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया , उनके प्रचार- प्रसार के लिए रूपरेखा तैयार की गई' नगर पंचायत कार्यालय में फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सरकारी योजना के अंतर्गत एक बैठक का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने नगर पंचायत स्टाफ को उपरोक्त योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए रूपरेखा तैयार करने और अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं की जानकारी को पहचाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत ने कहा कि सभी योजनाओं का लाभपात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए इसके लिए प्रचार- प्रसार की आवश्यकता है ताकि लोग इन योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जान सके और उसका लाभ उठा सकें। अधीनस्थ कर्मियों द्वारा सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और योजना के लाभ एवं योजना के प्रचार प्रसार हेतु योजना बनाई गई ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिलाया जा सके। बैठक में लिपिक जयकुमार, लिपिक सुरेंद्र सिंह यादव, टी. सी. अनीश अहमद, परम सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर अंकुर विश्नोई व सम्मानित सभासद गण उपस्थित रहे।

## कांठ-हरिद्वार रोड का चौड़ीकरण हुआ प्रारंभ,खर्च होंगे 50 करोड़ रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद- हरिद्वार रोड का चौड़ीकरण सहसपुर बॉर्डर के पास से शुरू हो गया है। छजलैट से बिजनौर सीमा तक बनने वाली सात मीटर सड़क दस मीटर तक चौड़ी होगी। 13.5 किमी लंबी सड़क के निर्माण पर पचास करोड़ की लागत आएगी।

सड़क निर्माण का काम करीब 1 साल में पूरा होगा' मुरादाबाद-हरिद्वार व बिजनौर रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ रहा है। वाहनों की लंबी कतार से कई बार जाम लगता है। सड़क चौड़ी होने के बाद घटेगा हरिद्वार रोड पर वाहनों का दबाब 'आवागमन को सुगम बनाने के लिए लोनिवि विभाग ने सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव बनाकर भेजा था । डीएम की शासन से पैरवी के बाद सड़क योजना को मंजूरी मिल सकी।हरिद्वार रोड को दो हिस्से में बनाया जा रहा है। पहले फेस




में पीलीकोठी से छजलैट का काम चल रहा है। जबकि दूसरे चरण में छजलैट से बिजनौर सीमा तक पूरी सड़क दस मीटर चौड़ी होगी। लोनिवि की मानें तो यह सड़क टू लेन विद पेव शोल्डर होगी। यानी सात मीटर चौड़ी सड़क के दोनों ओर डेढ़ डेढ़ मीटर और तैयार होगी। छजलैट से सहसपुर बॉर्डर(बिजनौर तक) 13.5 किमी सड़क पर 50 करोड़ की लागत आएगी। नगर में सड़क का चौड़ीकरण होने से लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी' जिन लोगों ने सड़क के दोनों और सरकारी सड़क पर अवैध निर्माण कर रखा है उनको विभाग ने पहले ही नोटिस दे रखा है ' अब सड़क से अवैध अतिक्रमण शीघ्र हट जाएगा ।

## उमरे के पाक सफर पर सऊदी अरब को जायरीन रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर और ग्रामीण क्षेत्र से लगातार पाक मुकद्दस सफर उमरे के लिए सऊदी अरब को जायरीनों का जाने का सिलसिला जारी है । जायरीन मक्का मदीना में पहुंचकर अल्लाह के घर का दीदार करते हैं और नमाज पढ़ते हैं। दुआएं मांगते हैं काबे का तवाफ करते हैं। अल्लाह के घर में सच्चे दिल से मांगे जाने वाली दुआ कबूल होती है। सऊदी अरब के मक्का मदीना के पाक सफर पर बुधवार को नगर कुंदरकी से हाशिम खान (फैसल गारमेंट्स)और तफ़्सीर अहमद(पटवारी) उमरे के सफर के लिए रवाना हुए। पाक सफर पर रवाना होने से पहले परिवार वालों ने एवं मिलने वालों ने गले मिलकर एवं फूल माला पहनकर मक्का मदीना में पहुंचकर अपने हक में दुआ की गुजारिश की । उमरे के पाक सफर पर जायरीन मिलने वालों से गले मिलकर पाक सफर पर रवाना हो गए हैं।

## अकीदत से मनाया गया तीन दिवसीय उर्स ए मोहम्मदी, कुल शरीफ में हुई सलामती की दुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**किच्छा।** हजरत सैयद आले मोहम्मद मियां रहमतुल्लाह अलैह का दूसरा तीन दिवसीय सालाना उर्स आज सोमवार को खुशहाली व सलामती की दुआ के साथ सम्पन्न हो गया।

केजीएन कालोनी, सिरौली कलां, किच्छा स्थित खानकाह पर सज्जादानशीन सैयद आले रसूल मियां की सरपरस्ती में सुबह दस बजे महफि ल ए कुल शरीफ का आगाज कारी सिद्दीक ने तिलावत ए कुरआन से किया। मौलाना सैयद आसिम मियां ने औलिया ए किराम की हयात ओ खिदमात पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि अल्लाह के वलियों की बारगाह में अकीदत ओ मोहब्बत से हाज़िरी देना चाहिए। मौलाना सैयद कमरूल हसन मियां ने कहा कि खानकाहों से हमेशा अमन और मोहब्बत का पैगाम दिया जाता है। हाफिज इब्ने हसन, कारी शाहिद व मदरसा आलिया मोहम्मदिया जीनतुल इस्लाम के बच्चों ने नात व मनकबत पेश की। इसके बाद कुरआन मजीद की आयात पढ़कर साहिबे उर्स को






ईसाले सवाब किया गया। सज्जादानशीन सैयद आले रसूल मियां ने कौम व मिल्लत की तरक्की व खुशहाली की दुआ की। इस अवसर पर शाहिद रजा, अब्दुल गफ्फार, पप्पू, फुरकान रजा, आफाक, नायाब, मोहम्मद नसीम, आबिद, मोहम्मद अमर, यूसुफ, रहबर, लल्लन, सलमान, हनीफ, नफीस, असलम, महफूज, चांद बाबू आदि सहित बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद रहे। वहीं बीती रात जलसा दस्तार बंदी व यादगारे मुफ्ती आजम हिन्द कॉन्फ्रेंस हुई। जिसमें दीनी खिदमात के लिए मौलाना तौफीक रजा शीशगढ़ को हजरत शरफुद्दीन शाह विलायत अवार्ड देकर सम्मानित किया। जलसे को मुफ्ती शहरयार रजवी व मौलाना अख़्तर रजा ने खिताब किया। इस दौरान मदरसा आलिया मोहम्मदिया जीनतुल इस्लाम के चार छात्रों हाफिज मोहम्मद रजा, हाफिज मोहम्मद तसलीम, हाफिज मोहम्मद राशिद, हाफिज मोहम्मद अजीम को सनद देकर दस्तारबंदी की गई। उर्स संयोजक / सज्जादानशीन सैयद आले रसूल मियां व सैयद आले हसनैन मियां ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## ओपन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप : मुरादाबाद के भास्कर ने अलीगढ़ के सुमित को हराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** खेल निदेशालय की ओर से आयोजित ओपन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। 37 मुकाबलों में से 19 में मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर दबदबा कायम किया। मेंस सिंगल्स में मुरादाबाद के भास्कर ने अलीगढ़ के सुमित यादव को 30-15 से हराया और मंडल की जीत का खाता खोला।आगरा के रोबिन सिंह ने मेरठ के शोभित को 30-28 के स्कोर से मात दी। मैच के दौरान आरएसओ जितेंद्र यादव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। निर्णायक के



रूप में मनीष सिंघल, करन श्रीवास्तव, राहुल घोष, आशीष पटेल आदि रहे। परिणाम : मेंस सिंगल के विजेता विशाल चंदेल (मुरादाबाद), शिवम यादव (अलीगढ़), अभिषेक कुमार (अलीगढ़), अभिनव चौहान (आगरा), अंश गौड़ (मुरादाबाद), मीत गुलाटी (आगरा) रहे। इसी तरह वुमेन सिंगल्स की विजेता माही गुंबर (मुरादाबाद), प्रियंका प्रजापति (आजमगढ़), सिमरन चौधरी (मुरादाबाद), शोभा (अलीगढ़), प्रगति (सहारनपुर), ऋषिका यादव (आजमगढ़), माया कुमारी (आजमगढ़), सृष्टि राणा (आगरा) रहीं। वहीं मेंस डबल्स के विजेता अक्षित चौधरी व आर्यन खान (अलीगढ़), देवेश अग्रवाल व विशाल चंदेल (मुरादाबाद), अक्षित गुप्ता व अंश गौड़ (मुरादाबाद), अभिषेक कुमार व शिवम यादव (अलीगढ़) रहे। वुमेन डबल्स की विजेता माया कुमार व ऋषिका यादव (आजमगढ़), माही गुंबर व राधिका रस्तोगी (मुरादाबाद), प्राची चौधरी व शोभा (अलीगढ़), आमरीन बानो व सिमरन चौधरी (मुरादाबाद) रहीं।

## उलेमाओं ने इल्म हासिल करने पर दिया जोर, कुन्दरकी के मदरसा बशीरूल उलूम सय्यदुल अंबिया कॉन्फ्रेंस दस्तारबंदी का प्रोग्राम मुनाकिद हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी)।** नगर के मदरसा बशीरूल उलूम में सय्यदुल

**आधी रोटी खाईये बच्चों को पढ़ाईये, सय्यद रेहान मियां**

अम्बिया कान्फ्रेंस व जश्ने दस्तारबन्दी का प्रोग्राम मुनाकिद हुआ। दस्तारबंदी के प्रोग्राम में उलेमा अहले सुन्नत ने इल्म हासिल करने पर जोर दिया। और शरीयत ए मुस्तफा पर चलने का पैगाम दिया। कान्फ्रेंस का आगाज कुरआने पाक की तिलावत से किया। शायर कारी रेहान कमाली ने नबी ए पाक की शान में कलाम पेश किये। कॉन्फ्रेंस को खिताब करते हुए मुफ्ती सय्यद रेहान मियां मोअज्ज़मी ने इल्म की अहमियत बयान की और मदरसे के छात्रों से कहा पढ़ लिख कर देश का नाम रोशन करें और



देश को तरक्की का जरिया बनें। आखिर में उलेमा अहले सुन्नत ने फारिग होने वाले 5 हाफिजो के सरों पर दस्तार सजाकर अपनी दुआओं से नवाजा । दस्तारबंदी के प्रोग्राम के आखिर में मुल्क और मिल्लत की खुशहाली के लिए डॉ सय्यद नासिर मियां मोअज्ज़मी जनेटावी ने दुआ कराई । दस्तारबंदी के प्रोग्राम की निजामत कारी मुनाजिर हुसैन ने की । दस्तारबंदी के प्रोग्राम में खास तौर पर सय्यद वसीम मियां कारी महफूज कारी वकील कारी असरार कारी इन्तजार कसीर तादात में मौजूद रहे।

**शबे बरात** — इसी रात पैदा होने वाले और मरने वालों के नाम लिख दिए जाते हैं

# शबे बरात क्या है इस रात की अहमियत जानें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी)।** गुलाम नबी अत्तारी ने बताया शाबान की 15 वीं रात यानी शबे बरात बड़ी बा बरकत रात है इस रात अल्लाह पाक की खूब रहमतों बरकतों का नुजूल होता है अल्लाह पाक की बारगाह में इस रात खास तौर पर अपनी दुनिया वह आखिरत की भलाई की दुआ मांगनी चाहिए क्योंकि इस रात दुआएं कबूल होती है । अल्लाह पाक के आखिरी नबी मोहम्मदे अरबी ने पांच रातों के बारे में फरमाया कि इनमें दुआ रद नहीं होती जिनमें से एक शाबान की 15 वीं रात यानी शबे बारात भी है जन्नती सहाबी हजरते उबय बिन काब फरमाते हैं रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलेही वसल्लम ने इरशाद फरमाया मेरे पास हजरते जिब्रील अलैहिस्सलाम शबे बरात में हाजिर हुए और मुझसे कहा उठकर नमाज अदा फरमाइए और अपना सर और हाथ मुबारक आसमान की तरफ उठाइए मैंने पूछा ये कैसी रात है ,अर्ज. की, या मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम यह वह रात है की जिसमें आसमान और रहमत के 300 दरवाजे खोल दिए जाते हैं। अल्लाह पाक के साथ शरीक ठहराने वालों, आपस में बुग्ज और कीना रखने वालों शराबियों बदकारों के अलावा सब की मगफिरत कर दी जाती है । इन लोगों की उसे वक्त तक मगफिरत नहीं होगी जब तक की सच्ची तौबा ना कर ले अलबत्ता शराब के आदि के लिए रहमत के दरवाजों में से एक दरवाजा खुला छोड़ दिया जाता है यहां तक की वह तौबा कर ले जब वह तौबा कर लेता है तो उसकी मगफिरत कर दी जाती है इसी तरह कीना रखने वाले के लिए रहमत के दरवाजे में से एक दरवाजा खुला छोड़ दिया जाता है यहां तक की वह अपने साथी यानी जिस से कीना रखता था बातचीत कर ले जब वह उससे बातचीत कर लेता है तो उसकी भी मगफिरत कर दी जाती है हुजूर अकरम सल्लल्लाहू अलैही वसल्लम ने इरशाद फरमाया ए जीब्रील अगर वह अपने साथी से कलाम ना करें यहां तक की शबे बरात गुजर जाए तो हजरते जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने अर्ज.की अगर वह इसी हालत पर बरकरार रहा यहां तक की नज्अ का आलम तारी होने के सबब उसके सीने में सांस अटकने लग जाए तब भी उसके लिए दरवाजए रहमत खुला रहता है अगर वो मौत से पहले कीनाए मुस्लिम से तौबा कर ले तो उसकी तौबा मकबूल है फिर रात के चौथे पहर हजरते जिब्राइल अलैहिस्सलाम नाजिल हुए और अर्ज. की या मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम अपना सर आसमान की तरफ उठाईये आपने अपना सर आसमान की तरह



उठाया तो देखा की रहमत के दरवाजे खुले हुए हैं और हर दरवाजे पर एक फरिश्ता आवाज दे रहा है मुबारक हो उसे जो इस रात इबादत करें। दूसरे दरवाजे पर भी एक फरिश्ता यूं पुकार रहा है मुबारक हो उसे जो इस रात में सजदा करें तीसरे दरवाजे पर भी एक फरिश्ता पुकार रहा है कि मुबारक हो उसे जो इस रात में रूकअ करें चौथे दरवाजे पर भी एक फरिश्ता पुकार रहा है की मुबारक हो उसे जो इस रात में अपने रब्बे करीम से दुआ मांगे पांचवें दरवाजे पर भी एक फरिश्ता आवाज लग रहा है की मुबारक हो उसे जो अपने रब्बे करीम से दुआ करने में मशगूल रहे । छठे दरवाजे पर भी एक फरिश्ता पुकार रहा है कि इस रात में मुसलमान को मुबारक हो सातवें दरवाजे पर भी एक फरिश्ता पुकार रहा है अल्लाह पाक को एक माननें वालों को मुबारक हो आठवें दरवाजे पर भी एक फरिश्ता पुकार रहा है है कोई तौबा करने वाला की उसकी तौबा कबूल की जाए नवें दरवाजे पर भी एक फरिश्ता सदा लग रहा है है कोई मगफिरत तलब करने वाला की उसकी मगफिरत कर दी जाए और दसवें दरवाजे पर भी एक फरिश्ता निदा दे रहा है है कोई दुआ करने वाला इसकी दुआ कबूल कर दी जाए फिर रहमते आलम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया ए जीब्रील ये रहमत के दरवाजे कब तक खुले रहते हैं अर्ज.की रात की इब्तिदा से तुलूए फजर तक प्यारे आका सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया इस रात बकरियों के बालों से भी ज्यादा लोगों की मगफिरत कर दी जाती है इसी रात लोगों के साल भर के आमाल आसमानों की जानिब बुलंद किए जाते हैं और इसी रात रिज्क तकसीम किए जाते हैं , रहमत के हैं दरवाजा खुला मांग अरे मांग देता है कारम उनका सदा मांग अरे मांग सरकार से सरकार को मारगुंगा नियाजी सरकार ने जिस वक्त कहां मांग अरे मांग ।

### शबे बरात केसे गुजारें

यह रात बहुत मुबारक रात है इसमें कब्रिस्तान जाना वहां फातिहा पढ़ना सुन्नत है अगर हो सके तो चौधवीं और 15 वीं तारीख को रोजा रखें रात को सारी रात जाग कर इबादत में गुजारें नफिल नमाज पढ़े और इसी रात को एक दूसरे से अपनी कसूर माफ कर ले क्योंकि बुग्ज और कीनी वाले मुसलमान की दुआ कबूल नहीं होती, अगर तमाम रात ना जाग सकें तो जिस कदर हो सके इबादत करें और जियारत कबूल करें अगर इस रात को 7 पत्ते बेरी के पानी में उबालकर गुसुल करें तो इंशाल्लाह ताला साल भर जादू के असर से महफूज रहेगा।

## नौ अपराधियों पर घोषित किया गया 25-25 हजार का इनाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जनपद के नौ शातिर अपराधियों के खिलाफ 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। सभी की सूची भी सोशल मीडिया पर जारी की है। कहा गया कि इनामी अपराधियों को पकड़वाने वाले को इनाम की रकम दी जाएगी। उसका नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। शातिर अपराधियों में सुशील कुमार पुत्र मुनिराज निवासी ग्राम छज्जूपुर माफी थाना बछरायूं जिला अमरोहा का रहने वाला है। वह मझोला के मुकदमों में फरार चल रहा है। सौरभ शर्मा पुत्र सतीश कुमार शर्मा निवासी गुडिया पीरगैब थाना मुगलपुरा का है। अभय उर्फ छोटू पुत्र राकेश मेहरोत्रा निवासी मोहल्ला बाजीगरान पीरगैब थाना मुगलपुरा, पीयूष पाल पुत्र ऋषिपाल निवासी गुडिया मोहल्ला बाजीगरान पीरगैब थाना मुगलपुरा, अजय सैनी पुत्र राधे निवासी संजय नगर गली कटघर, संजय चौहान पुत्र रमेश चौहान दुर्गेशनगर थाना कटघर, विशाल

**शातिर अपराधियों में सुशील कुमार पुत्र मुनिराज निवासी ग्राम छज्जूपुर माफी थाना बछरायूं जिला अमरोहा का रहने वाला है। वह मझोला के मुकदमों में फरार चल रहा है। सौरभ शर्मा पुत्र सतीश कुमार शर्मा निवासी गुडिया पीरगैब थाना मुगलपुरा का है**

(पुच्ची) पुत्र वीरेन्द्र शर्मा निवासी दुर्गेशनगर थाना कटघर, हरीश (कालिया) पुत्र चन्द्रपाल निवासी संजय कटघर व कमल चौहान पुत्र रमेश चौहान निवासी मन्दिर वाली गली डबल फाटक थाना कटघर हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हैं रश्मि देसाई

अभिनेत्री रश्मि देसाई कई सफल टीवी शो में काम कर चुकी हैं। हालांकि, कुछ निर्देशकों के साथ वह काम नहीं कर पाई हैं। उन्होंने अपनी ख्वाहिश का इजहार किया और बताया कि कौन-कौन से निर्देशकों के साथ वह काम करना चाहती हैं। रश्मि देसाई ने कहा, मैंने यह कई बार कहा है और आज फिर कहूंगी। मैं इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हूं। मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं और मुझे उम्मीद है कि मुझे इस जीवन में उनके साथ काम करने का अवसर जरूर मिलेगा। जिस तरह से वे लोगों को जीवन के प्रति एक नया नजरिया देते हैं, वह बहुत खूबसूरत है।

उनसे जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बॉलीवुड, टीवी कलाकारों को टाइपकास्ट करता है। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा, वे करते हैं, कठिनाई जीवन का एक हिस्सा है। जब आप कड़ी मेहनत करते हैं, जब आप अच्छा काम करते हैं, तो आपको अपने परिश्रम का फल जरूर मिलता है। आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे आपको टीवी एक्टर, ओटीटी एक्टर, फिल्म एक्टर बनाते हैं, लेकिन मुझे लगता है, एक एक्टर एक एक्टर है।

रश्मि देसाई आखिरी बार व्यंग्य एक्शन कॉमेडी 'हिसाब बराबरइ में नजर आई थीं। फिल्म की कहानी लिखने के साथ निर्देशन भी अश्विनी धीर ने ही किया। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो ने एसपी सिनेकॉर्प के सहयोग से किया है।

रश्मि देसाई के साथ इस प्रोजेक्ट में आर. माधवन मुख्य भूमिका में हैं। इसके साथ ही फिल्म में नील नितिन मुकेश, कीर्ति कुल्हारी और फैजल राशिद समेत अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

फिल्म की कहानी एक रेलवे टिकट परीक्षक राधे मोहन शर्मा पर आधारित है, जो अपने बैंक खाते में एक छोटी सी गड़बड़ी को नोटिस करता है। इस मुद्दे को सुलझाने के अपने प्रयास के दौरान वह एक बैंकर मिकी मेहता से जुड़े एक बड़े वित्तीय घोटाले का पदार्फाश करता है।

'हिसाब बराबरइ का प्रीमियर 26 नवंबर 2024 को गोवा में भारत के 55वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। फिल्म को 24 जनवरी 2025 को जी5 पर रिलीज किया गया था।

# बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी, देवा की कमाई में मामुली बढ़ोतरी

अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और सारा अली खान जैसे बड़े सितारों से सजी फिल्म स्काई फोर्स को सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है। यह फिल्म पहले ही दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

स्काई फोर्स इस साल की सुपरहिट फिल्मों की सूची में अपना नाम दर्ज करवा चुकी है।

आइए बताते हैं इस फिल्म ने 17वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, स्काई फोर्स ने अपनी रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे रविवार को 1.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 129.3 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का अनुमानित



बजट 160 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि अक्षय पिछले काफी समय से एक हिट फिल्म के लिए तरस रहे हैं और अब आखिरकार स्काई फोर्स उनके लिए संजीवनी बूटी बनकर आई है।

दूसरी ओर शाहिद कपूर की फिल्म देवा को बीते 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है।

इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह था, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। फिल्म के कारोबार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा।

अब देवा की कमाई के 10वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवा ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 1.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 31.75 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में शाहिद की जोड़ी पहली बार पूजा हेगड़े के साथ बनी है। इसमें पावेल गुलाटी भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है, वहीं विद्या बालन के पति और जाने-माने फिल्म निमार्ता सिद्धार्थ रॉय कपूर फिल्म के निमार्ता हैं।

# विदामुयार्ची 2025 के टॉप 5 हाईएस्ट ग्रॉसर में शामिल, पहले वीकेंड में इन देशों में की ताबड़तोड़ कमाई

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की हालिया फिल्म विदामुयार्ची बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रन कर रही हैं. फिल्म दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 100 का आंकड़ा पार कर ली है. वही, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसने 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. सैकनिल्क रिपोर्ट के मुताबिक, अजित कुमार, तृषा कृष्णन की नई फिल्म विदामुयार्ची 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. फिल्म ने पहले दिन भारत में 26 करोड़ रुपये के साथ ओपनिंग की. वहीं नार्थ अमेरिका में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बनकर उभरी. मगिज थिरुमेनी की निर्देशित फिल्म ने दूसरे दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 10.25 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी देखी गई. तीसरे दिन फिल्म ने 13.5 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि चौथे दिन फिल्म के कलेक्शन में 11.70 प्रतिशत की गिरावट हुई और फिल्म ने 11.92 करोड़ रुपये ही कमा पाई. इन 4 दिनों




के बाद विदामुयार्ची का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 61.67 करोड़ रुपये हो गया है। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री ट्रैकर रमेश बाला ने विदामुयार्ची का वीकेंड कलेक्शन साझा किया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूजीलैंड में विदामुयार्ची पहले ही वीकेंड में एके की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. इसने न्यूजीलैंड में पहले वीकेंड में लगभग 21 लाख रुपये कमाए हैं. साथ सऊदी अरब में विदामुयार्ची एके की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, विदामुयार्ची 2025 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म बन गई है और भारतीय सिनेमा की टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में भी शामिल हो गई है. लिस्ट में शामिल अन्य फिल्मों में संक्रांतिकी वस्तुनम, गेम चेंजर, स्काई फोर्स और डाकू महाराज शामिल हैं. विदामुयार्ची के 21 फरवरी तक बिना किसी बाधा के चलने की उम्मीद है, क्योंकि इस बीच कोई भी बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।

# 44 की उम्र में कटआउट ड्रेस पहन श्वेता तिवारी ने सोशल मीडिया पर बरपाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस 44 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड और सेक्सी अंदाज देखकर लोगों की नजरें उनपर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बनती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।



अब हाल हे में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। श्वेता तिवारी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है। एक्ट्रेस की इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर का स्टाइलिश कटआउट बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। बालों का हाई बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस भी मंत्रमुग्ध हो गए हैं। श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# वैलेंटाइन डे पर अपने प्यार का इजहार करने के लिए आजमाएं ये 5 रचनात्मक और रोमांटिक तरीके

वैलेंटाइन डे प्यार का त्योहार है, जब लोग अपने खास व्यक्ति को अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं। इस मौके पर अगर आप भी किसी को अपना वैलेंटाइन बनाना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए मददगार हो सकता है। यहां हम आपको कुछ अनोखे और रोमांटिक तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने दिल की बात कह सकते हैं और अपने रिश्ते में एक नई शुरूआत कर सकते हैं। ये तरीके सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली साबित हो सकते हैं।



**एक प्यारा-सा नोट लिखें**

कभी-कभी शब्दों में वो जादू होता है, जो किसी और चीज में नहीं।

एक प्यारा-सा नोट लिखकर आप अपनी भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त कर सकते हैं। इसमें आप अपनी पसंदीदा यादें साझा कर सकते हैं या फिर उनके बारे में कुछ खास बातें लिख सकते हैं, जो आपको बहुत पसंद हों। इस नोट को एक सुंदर लिफाफे में डालकर उन्हें दें या उनके बैग में छुपा दें ताकि वे इसे अचानक पाकर खुश हो जाएं।

**फूलों के साथ सरप्राइज करें**

फूल हमेशा से ही प्यार का प्रतीक रहे हैं।

गुलाब के फूलों का गुलदस्ता देकर आप अपने दिल की बात आसानी से कह सकते हैं। अगर आपके पास समय हो तो खुद जाकर फूल चुनें और उन्हें खूबसूरती से सजाएं।

इसके साथ एक छोटा सा कार्ड जोड़ें, जिसमें लिखा हो कि क्या तुम मेरी वैलेंटाइन बनोगी? यह तरीका सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली होता है।

**रोमांटिक डिनर प्लान करें**

अपने प्यार का इजहार करने के लिए एक खास डिनर डेट प्लान करना भी एक बेहतरीन तरीका हो सकता है।

घर पर ही कैंडल लाइट डिनर तैयार करें या फिर किसी अच्छे रेस्टोरेंट में टेबल बुक करें, जहां माहौल रोमांटिक हो।

खाने के दौरान सही समय देखकर उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगी? यह पल आपके रिश्ते को और मजबूत बना सकता है।

**गाने के जरिए इजहार करें**

अगर आपको गाना आता है तो यह तरीका आपके लिए सबसे अच्छा साबित हो सकता है।

उनके लिए कोई खास गाना गाएं, जो आपकी भावनाओं को व्यक्त करता हो।

लाइव गाना मुश्किल लगे तो पहले से रिकॉर्ड कर-के भेज दें या वीडियो कॉल पर गाकर सुनाएं। संगीत की ताकत शब्दों से ज्यादा होती है और यह आपके दिल की बात को उनके दिल तक पहुंचाने का बेहतरीन जरिया बन सकता है। इससे आपका इजहार और भी खास बन जाएगा।

**फोटो एलबम बनाएं**

अपनी भावनाओं को जाहिर करने के लिए अपने पार्टनर के साथ बिताए गए पलों की तस्वीरों का एलबम बनाकर देना भी एक अनोखा तरीका हो सकता है।

इसमें उन सभी यादगार पलों की तस्वीरें शामिल करें, जिन्हें आपने साथ बिताया हो और हर तस्वीर के नीचे कुछ प्यारे शब्द लिखें जो उस पल की अहमियत बताते हों।

अंत में उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगे?

# ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

ब्यूटी ब्लेंडर का उपयोग मेकअप में एक अहम भूमिका निभाता है। यह चेहरे पर मेकअप को समान रूप से लगाने में मदद करता है, लेकिन इसका सही तरीके से सफाई करना भी उतना ही जरूरी है। अगर इसे ठीक से साफ नहीं किया जाए तो यह बैक्टीरिया का घर बन सकता है और त्वचा पर दाने या संक्रमण पैदा कर सकता है।

आइए आज हम आपको ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने की कुछ सरल टिप्स देते हैं।

**गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करें**

ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए सबसे आसान तरीका गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करना है।

लाभ के लिए सबसे पहले एक कटोरी में गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ा सा माइल्ड फेसवॉश या बेबी शैंपू मिलाएं। अब अपने ब्यूटी ब्लेंडर को इस मिश्रण में डुबोएं और हल्के हाथों से निचोड़ें ताकि सारा मेकअप निकल जाए। इसके बाद इसे साफ पानी में धोकर सुखा लें।



**माइक्रोवेव विधि अपनाएं**

माइक्रोवेव विधि ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए असरदार है।

इसके लिए एक माइक्रोवेव-सुरक्षित कप में पानी भरें और उसमें थोड़ा लिक्विड सोप मिलाएं। अब ब्यूटी ब्लेंडर को इसमें डालकर कप को माइक्रोवेव में 30 सेकंड तक गर्म करें। इस प्रक्रिया से बैक्टीरिया मर जाते हैं और स्पंज पूरी तरह साफ हो जाता है।

ध्यान रखें कि कप को माइक्रोवेव से निकालते समय सावधानी बरतें क्योंकि यह गर्म हो सकता है।

**जैतून के तेल का प्रयोग करें**

अगर आपके ब्यूटी ब्लेंडर पर जिद्दी दाग हैं तो जैतून तेल आपकी मदद कर सकता है।

एक प्लेट में थोड़ा जैतून तेल डालें और उसमें स्पंज को घुमाएं ताकि तेल हर जगह लग जाए। यह प्रक्रिया दागों को ढीला करने में मदद करती है। इसके बाद इसे साबुन वाले पानी में अच्छी तरह से धोएं ताकि सारा तेल और दाग निकल जाएं।

यह तरीका आपके स्पंज को मुलायम बनाए रखेगा और उसकी सफाई भी सुनिश्चित करेगा।

**सिरका और नींबू का मिश्रण आजमाएं**

सिरका और नींबू का मिश्रण ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए एक बेहतरीन उपाय है। ये प्राकृतिक क्लीनिंग एजेंट्स बैक्टीरिया हटाने में मदद करते हैं।

एक कटोरी में बराबर मात्रा में सिरका और नींबू का रस मिलाएं, फिर इसमें अपने ब्यूटी ब्लेंडर को कुछ मिनटों के लिए भिगो दें ताकि गंदगी ढीली हो जाए। इसके बाद इसे ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें।

यह प्रक्रिया आपके स्पंज को साफ कर देती है।

**ब्रश क्लीनिंग पैड का इस्तेमाल करें**

ब्रश क्लीनिंग पैड का उपयोग ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए बहुत कारगर होता है। सबसे पहले पैड पर हल्का साबुन लगाएं, फिर अपने स्पंज को इस पर गोल-गोल घुमाते हुए रगड़ें। इससे स्पंज में फंसी गंदगी आसानी से बाहर आ जाती है और वह पूरी तरह से साफ हो जाता है। इसके बाद इसे साफ पानी में अच्छी तरह धो लें और फिर सूखने के लिए रख दें ताकि यह दोबारा उपयोग के लिए तैयार हो सके।

# नागा चैतन्य-साई पल्लवी की लव स्टोरी ने दुनियाभर में मचाई तबाही, थंडेल की तीसरे दिन की कमाई ने तोड़ा रिकॉर्ड

नागा चैतन्य और साई पल्लवी की स्टारर थंडेल 7 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई, इसे हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज किया गया. फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आ रही है वहीं यह घरेलू कलेक्शन के साथ ही दुनियाभर में जबरदस्त कमाई कर रही है. थंडेल में नागा मछुआरे के ग्रुप के लीडर होते हैं और मछली पकड़ने के दौरान कुछ मछुआरों के साथ वे पाकिस्तान के जलक्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं. अपने 3 महीने की छुट्टी में वे ज्यादातर टाइम उनकी गर्लफ्रेंड साई पल्लवी के साथ बिताते हैं. फिल्म की कहानी प्यार, बदला, साहस, देशभक्ति की भावना से भरपूर है और इस अनोखी लव स्टोरी को दुनियाभर के दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं.

थंडेल के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर किया है. बता दें थंडेल ने दुनियाभर में तीन दिन में 62.37 करोड़ का कलेक्शन किया है जो कि शानदार है. अजित कुमार की विदामुयार्ची से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद फिल्म ने बेहतर प्रदर्शन किया है. इसके साथ ही थंडेल नागा चैतन्य की सबसे तेज 60 करोड़ कमाने वाली फिल्म भी बन गई है.



थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और 11.5 करोड़ के साथ जबरदस्त ओपनिंग की. फिल्म ने पहले दिन तेलुगु में सबसे ज्यादा 11.3 करोड़, हिंदी में 0.12 करोड़ और तमिल में 0.08 करोड़ की कमाई की. दूसरे दिन फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 12.1 करोड़ कमाए. वहीं तीसरे दिन की कमाई की बात करों तो फिल्म ने 5.22त्न ग्रोथ के साथ 12.25 करोड़ की कमाई की. तरह फिल्म का तीन दिनों का टोटल घरेलू कलेक्शन 35.85 करोड़ रहा।

साई पल्लवी और नागा चैतन्य ने इससे पहले 2021 में लव स्टोरी में कोलेब किया था. साई और नागा के अलावा फिल्म में प्रकाश बेलावाड़ी, दिव्या पिल्लई, राव रमेश, करुणाकरण, बबलू पृथ्वीराज और किशोर राजू वशिष्ठ जैसे कलाकारों ने खास रोल प्ले किया है।

# पेनडाउन प्रेस ने आन्या मित्तल की पुस्तक अनरेवलिंग द क्विन कोड का किया विमोचन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विश्व पुस्तक मेला 2025 के हॉल नम्बर 2 के लेखक मंच से पेनडाउन प्रेस ने आन्या मित्तल की पुस्तक अनरेवलिंग द क्विन कोड का किया विमोचन , ब्रिटिश स्कूल, नई

**आन्या मित्तल की पुस्तक अनरेवलिंग द क्विन कोड को देखने उमडी दर्शकों की भीड**

दिल्ली की 7वीं कक्षा की छात्रा, आन्या मित्तल एक उत्साही पाठक और उत्कृष्ट लेखिका हैं। उसे कहानियों में खोए रहना पसंद है, चाहे वह पढ़ने के माध्यम से हो, या सपने देखने और अपने स्वयं के कारनामों को लिखने के माध्यम से हो। अपनी किताब प्रकाशित करना उनका हमेशा से सपना रहा है और यह कहानी महीनों के दृढ़ संकल्प और लचीलेपन का परिणाम है। एक रचनात्मक आत्मा होने के नाते, उसका रुझान पेंटिंग करने में है और वह कला, खेल या नृत्य के किसी भी रूप में शामिल होना पसंद करती है। क्विन कोड को उजागर करना उनकी पहली प्रकाशित पुस्तक है और अनगिनत कहानियों के साथ, वह कई अद्भुत किताबें लिखना जारी रखेंगी। पुस्तक मेला पुस्तक लांच और साहित्यिक कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण मंच है। विश्व पुस्तक मेले के आखिरी दिन पेनडाउन प्रेस के स्टॉल पर आन्या मित्तल की पुस्तक अनरेवलिंग द क्विन कोड को देखने उमड़ी दर्शकों की भीड। लोग अपनी जरूरत की किताब को ढूढ रहे थे। पेनडाउन प्रेस पब्लिशिंग हाउस की पुस्तकों में आन्या मित्तल की पुस्तक अनरेवलिंग द क्विन कोड का आज लोकार्पण किया गया। आन्या मित्तल ने अनरेवलिंग द क्विन कोड को अंग्रेजी भाषा में इसकी रचना है,




प्रगति मैदान के हॉल नवम्बर 2 का ऑथर कॉर्नर इन पुस्तकों के विमोचन से ठीक पहले और उसके दौरान खचाखच भरा हुआ था।
जैसे ही मेहमानों ने अपनी सीट ग्रहण की, कार्यक्रम के मेजबान ने सभी का स्वागत किया और इन पुस्तकों के लेखकों को संक्षिप्त लेकिन प्रभावी तरीके से पेश किया। सबसे पहले पेनडाउन प्रेस के सीईओ दिनेश वर्मा को मंच पर बुलाया गया और दर्शकों को संबोधित करने के लिए कहा गया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच, दिनेश वर्मा ने अपनी सर्वोत्कृष्ट मुस्कान के साथ एकत्रित लोगों का अभिवादन किया और कहा प्रगति मैदान में ऑथर कॉर्नर के प्रतिष्ठित स्थान के माध्यम से पुस्तकों का विमोचन वास्तव में हमारे लिए गर्व का क्षण है। पेनडाउन प्रेस के लेखकों ने इसको संभव बनाया है। और इसके लिए मैं अपने तमाम लेखकों का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा कर रहा हूँ।

# वंडर ऑफ अलीगढ़ कार्यक्रम आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के मुक्ति का समाज पर मुक्त आकाश के मंच पर वंडर ऑफ अलीगढ़ कार्यक्रम आयोजित किया गया निश्चित राजपूत के द्वारा इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने अपनी बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी।
इस कार्यक्रम के डांस जज कृष्ण राणा सर और अतिथि महोदय प्रवीण भैया सिद्धार्थ सिंह रघुराज सिंह श्री कश्मीरी सिंह तथा कटरा सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम में डांस और मॉडलिंग कंपटीशन आयोजित किया गया जिसमें जूनियर सीनियर के दो कैटेगरी में बच्चों ने हिस्सा लिया।



# चार लोगों के खिलाफ नामजत व दो अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चंदौसी।** बुधवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला नखासा में डेयरी संचालक और उसके भाई पर मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें दो भाई गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल ने मारपीट कर 1 लाख 65 हजार रूपों की नगदी समेत दो भैंस छीनने का आरोप हमलावरों पर लगाया है। डेयरी संचालक और उसके भाई को पुलिस ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। घायल के पुत्र ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें चार लोगों के नामजद एवं दो अज्ञात के खिलाफ मुकद्मा दर्ज किया गया। शारिक पुत्र शकिर हुसैन मौहल्ला कुरेशियान चन्दौसी का कहना है कि वह पशुओं को खरीदने ,बेचने का कार्य करता है इसी को लेकर मोहल्ले के लोग रंजिश मानते थे। 12 फरवरी की सुबह लगभग 9 बजे करीब शाकिर अपने घर भैसें को बाध रहा था तभी मोहल्ले के ताहिर ,दानिश, नाहिद, हसनैन तथा दो लोग अज्ञातो ने धारधार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को चन्दौसी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होन पर चिकित्सक ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेटर रैफर कर दिया । पीड़ित की ओर से कोतवाली चन्दौसी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। दूसरी ओर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोहित कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ नामजद् व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# आचार्य सत्येंद्र दास जी का निधन संत समाज और श्रद्धालुओं के लिए अपूरणीय क्षति : अमित शाह

**नई दिल्ली।** अयोध्या स्थित राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का बुधवार को लखनऊ एसजीपीजीआई में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और एसजीपीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई अन्य नेताओं ने दुख व्यक्त किया।
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास जी का निधन संत समाज और श्रद्धालुओं के लिए अपूरणीय क्षति है। राम भक्तों के बीच श्रद्धा और आस्था के प्रतीक रहे आचार्य जी का जीवन प्रभु की सेवा और भक्तों के मार्गदर्शन में सदैव समर्पित रहा। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रभु श्री राम पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों एवं अनुयायियों को संबल प्रदान करें।
केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर लिखा, प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येंद्र कुमार दास जी महाराज के देवलोकगमन के समाचार से हृदय स्तब्ध है। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से श्री रामलला के पुनर्स्थापन तक उनका योगदान अविस्मरणीय है। भगवान श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके शिष्यों व अनुयायियों को इस कठिन घड़ी में संबल दें। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा, श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी, प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त, आचार्य सत्येंद्र दास जी के निधन की सूचना अत्यंत दुःखद व पीड़ादायक है। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से श्री रामलला के पुनर्स्थापन तक उनका योगदान अविस्मरणीय है जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देगा। उनका निधन संत समाज तथा आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रभु श्रीराम जी से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल अनुयायियों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति दें।



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने भी दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी रामभक्त आचार्य सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज के परलोकगमन का समाचार अत्यंत दुःखद है। जीवन पर्यंत श्री रामलला सरकार की सेवा में रत पूज्य सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का जाना आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। प्रभु श्रीराम उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

# खालसा ई-व्हीकल्स ने लखनऊ में अपना पहला रिटेल आउटलेट शुरू किया, राज्य में अपनी उपस्थिति बढ़ाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** भारत की अग्रणी वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक-वाहन विनिमार्ता कंपनी खालसा ई-व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने लखनऊ में अपने पहले रिटेल आउटलेट के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। आउटलेट के उद्घाटन के अवसर पर खालसा ई-व्हीकल्स के ब्रांड एंबेसडर किकू शारदा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को और भी खास बना दिया। यह नया आउटलेट खालसा ई-व्हीकल्स की देश भर में पर्यावरण अनुकूल समाधान को आगे बढ़ाने की निरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन की सुलभता को बढ़ाकर, कंपनी का लक्ष्य लखनऊ में ग्राहकों को अधिक सुविधा और विकल्प प्रदान करना है। यह नया आउटलेट भारत भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जाने-माने ब्रांड बनने की खालसा ई-व्हीकल्स की महत्वाकांक्षा को पुष्ट करता है। यह एक ऐसा विजन है जो पहले से ही 18 राज्यों, 250 से अधिक डीलरों, कंपनी के स्वामित्व वाली कंपनी संचालित (COCO) 25 आउटलेट्स और देश भर में रणनीतिक रूप से स्थित सात गोदामों में उपस्थिति के साथ साकार हो रहा है।
भारतीय हास्य अभिनेता किकू शारदा ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, "आज लखनऊ में खालसा ई-व्हीकल्स के पहले आउटलेट के शुभारंभ का गवाह बनना वाकई सम्मान की बात है। मैंने हमेशा पर्यावरण अनुकूल इनोवेशन की शक्ति में विश्वास किया है और खालसा ईवी इसमें सबसे आगे है। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए कंपनी का समर्पण प्रेरणादायक है और मुझे उम्मीद है कि यह नया आउटलेट कई और व्यक्तियों और व्यवसायों को स्वच्छ भविष्य के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में मदद करेगा। भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन के भविष्य को आगे बढ़ाने में उनके अविश्वसनीय काम के लिए शिवम नारंग और सत्यम नारंग को बधाई!"खालसा ई-व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शिवम नारंग ने कहा, "आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि हम लखनऊ के जीवंत शहर में अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं। हमारा उद्देश्य हमेशा से इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना रहा है, और यह नया आउटलेट उस लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक और कदम है। अपने वाहनों को ICAT और NATRA प्रमाणपत्र प्राप्त होने के साथ, हम यह सुनिश्चित करते हुए गुणवत्ता, विश्वसनीयता और स्थिरता प्रदान करना जारी रखे हुए हैं, कि हमारे ग्राहकों को उनकी परिवहन आवश्यकताओं के लिए सर्वोत्तम समाधान मिले।" खालसा ई-व्हीकल्स के लखनऊ में वितरक अंकित जैन ने कहा, "लखनऊ में खालसा ईवी के लिए विशेष वितरक बनकर रोमांचित हूं। यह लॉन्च सिर्फ. एक रिटेल आउटलेट खोलने के बारे में नहीं है; यह एक हरित और अधिक पर्यावरण अनुकूल भविष्य की दिशा में बदलाव लाने के बारे में है। खालसा ईवी इनोवेशन, दक्षता और सामर्थ्य का प्रतीक है, जो इलेक्ट्रिक परिवहन को सभी के लिए सुलभ बनाता है। ईंधन की बढ़ती लागत और बढ़ती पर्यावरणीय चिंताओं के साथ, इलेक्ट्रिक वाहन ही भविष्य हैं, और मुझे लखनऊ में यह क्रांति लाने पर गर्व है।"खालसा ई-व्हीकल्स ने पिछले कुछ वर्षों में प्रभावशाली वृद्धि का अनुभव किया है, जो उच्च प्रदर्शन वाले, टिकाऊ वाहन प्रदान करने पर इसके फोकस से प्रेरित है। शहरी यात्रियों, गिग इकॉनमी वर्कर्स और छोटे व्यवसायों पर अपने फोकस के साथ, कंपनी पारंपरिक वाहनों के लिए एक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करती है।



# पूर्व विधायक संजीव राजा को द्वितीय पुण्यतिथि पर किया याद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** पूर्व विधायक स्वर्गीय संजीव राजा जी की द्वितीय पुण्यतिथि जिला मलखान सिंह अस्पताल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आरोग्य कक्ष मैं सुभाष चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उनकी छायाचित्र दीप प्रज्वलित एवं पुष्प श्रीमती मुक्त राजा शहर विधायक ने अर्पित की ये तथा उनको याद किया गया। सत्यदेव शर्मा प्रबंधक एवं सचिव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार वेलफेयर समिति के तहत उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा कहा स्वर्गीय पूर्व विधायक संजीव राजा जी ने स्वतंत्रता सेनानी वार्ड एवं नीरज पार्क में समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलालेख लगाकर ऐतिहासिक कार्य किया है उसे कार्य को हम जीवन भर भी बुला नहीं सकते उन्होंने जीवन भर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों की जन समस्याओं को अपने स्तर से हल कराया है उनकी इस कार्य के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार जीवन भर उनको याद करते रहेंगे। विचार गोष्टीकर की उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सत्यदीप शर्मा पवन सेठ रविंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट कलंकी अजीत किशोर गुप्ता राजेश कुमार शर्मा हरेंद्र सिंह चैहान रमेश सिंह चैहान मनोज बंसल सुभाष चंद्र गुप्ता आदि जनथे।

# योगी सरकार अब तक की सबसे अक्षम और निकम्मी सरकार साबित हुईः डॉ0 सी0पी0 राय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री डॉ0 सी0पी0 राय ने आज जारी बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव से धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करती रही है। महाकुम्भ में व्याप्त भारी अव्यवस्था के चलते जिस प्रकार तमाम श्रद्धालुओं की दुःखद मृत्यु हुई, एम्बुलेंस की व्यवस्था तक यह सरकार कराने में नाकाम रही, अपने खोये हुए परिजनों को लोग अभी भी बदहवाश हालत में इधर-उधर ढूंढने के लिए मजबूर हैं। मृतकों की संख्या आज तक योगी सरकार उपलब्ध नहीं करा पाई है, योगी सरकार अब तक की सबसे अक्षम और निकम्मी सरकार साबित हुई है।
प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर जिस प्रकार हाईटेक व्यवस्थाओं का झूठा प्रचार-प्रसार किया गया, हाईटेक महाकुम्भ, हाईटेक खोया-पाया सेन्टर की स्थापना, हाईटेक एआई पावर कैमरा जैसे तरह-तरह के हाईटेक सुरक्षा का जनता को विश्वास दिलाया गया, जिसके चलते भारी भीड़ धर्म और आस्था के नाम पर वहां पर एकत्र हुई, किन्तु दुःखद यह है कि करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाने के बाद भारी संख्या में श्रद्धालुओं की जिन्दगी सरकार की अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गयी।भारत के संविधान निमार्ता विद्वानों ने हमारे देश के संविधान में अनुच्छेद 51 ए(एच) में यह उल्लेख किया है कि आने वाले सरकारें देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने का काम करेगीं किन्तु आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी ठीक इसके विपरीत कार्य कर रही है। डॉ0 सी0पी0 राय ने कहा कि वाराणसी में भी सरकार की इन्हीं अव्यवस्थाओं के चलते कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या जैसे तीन शहर भारी जाम और कुप्रबन्धन के चलते अस्त-व्यस्त हो गये हैं। एक तरफ जनता अव्यवस्था और कुप्रबंधन के चलते अपनी जान गंवा रही है वहीं योगी सरकार सिर्फ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को बदलकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री करके अपनी पीठ थपथपा रही है।

# वीरेंद्र प्रताप सिंह जिला सहकारी बैंक संघ उत्तर प्रदेश के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** समस्त सभापति जिला सहकारी बैंक उत्तर प्रदेश की एक बैठक आज अवध जिमखाना क्लब लखनऊ में जितेन्द्र बहादुर सिंह सभापति उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लखनऊ की अध्यक्षता में संपन्न हुई उक्त बैठक में प्रदेश के

**जेके सक्सेना को महामंत्री चुना गया**

समस्त जिला सहकारी बैंकों के सभापतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला सहकारी बैंक लखनऊ के सभापति वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आए हुए सभी सभापति गण का पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया ।
बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश जिला सहकारी बैंक संघ के अध्यक्ष पद हेतु वीरेंद्र प्रताप सिंह सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड लखनऊ के नाम पर निरंजन धनगर सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मथुरा ने नाम का प्रस्ताव किया, जिसका अनुमोदन एसडी सिंह परिहार अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड कानपुर एवं डी पी एस राठौर अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड शाहजहांपुर सहित उपस्थित सभी जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने ताली बजाकर ध्वनिमत से पारित किया गया । इस प्रकार वीरेंद्र प्रताप सिंह सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड लखनऊ को उत्तर प्रदेश के जिला सहकारी बैंक का अध्यक्ष संघ का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया और जेके सक्सेना जिला सहकारी बैंक लिमिटेड बदायूं को महासचिव चुना गया ।बैठक के दौरान नवनिर्वाचित उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं महामंत्री जे के सक्सेना ने उत्तर प्रदेश से आए सभी सभापति एवं उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लखनऊ के सभापति जितेंद्र बहादुर सिंह का आभार प्रकट किया । इस अवसर पर अरुण सिंह उन्नाव, विष्णु कुमार मौर्य सीतापुर, विवेक विक्रम सिंह रायबरेली, विनीत मनार लखीमपुर खीरी, अशोक कुमार सिंह हरदोई , योगेंद्र प्रताप सिंह सुल्तानपुर, जितेंद्र कुमार त्रिपाठी बहराइच , जगदीश प्रसाद सिंह मिजार्पुर, विक्रम सिंह सिद्धार्थ नगर, शिवमोहन मौर्य कौशांबी, जयदेव पुरोहित झांसी, चक्रपाणि त्रिपाठी महोबा, निरंजन सिंह धनगर मथुरा, प्रत्येंद्र पाल सिंह एटा , विमल कुमार शर्मा मेरठ, जितेंद्र कुमार सक्सेना बदायूं , धर्मेंद्र प्रताप सिंह राठौर शाहजहांपुर उपस्थित रहे ।
इसके उपरांत समस्त सभापति जिला सहकारी बैंक उत्तर प्रदेश द्वारा सहकारिता मंत्री जे पी एस राठौर के कुशल नेतृत्व में उनके आवास पर मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव 2025 में मिली अभूतपूर्व जीत एवं सहकारिता उत्तर प्रदेश को देश में सर्वोच्च पहचान दिलाने व सांगठनिक कौशल से भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश को असंभव से लक्ष्य को संभव करने हेतु बधाई शुभकामना एवं अभिनंदन किया गया ।



**कार्यक्रम** — **मन की आंखों से देखते थे संगीत सम्राट पद्मश्री रविंद्र जैनरू प्रशांत सिंघल अवॉर्ड से सम्मानित हुई प्रतिभाएं**

# पद्मश्री रविंद्र जैन स्मृति सप्तरंग कार्यक्रम/ कृष्णांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** रामायण सीरियल से लेकर अनेकों फिल्मों में अपने कालजई संगीत और सुर से विख्यात संगीत सम्राट रहे पद्मश्री रविंद्र जैन की स्मृति आज भी हम लोगों के बीच जीवित है।जो मन की आंखों से देखकर देश दुनियां को प्रत्यक्ष संगीत से जोड़ते थे।उक्त विचार अलीगढ़ महोत्सव में बुधवार को कृष्णांजलि में आयोजित छठवें सप्तरंग कार्यक्रम में महापौर प्रशांत सिंघल ने व्यक्त किए।सप्तरंग कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ पूर्व एमएलसी जगवीर किशोर जैन, क्लब के संरक्षक जॉनी फॉस्टर, चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, डॉ राकेश सक्सैना आदि ने किया जबकि पद्मश्री रविंद्र जैन अवार्डों से प्रतिभाओं को महापौर प्रशांत सिंघल ने अन्य अतिथियों संग सम्मानित किया।कल्चरल क्लब के संस्थापक अध्यक्ष पंकज धीरज ने बताया कि अलीगढ़ में जन्मे पद्मश्री रविन्द्र जैन की यादों को संजो कर अलीगढ़ कल्चरल क्लब द्वारा हर वर्ष सप्तरंग कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में आकाशवाणी कलाकार ईशा गुप्ता,नौशाद मंजर, विशाल नारायण, नेहा,ग्रन्थ राठी,ज्योति सैनी, गौरांश, यश चैहान, आशी शर्मा आदि ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुतियां दीं। जिनमें हम कथा सुनाते श्री राम की...यराम तेरी गंगा मैली हो गई...नजर आती नहीं मंजिल मुझे ...प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली।वहीं , संगीत और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ख्यातिलब्ध कलाकारों को पद्मश्री रविन्द्र जैन अवॉर्ड से सम्मानित भी किया जाएगा। जिनमें मीनाक्षी नागपाल को लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड और एक्टर सुजैल खान (मुंबई) , गीतकार डॉ अवनीश राही,शरद गुप्ता, ईशा गुप्ता , चंद्रिका अग्रवाल और नौशाद मंजर को एप्रिसिएशन अवॉर्ड के अलावा आयुष सक्सैना, पारसमणी, अरुण तिवारी,अर्चना फौजदार,नदीम खान आदि को स्पेशल अवॉर्ड सेसम्मानित किया गया।इस दौरान प्रमुख रूप से प्रमोद गुप्ता, युवराज मणि जैन, डॉ विशाल जैन,यश मणि ,काजल धीरज,मीनू जैन, केतन, मुदित,युक्ति आदि परिवारी जनों के अलावा फिल्म निमार्ता भूपेंद्र सिंह,आचार्य अशोक वैदिक, एस एन शर्मा आदि ने आगामी हिंदी फीचर फिल्म मिशन ओवर के टीजर रिलीज का वहां शुभारंभ किया।




# सबिया के हत्यारो के खिलाफ की जाये कठोर कार्यवाहीः ठाकुर सोमवीर सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह के साथ महफूज नगर गली नंबर 8 घोस्ट वाली गली मैं आजाद खान पिताजी एव सैना बैगम माताजी का नाम इनकी एक पुत्री सबिया की शादी सलमान पुत्र असलम चूड़ी वाली गली के साथ हुई थी उसके एक बेटी है जिसका नाम इनाया काफी दिन से उसके पति ने छोड़ रखी थी 23 जनवरी को फोन आया था और साबिया को उसके पति ने निवाड़ी मोड की फैक्ट्री पर बुलाया मिलने पर परिवारी जनों ने बताया कि बुलाकर के उसमें आग लगा दी सर्फ फैक्ट्री में आग लगाने के बाद मेडिकल कॉलेज उसके पति ने ही भर्ती कराया 6 2 2024 को इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज से निकाल दिया गया हालत गंभीर थी उसके बाद प्राइवेट अस्पताल हड्डी गोदाम के पास संजय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया वही 6 तारीख को सुबह 5 बजे मृतका ने दम तोड़ दिया यह जानकारी सबिया के पिता आजाद खान एवं उनकी माताजी साइना बेगम ने दी शासन प्रशासन से अनुरोध है निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करने की जिला कांग्रेस कमेटी के तरफ से एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की तरफ से मांग की जाती है कि बिटिया को न्याय दिलाया जाए।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267